You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-10 | गुरुवार, 06 फरवरी 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12


जल हमारे जीवन का आधार है, तो वहीं मिट्टी हमारा अस्तित्व है। जल और मिट्टी दोनों ठीक दशा में न रहें, तो जिंदगी की दशा क्या होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दूरदर्शी हैं, वो आने वाले 100 साल की सोचते हैं।



शिवराज सिंह चौहान


मोदी ने आगा खान के निधन पर शोक जताया 11

महाकुम्भ मेला क्षेत्र में कई देशों के बौद्ध भिक्षुओं ने निकाली शोभायात्रा 12


# आस्था की डुबकी लगाकर मोदी ने दिया एकता का संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता


महाकुम्भ नगरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को प्रयागराज महाकुम्भ में मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती की त्रिवेणी के पावन संगम में पुण्य की डुबकी लगाकर पूरी दुनिया को एकता का संदेश दिया। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच प्रधानमंत्री मोदी ने पूरी आस्था और श्रद्धा के साथ त्रिवेणी संगम में स्नान किया। पावन डुबकी लगाने से पहले प्रधानमंत्री ने भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया। इस दौरान वह रुद्राक्ष की माला का जप करते भी नजर आए। मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती की अराधना करते हुए उन्होंने पावन डुबकी लगाई। डुबकी लगाने के बाद उन्होंने गंगा पूजन और आरती भी की। इससे पूर्व प्रधानमंत्री के प्रयागराज आगमन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया।

त्रिवेणी संगम पर डुबकी लगाने से पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विधिवत पूजा अर्चना की। संगम में उतरने से पहले पीएम

**आस्था**

- वैदिक मंत्रोच्चारण और श्लोकों के बीच पीएम मोदी ने लगाई पावन डुबकी
- भगवान सूर्य को दिया अर्घ्य, की मां गंगा, यमुना और सरस्वती की अराधना
- संगम में अर्पित किया अक्षत, नैवेद्य, पुष्प, फल और लाल चुनरी, आरती भी उतारी
- पीएम मोदी की मौजूदगी में भी संगम घाटों पर चलता रहा श्रद्धालुओं का स्नान

ने सबसे पहले आस्था के साथ जल को स्पर्श कर आशीर्वाद लिया और फिर सूर्य को अर्घ्य दिया और तर्पण भी किया। संगम स्नान के बाद उन्होंने पूरे विधि विधान से पूजन अर्चन भी किया। काले कुर्ते और भगवा पटके व हिमांचली टोपी पहने पीएम मोदी ने वैदिक मंत्रों और श्लोकों के बीच संगम त्रिवेणी में अक्षत, नैवेद्य, पुष्प, फल और लाल चुनरी अर्पित की। इसके बाद उन्होंने संगम स्थल पर तीनों पावन नदियों



की आरती भी उतारी। वहा मौजूद तीर्थ पुरोहित ने उनका टीका लगाकर अभिनंदन किया। पूजन अर्चन के बाद पीएम मोदी, मुख्यमंत्री के साथ उसी बोट पर बैठकर वापस हैलीपैड की ओर रवाना हो गए।

महाकुम्भ में जहां दुनिया भर के श्रद्धालुओं का समागम हो रहा है, वहां

''महाकुंभ में पवित्र संगम में स्नान के बाद पूजा-अर्चना का परम सौभाग्य मिला। मां गंगा का आशीर्वाद पाकर मन को असीम शांति और संतोष मिला है। प्रधानमंत्री ने देशवासियों के लिए सुख-समृद्धि, आरोग्य और कल्याण की कामना की। महाकुंभ आस्था, भक्ति और अध्यात्म का संगम हर किसी को अभिभूत कर रहा है।'' **नरेंद्र मोदी**

प्रधानमंत्री ने पावन डुबकी के माध्यम से पूरी दुनिया को एक भारत श्रेष्ठ भारत और वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश दिया। बुधवार को पीएम मोदी का संगम स्नान बहुत महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक क्षण रहा। इस दौरान विशिष्ट योग का भी संयोग रहा। दरअसल, बुधवार का दिन विशेष था, क्योंकि हिंदू पंचांग के अनुसार इस समय गुप्त नवरात्रि चल रही है और बुधवार को भीष्माष्टमी भी थी। गुप्त नवरात्रि पर जहां देवी पूजन किया जाता है तो वहीं, भीष्माष्टमी पर श्रद्धालु अपने पुरखों का तर्पण और श्राद्ध भी करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुबह प्रयागराज एयरपोर्ट पहुंचे, जहां से वह एमआई 17 हेलिकॉप्टर में बैठकर डीपीएस हेलिपैड पहुंचे। यहां पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत और अभिनंदन किया। यहां से प्रधानमंत्री अरैल घाट पहुंचे, जहां से विशेष बोट पर सवार होकर उन्होंने त्रिवेणी संगम का रुख किया। बोट पर उनके साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। इस दौरान प्रधानमंत्री महाकुम्भ में की गई व्यवस्थाओं और श्रद्धालुओं को दी जा रही सुविधाओं के विषय में सीएम योगी से जानकारी लेते हुए भी दिखाई दिए। बोट से भ्रमण के दौरान पीएम ने त्रिवेणी संगम में मौजूद श्रद्धालुओं का भी अभिवादन स्वीकार किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब त्रिवेणी संगम पहुंचे तब आम श्रद्धालु भी संगम स्नान कर रहे थे। पीएम मोदी के आगमन के बावजूद लोगों को स्नान करने से रोका नहीं गया था। वीवीआईपी मूवमेंट के बाद भी कहीं कोई गतिरोध उत्पन्न नहीं हुआ और एक तरह से पीएम मोदी और अन्य श्रद्धालुओं ने एक साथ ही त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगाई। इससे श्रद्धालु भी प्रसन्न नजर आए और संगम तट पर लाखों लोगों की मौजूदगी में हर हर गंगे और मोदी-मोदी के जयकारे गुंजायमान होते रहे। उल्लेखनीय है कि 13 जनवरी से प्रारंभ हुए महाकुम्भ में अब तक वीवीआईपी मूवमेंट के बावजूद श्रद्धालुओं को संगम स्नान में कहीं कोई दिक्कत नहीं आ रही है। इसी का नतीजा है कि मात्र 24 दिनों में अब तक 39 करोड़ श्रद्धालु संगम में पावन डुबकी लगा चुके हैं। इससे पूर्व पीएम मोदी ने महाकुम्भ की शुरुआत से एक माह पूर्व 13 दिसंबर को प्रयागराज का दौरा किया था और 5500 करोड़ रुपए की 167 परियोजनाओं की सौगात दी थी। इसमें यात्री सुविधाओं के लिए रेलवे स्टेशनों के अपग्रेडेशन और डेवलपमेंट के साथ-साथ आरओबी फ्लाईओवर, सड़कों का चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण और सौंदर्यीकरण की प्रमुख ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमितीकरण का आदेश

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने स्थायी लाभ देने से बचने के लिए दैनिक वेतन अनुबंध पर श्रमिकों को काम पर रखने की प्रथा की कड़ी आलोचना की है और पुष्टि की है कि स्वीकृत पदों पर लंबे समय से कार्यरत अस्थायी कर्मचारियों को नियुक्तियाँ केवल उनके प्रारंभिक अस्थायी होने के कारण नियमित रोजगार से वंचित नहीं किया जा सकता है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वराले की पीठ 1998 से 1999 तक गाजियाबाद नगर निगम के बागवानी विभाग द्वारा नियोजित मालियों की अपील पर सुनवाई कर रही थी। श्रमिकों ने आरोप लगाया कि वर्षों की लगातार सेवा के बावजूद उन्हें नियुक्ति पत्र, न्यूनतम वेतन, वैधानिक लाभ और नौकरी की सुरक्षा से वंचित किया गया। 2005 में, उनकी सेवाएं बिना किसी नोटिस या मुआवजे के अचानक समाप्त कर दी गईं। कोर्ट ने हाई कोर्ट के उस फैसले को रद्द कर दिया, जिसने केवल उन्हें दैनिक वेतन पर दोबारा काम पर रखने की इजाजत दी थी।

### रोजगार के लिए लीबिया गए 18 भारतीय स्वदेश लौटे

**नयी दिल्ली।** लीबिया के बेन्गाज़ी में रोजगार के लिए गए 18 भारतीय नागरिक भारतीय दूतावास की मदद से आज स्वदेश लौट आए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 'एक्स'पर एक पोस्ट में जानकारी दी थी कि लीबिया में भारतीय दूतावास ने लीबिया के बेन्गाज़ी से 18 भारतीय नागरिकों की वापसी की सुविधा प्रदान की है और वे बुधवार को भारत पहुंचेंगे। श्री जायसवाल ने कहा कि ये भारतीय लीबिया में रोजगार के लिए गए थे और कई हफ्तों से फंसे हुए थे। दूतावास ने स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर काम किया और आवश्यक प्राधिकार और यात्रा दस्तावेज उपलब्ध कराने में भारतीय श्रमिकों की सहायता की। उन्होंने कहा कि जबकि उनके मामले को देखा जा रहा था, दूतावास उनकी भलाई सुनिश्चित करने के लिए उनके साथ लगातार संपर्क में रहा और रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने में उनकी सहायता की। इसी समूह के तीन अन्य भारतीय नागरिक दूतावास की सहायता से पिछले अक्टूबर में भारत लौटे थे। भारतीय दूतावास ने लीबिया के अधिकारियों को उनके समर्थन और सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### श्रीराम मंदिर के मुख्य पुजारी सत्येन्द्र दास की सेहत में सुधार

**लखनऊ।** अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास की तबीयत में सुधार हुआ है। बुधवार को मुख्य पुजारी के कराए गए सिटी स्कैन में पहले वाले की तुलना में कोई बदलाव नहीं है। डॉक्टरों का कहना है कि स्थिति में गिरावट नहीं है। अच्छी बात है कि उनकी सेहत स्थिर बनी हुई है। पीजीआई के न्यूरोलॉजी आईसीयू में भर्ती मुख्य पुजारी का इलाज विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में चल रहा है।

# दिल्ली में भाजपा को बहुमत के आसार!

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए मतदान समाप्त होने के बाद विभिन्न मतदान पश्चात सर्वेक्षणों (एग्ज़िट पोल) में से अधिकांश में आम आदमी पार्टी (आप) सत्ता से बाहर होती और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार बनाती दिख रही है।

विभिन्न चैनलों पर जारी एग्ज़िट पोल में पांच में भाजपा और दो में आप को सरकार बनाते दिखाया गया है। पोल डायरी के अनुसार आप को 18-25, भाजपा को 42-50, कांग्रेस को 00-02 और अन्य को 01 सीट मिलने की संभावना है। मैट्रिज़ के मुताबिक आप को 32-37, भाजपा को 35-40 और कांग्रेस को 00-01 सीट, चाणक्य स्ट्रैटिजीज़ के हिसाब से आप को 25-28, भाजपा को 39-44 और कांग्रेस को 02-03 सीटें, पीपुल्स इन्साइट के अनुसार आप को 25-29, भाजपा को 40-44 और कांग्रेस को 00-01 सीट तथा पी-मार्क के अनुसार आप को 21-31 भाजपा को 39-49 कांग्रेस को 00-01 सीटें मिल सकतीं हैं। वहीं वीप्रिसाइड के हिसाब से आप को 46-52, भाजपा को 18-23 और कांग्रेस को 00-01 सीट तथा माइंड ब्रिंक के मुताबिक आप को 44-49, भाजपा को 21-25 और कांग्रेस 00-01 सीट मिलने की उम्मीद है। मैट्रिज के एग्जिट पोल के मुताबिक, आप को 32-37 सीटें मिल सकती हैं। वहीं भाजपा को 35-40 सीट मिल सकती हैं। उधर कांग्रेस को 0-1 सीट मिलने की संभावना जताई गई है। जेवीसी के एग्जिट पोल के मुताबिक, आप को 22 से 31 सीटें मिलती दिखाई गई हैं। भाजपा को 39-45 सीटें और कांग्रेस को 0-2 सीटें मिल सकती हैं। यानी भाजपा अपने दम पर बहुमत हासिल कर सकती है। चाणक्य के एग्जिट पोल के मुताबिक, भाजपा को 39 से 44 सीटें मिल सकती हैं। यानी भाजपा खुद बहुमत हासिल कर सकती है। वहीं आप को 25-28 सीटें मिलने की संभावना है। कांग्रेस को 2-3 सीटें मिलने की संभावना है। पीपल्स पल्स के एग्जिट पोल में आम आदमी पार्टी महज 10 से 19 सीटों पर सिमटती दिख रही है। वहीं, भाजपा 51-60 सीटों का बंपर आंकड़ा छू सकती है। इस सर्वे में कांग्रेस का खाता भी नहीं खुलता दिख रहा। पीपल्स इनसाइट के मुताबिक, भाजपा को 40 से 44 सीटें मिल सकती हैं। आप को 25-29 सीटें मिलने की संभावना है। कांग्रेस को इसमें 0-1 सीट का आंकड़ा दर्शाया गया है। पोल डायरी के मुताबिक, भाजपा को 42-50 सीटों के साथ पूर्ण बहुमत मिल सकता है। आप का आंकड़ा गिरकर 18-25 सीटों पर आ सकता है। कांग्रेस को यहां 0-2 सीटें मिलने की संभावना ● शेष पेज 11 पर

## दिल्ली में औसतन 57.86 प्रतिशत मतदान

नयी दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के लिए मतदान की समाप्ति तक औसतन 57.86 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।



राष्ट्रीय राजधानी में सुबह से कुल मिलाकर मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर, केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, भाजपा दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, मुख्यमंत्री आतिशी और उनके पूर्ववर्ती अरविंद केजरीवाल ने आज ईवीएम का बटन दबाया। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी वोट डाले। चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू, थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी, दिल्ली के मुख्य चुनाव अधिकारी विजय देव और दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय ● शेष पेज 11 पर

# अमेरिका ने 104 भारतीयों को जबरन भारत भेजा

एजेंसी

अमृतसर। अमेरिकी सैन्य विमान सी-17 निर्वासित अवैध भारतीय प्रवासियों के पहले जत्थे के तौर पर को 104 भारतीयों को लेकर बुधवार को अमृतसर के श्री गुरु रामदास जी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दोपहर बाद 1.55 बजे उतरा।

सूत्रों ने बताया कि निर्वासितों में से 30 लोग पंजाब से हैं, 33-33 हरियाणा और गुजरात से, तीन-तीन महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश से और दो चंडीगढ़ से हैं। प्रारंभिक पूछताछ और सत्यापन के बाद, प्रशासन ने उन्हें पंजाब और हरियाणा में उनके निवास स्थान पर वापस भेजने की व्यवस्था की है।

श्री डोनाल्ड ट्रम्प के अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में पदभार ग्रहण करने के बाद, वहां की कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने अवैध प्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। अवैध तरीकों से अमेरिका में प्रवेश करने वालों पर कार्रवाई करने के आदेश देने के बाद यह अवैध भारतीय प्रवासियों का पहला जत्था है, जिसे निर्वासित किया जा गया है। पंजाब के कई लोग, जो लाखों रुपये खर्च करके 'डोंकी मार्गों' या अन्य अवैध तरीकों से अमेरिका में प्रवेश कर गये थे, वे अब निर्वासन का सामना कर रहे हैं। विमान से लाये गये 80 प्रतिशत अवैध प्रवासी 20 और 30 वर्ष की उम्र के हैं, जबकि 12 लोग 16 वर्ष से कम उम्र के हैं, जिनमें चार ● शेष पेज 11 पर



पंजाब के 30, हरियाणा-गुजरात के 33-33 लोग, अमेरिकी सैन्य विमान इन्हें लेकर अमृतसर पहुंचा

## भगदड़ से नहीं, हार्ट अटैक से हुई थी पुलिस अधिकारी की मौत

प्रयागराज। मौनी अमावस्या के मौके पर महाकुंभ में मची भगदड़ में एक पुलिस अधिकारी की मृत्यु होने की सूचना का खंडन बुधवार को प्रयागराज पुलिस ने किया है। पुलिस ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिये कहा कि कुछ सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर यह भ्रामक कथन प्रचारित किया जा रहा है कि कुंभ मेला क्षेत्र में भगदड़ के कारण घायल होने से उपनिरीक्षक अंजनी कुमार राय की मृत्यु हो गई थी। इस संदर्भ में अवगत कराना है कि श्री राय की ड्यूटी भीड़ के दबाव वाले स्थान पर नहीं थी। उन्होने कहा 30 जनवरी को ड्यूटी के दौरान इनकी अचानक तबीयत ● शेष पेज 11 पर

# अयोध्या के मिल्कीपुर में 65.25 प्रतिशत मतदान

एजेंसी

अयोध्या। अयोध्या के मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में कड़े सुरक्षा बंदोबस्त के बीच 62.25 प्रतिशत लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। मतदान का प्रतिशत बढ़ने की संभावना है क्योंकि कतार में लगे लोग अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे थे।

निर्वाचन आयोग के अनुसार मिल्कीपुर (सु) विधानसभा क्षेत्र में मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया है और कहीं से भी



किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। मतदान निष्पक्ष और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराया गया। इस बीच सपा ने मतदान में धांधली का आरोप लगाया है। पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि अयोध्या की ● शेष पेज 11 पर

# उदारवादी पश्चिमी विचारों से खतरा : होसबाले

एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महासचिव दत्तात्रेय होसबाले ने बुधवार को कहा कि देश में अलग-अलग तरीकों से पश्चिमी उदारवादी विचारों का प्रभाव बढ़ रहा है। इससे देश की सांस्कृतिक पहचान को खतरा पैदा हो रहा है। उन्होंने लोगों से जागरूक होकर इस खतरे को रोकने की अपील की।

उन्होंने कहा कि मैं बहुत गंभीर बात कह रहा हूं। एक बार नई जेनरेशन के दिमाग में पश्चिमी विचारधारा घर कर गया, तो वो जेनरेशन बर्बाद हो जाएगी। हमारी सांस्कृतिक पहचान खत्म हो जाएगी। यह बहुत ही गंभीर बात है जिसे लेकर हमें सचेत रहने की जरूरत है। हमें ये भी देखना होगा कि इन्हें यहीं रोक दिया जाए। दत्तात्रेय होसबाले ने ये बातें 'हू इज रेजिंग यॉर चिल्ड्रनः ब्रेकिंग इंडिया विद यूथ वॉरियर्स' किताब के लॉन्च पर कहीं। इस



- दिमाग में ये घर कर गए तो नई पीढ़ी बर्बाद हो सकती हैं

किताब को राजीव मल्होत्रा और विजया विश्वनाथन ने लिखा है। होसबाले ने कहा कि 'वोकिज्म' अब कई तरीकों से हमारे समाज में प्रवेश कर चुका है। उन्होंने कहा कि यह गुलाम बनाने की नई रणनीति है, जिसके तहत लिबरेलाइजेशन और ग्लोबलाइजेशन के नाम पर सभी सांस्कृतिक पहचान और सभ्यताओं को एक जैसे रंग में रंगने और एक ही ढांचे में बांधने की कोशिश की जा रही है। होसबाले ने कहा कि देश की सामाजिक और सांस्कृतिक सीमाएं अब कमजोर हो रही हैं। हमारी सीमाओं की सुरक्षा के लिए सेना है, लेकिन हमें अपनी सांस्कृतिक सीमाओं को भी सुरक्षित रखना होगा। अगर इसमें सेंध लगी, तो यह बहुत बड़ा संकट खड़ा कर सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय समाज हमेशा दूसरी संस्कृतियों और विचारों के प्रति खुला रहा है। लेकिन जो भी नया विचार आ रहा है, वह अच्छा है या नहीं, यह सवाल पर ध्यान देने की जरूरत है। होसबाले ने इस किताब में उठाए गए सवालों पर कहा कि शिक्षा के पश्चिमी मॉडल और सेक्शुअलिटी से जुड़े आइडिया को अपनाना चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि यह ध्यान देने की बात है कि जो चीजें हमारे घरों, स्कूलों और नई पीढ़ियों के दिमाग में घर बना रही हैं, वे कितनी अच्छी हैं, मूल्यों से जुड़ी हैं, सभ्यता के मुताबिक हैं और सांस्कृतिक रूप से मजबूत हैं।

# सुरक्षा एजेंसी घुसपैठ पर अंकुश लगा कर आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर में सभी सुरक्षा एजेंसियों को घुसपैठ पर पूरी तरह अंकुश लगाने का लक्ष्य रखकर आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को आगे बढ़ाने का बुधवार को निर्देश दिया।

श्री शाह ने आज यहां जम्मू और कश्मीर की सुरक्षा स्थिति पर एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कल भी जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा स्थिति पर एक महत्तवपूर्ण समीक्षा बैठक की थी जिसमें थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, और केन्द्रीय गृह सचिव सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया था। बैठक को संबोधित करते हुए केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार, जम्मू और कश्मीर से आतंकवाद को पूरी तरह समाप्त करने के प्रति कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के निरंतर और समन्वित प्रयासों के



कारण जम्मू और कश्मीर में आतंकवाद का इकोसिस्टम काफी कमजोर हो गया है। गृह मंत्री ने सभी सुरक्षा एजेंसियों को जीरो इंफिल्ट्रेशन का लक्ष्य रखकर आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को आगे बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी सुरक्षा एजेंसियां घुसपैठ और आतंकवाद पर बेहद सख्ती के साथ और कठोर कार्रवाई करें। उन्होंने कहा, आतंकवादियों के अस्तित्व को जड़ से खत्म करना हमारा लक्ष्य होना चाहिए। श्री शाह ने कहा कि नार्को नेटवर्क से घुसपैठ और आतंकियों को अपनी गतिविधियां चलाने में समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि नार्कोटिक्स के व्यापार से प्राप्त पैसे से हो रही टेरर फंडिंग के खिलाफ तत्परता से कार्रवाई करने की ज़रूरत है। श्री शाह ने एजेंसियों से नए आपराधिक कानूनों के मद्देनज़र फ़ोरेंसिक साइंस लैबोरेटरी के पदों में नई नियुक्तियां करने का निर्देश दिया। उन्होंने आतंकवाद-मुक्त जम्मू और कश्मीर के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आतंकवाद के खिलाफ ज़ीरो टॉलरेंस की मोदी सरकार की नीति पर बल दिया। उन्होंने सभी सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क रहने और जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को खत्म करने के लिए तालमेल के साथ काम करना जारी रखने का निर्देश दिया। गृह मंत्री ने जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा परिदृश्य के सभी मानकों में महत्वपूर्ण सुधार के लिए सुरक्षा एजेंसियों के प्रयासों की सराहना की। बैठक में जम्मू और कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, केन्द्रीय गृह ● शेष पेज 11 पर

# बसपा की कैडर बैठकों से बहुजन समाज पुन: हो रहा है संगठित

❒ मायावती को मुख्यमंत्री बना सकता है बसपा की सेक्टर स्तरीय कैडर बैठके

कैनविज टाइम्स संवाददाता




प्रयागराज। डा. अम्बेडकर वेलफ़ेयर नेटवर्क (डान)के तत्वाधान में विगत पहली फरवरी से संविधान के सम्मान में निकाली जा रही एक पचहत्तर दिवसीय संविधान पदयात्रा का पांचवा दिन यमुनापार की तहसील करछना के विकासखंड करछना स्थित ग्रामसभा भुण्डा भुवालपुर में संविधान पदयात्रा निकल गई। बसपा के बारे में पूछे जाने पर डान संस्थापक आईपी रामबृज ने बताया कि बहुजन समाज पार्टी के मंडल, जिला और सेक्टर बूथ के पदाधिकारी बहनजी के निर्देशानुसार विधानसभा के प्रत्येक सेक्टर बूथ पर सेक्टर स्तरीय कैडर बैठको का आयोजन कर रहे है। पूर्व बसपा मण्डल सेक्टर प्रभारी आईपी रामबृज ने आगे बताया कि आगामी विधानसभा आम चुनाव 2027 को दृष्टिगत रखते हुए बहनजी द्वारा दिए गए निर्देशों को बताकर सेक्टर बूथ मजबूत करना है। रामबृज ने आगे बताया कि बहुजन समाज पार्टी किसी गमले का उगा हुआ पौधा नहीं है कि पानी देना बन्द कर देने मात्र से वो सूख जाएगा बल्कि बसपा वो वटवृक्ष है जिसकी एक टहनी काटने मात्र से सैकड़ों टहनियां खुद ब खुद अपने आप निकल आयेंगी। राजनीति सत्ता के लिये होती है और सत्ता विना संघर्ष के नहीं मिलती। बहुजन समाज के नालायक समाज मे लायकी पैदा करने के लिये मान्यवर साहब ने कैडर चलाया था। सेक्टर स्तरीय छोटी छोटी कैडर बैठको द्वारा कोशिश इसलिये की जा रही है ताकि बहुजन समाज अपनी नालायकी दूर कर वोटों की ताकत से सत्ता पर कब्जा कर अपनी एकमात्र नेता बहन मायावती को विधान सभा- 2027 के चुनाव में ज्यादा से ज्यादा विधान सभा के प्रत्याशियों को जिताकर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाना है। संविधान पद यात्रा में श्रृंखला, सुलोचना, कीर्तन देवी, ललिता, सुनीता, कांति,ममता, वंदना, सुनीता, शांति, केलपति, कलावती, फूलकली, रीना, कमला, उर्मिला, वंदना, सीता, कुसुम रज्जो के साथ सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# पहले कमीशन,स्वीकृति और निर्माण कार्य बाद में

❒ सबसे अंतिम में बचा खुचा प्रधान का अन्यथा बदनामी लगती है गले

कैनविज टाइम्स संवाददाता




कोरांव प्रयागराज। क्षेत्रीय व ग्राम प्रधानों का आरोप है की विकास खंड कोरांव में इन दिनों मनमानी का खेल बदस्तूर जारी है। गांव का विकास हो या न हो विकास के लिए निर्माण कार्य यदि ग्राम पंचायतों को करना कराना है तो पहले मनरेगा अधिकारी को चढ़ोत्तरी पहले नकदी कीजिए तभी कार्य की आईडी बनेगी वरना नहीं बनेगी। अधिकारी बैठे बिठाए कार्य योजना का प्रस्ताव यदि ग्राम पंचायतों ने दिया तो पहले प्रोजेक्ट ऑफिसर को देने होंगे, उधार नहीं नकद काम चाहे तीन माह बाद ही क्यों पूर्ण हो। चर्चा है और नियंत्ह ग्राम पंचायतों को विकास कराना प्रस्ताव बनाना तथा प्रोजेक्ट तैयार करने का अधिकार है किंतु अधिकारियों ने इतना सिस्टम बना दिया है कि बिना सिस्टम कार्य नहीं करा सकते। पंचायतों के अधिकारों का हनन ब्लॉक के अधिकारी करते हैं। मनरेगा से यदि कार्य पक्का कराना है तो प्रोजेक्ट मैनेजर ऑफ मनरेगा अथवा बीडीओ को निर्माण कार्य शुरू करने के पूर्व नारियल फोड़ने भूमि पूजन और अगर बत्ती धूप से पहले प्रोजेक्ट अफसर यानी खंड विकास अधिकारी को बजरिए मनरेगा कार्यालय के बाबू लिपिक आदि के पास ग्राम के प्रधान या सप्लायर के द्वारा पहुंचना अनिवार्य होगा। ग्राम प्रधानों,सचिवों के लिए एक समस्या और है कि क्या निर्माण कार्य के बाद सुविधा शुल्क नहीं ले सकते अधिकारी। बोहनी पहले सरकार द्वारा प्राप्त करने वाला वेतन भोगी अधिकारी कर्मचारी अभियंताओं को ही पहले क्यों। और सबसे अहम बात यह कि ग्रामपंचायतों को बीडीओ कच्चे कार्यों का रेशियों देख कर पक्के कार्य का निर्माण और वित्तीय कार्यों की स्वीकृति क्यों दी जाती है। यदि रेडियो देख कर कार्य की स्वीकृतियां दी जानी है तो कमीशन किस बात का।? क्योंकि सुविधा शुल्क तभी कोई देगा जब आप गांव सभा का रेशियों से अलग हट कर अनुमति देंगे तभी तो ही सुविधा शुल्क या कमिशन का हक स्वाभाविक है। वरना अनुचित और असंवैधानिक और अविधिक कृत्य है। आम ग्राम प्रधानों ने उक्त विषय में मुख्य विकास अधिकारी और जिलाधिकारी से भी प्रधान आदि पुछना चाहते हैं। कहीं तो जन प्रतिनिधि और विकास अधिकारी भी यदि किसी प्रधान की मांग पर किसी निर्माण कार्य की मनरेगा से स्वीकृति देने को बीडीओ आदि अधिकारी को निर्देशित किया गया हो तो वह भी अधिकारी दबा देते हैं। जिससे ग्राम पंचायतें जन सुविधाओं की समस्याएं नहीं दूर कर पा रही हैं। ग्रामीण भी आक्रोशित दिखते हैं। फिलहाल यदि कोरांव ब्लॉक में सुस्त विकास गति के साथ साथ चालू हुए निर्माण कार्यों को स्थल पर जा कर देखें तो उक्त कार्य योजनाओं के शुरू होने के पूर्व लंबी रकम मनरेगा अधिकारी को प्रस्तुत करा दी जाती है। ग्राम प्रधान किसी तरह से उधार बाड़ी के जरिए धीरे धीरे कार्य को पूर्ण कराने में लगे हैं कि जल्द पूर्ण कर दूसरी प्रोजेक्ट की शुरुआत कराई जाय। इस तरह के कमीशनो की जांच यदि डीएम या सीडीओ करा लें तो सच्चाई सामने आ जाएगी।

# नेत्र कुम्भ रिकार्ड बनाने की ओर अग्रसर : डॉ प्रवीण रेड्डी

❒ 7926 को मोतियाबिंद, 68460 को चश्मा वितरित-- 670 लोगों ने जमा किया नेत्रदान प्रतिज्ञा प्रपत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महाकुम्भ नगर। महाकुम्भ में नेत्र कुम्भ का शिविर लगे एक माह हो गये। जिसमें अब तक एक लाख चार हजार लोगों के आंखों की जांच हुई है। यह नेत्र चिकित्सा सेवा में एक रिकार्ड है। इस उपलब्धि से सामाजिक संस्था सक्षम के कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। नेत्र कुम्भ के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर प्रवीण कुमार रेड्डी ने बताया कि हम तेजी से रिकार्ड बनाने की ओर अग्रसर हैं। डॉ. रेड्डी ने बताया कि यहां देश के जाने माने नेत्र रोग चिकित्सा विशेषज्ञ अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वे लोग प्रतिदिन हजारों नेत्र रोगियों का इलाज कर रहे हैं। जरूरतमंदों को निःशुल्क चश्मा भी दिया जा रहा है। हमारी मेडिकल टीम प्रचार वाहन से प्रयागराज और आस पास के इलाकों में लोगों को जागरूक भी कर रही है। चार फरवरी तक एक लाख चार हजार लोगों के आंखों की जांच की गयी है। इनमें 7926 लोगों को मोतियाबिंद की शिकायत है। उनका आपरेशन किया जायेगा। वहीं अब तक 68,460 लोगों को निःशुल्क चश्मा दिया जा चुका है। नेत्र कुम्भ के चिकित्सा निर्देशक एवं वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर एसपी सिंह ने बताया कि सबसे बड़ी उपलब्धि यह है अब तक 647 लोगों ने नेत्रदान के लिए प्रतिज्ञा प्रपत्र जमा किया है। इसमें देश के तमाम प्रदेशों के सभी आयु वर्ग के लोग शामिल हैं। इसमें छात्रों एवं युवाओं की संख्या सबसे अधिक है। इससे जिन्दगी के बाद भी लोग अपनी आंखों से दुनिया देख सकेंगे। उन्होंने बताया कि रिकार्ड के लिहाज से नेत्र कुम्भ की अब तक की यह सबसे बड़ी उपलब्धि है। नेत्र कुम्भ की मीडिया कोआर्डिनेटर डॉ. कीर्तिका अग्रवाल ने बताया कि कुम्भनगर के सेक्टर 6 स्थित बजरंगदास मार्ग पर नेत्र कुम्भ का संचालन बीते 5 जनवरी से किया जा रहा है। नेत्र कुम्भ में पांच लाख लोगों के आंखों की जांच का लक्ष्य रखा गया था। इसके साथ ही तीन लाख निःशुल्क चश्मा वितरण का भी संकल्प लिया गया था। नेत्र कुम्भ शिविर का संचालन महाशिवरात्रि 26 फरवरी तक किया जायेगा।

# दीवानी न्यायालय के स्थापना में हो रहे विलम्ब को लेकर अधिवक्ताओं में आक्रोश

❒ माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार से दीवानी न्यायालय के स्थापना कराएं जानें की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव प्रयागराज। तहसील कोरांव जनपद प्रयागराज से 80 किमी की दूरी पर स्थित है, जहां से मध्यप्रदेश की सीमा संलग्न है। तहसील कोरांव का आखिरी गांव हंडिया मानपुर है, जहां से मध्यप्रदेश की सीमा प्रारम्भ होती है। वहीं दूसरी ओर राजपूर जो मिर्ज़ापुर से सटा हुआ है। इस प्रकार देखा जाय तो प्रयागराज में मुकदमा देखने के लिए 120 से 140 किलोमीटर का सफर वाद कारियों को पूरा करना पड़ता है।जिसको देखते हुए माननीय हाईकोर्ट ने वादकारियों को सुगम व सरल न्याय प्रदान करने के लिए जनपद प्रयागराज में हंडिया व कोरांव में दिवानी न्यायालय स्थापित करने का निर्णय लिया,जिसका परिणाम रहा कि हंडिया में न्यायालय सुचारु रूप से न्यायिक कार्य प्रारम्भ हो गया।वहीं पांच वर्ष बीत जाने के वावजूद भी कोरांव में दिवानी न्यायालय की स्थापना नहीं हो सकीं जबकि कोरांव में दिवानी न्यायालय हेतु जमीन भी अधिग्रहण किया जा चुका है, फिर भी निर्माण कार्य अधर में ही लटक कर दम तोड़ रहा है।जिसका खामियाजा वादकारियों को भुगतना पड़ रहा है आएं दिन न्याय की आश लेकर जाते जरूर है। पर उन्हें तारिख से ही सन्तोष का सामना करना पड़ रहा है।जिसको लेकर वादकारियों ने माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नाथ का ध्यान आकृष्ट कराते हुए तहसील कोरांव में दिवानी न्यायालय की स्थापना कराएं जानें की मांग की है। साथ ही ग्राम न्यायालय का भवन बनकर महीनो सें तैयार है लेकीन आज तक ग्राम न्यायालय का काम शुरू नही हुआ इस सम्बन्ध में वरिष्ठ अधिवक्ता बाल गोविन्द पाण्डेय का कहना है कि माननीय हाईकोर्ट के आदेश का पालन नहीं होने के चलते वादकारियों को कठिनाईयों का सामना जहां करना पड़ रहा है, वहीं समय पर न्याय नहीं मिल पा रहा है। अधिवक्ता यादवेंद्र अहीर का कहना है कि जनपद न्यायालय की दूरी ज्यादा होने के कारण के कारण वादकारियों को न्याय नहीं मिल पा रहा है। वरिष्ठ अधिवक्ता इन्देश पाण्डेय जी का कहना कि दिवानी न्यायालय को जमीन एलाट होने के वावजूद लगातार हो रहे विलम्ब से वादकारियों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। माननीय मुख्यमंत्री जी को संज्ञान लेना चाहिए। वहीं पूर्व आय ब्ययनिरीक्षक श्यामा कान्त त्रिपाठी का कहना है कि जनपद की कोरांव से दूरी के चलते वादकारियों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है, माननीय मुख्यमंत्री जी से आग्रह है कि जनहित में निर्णय लें जिससे आम नागरिको को समय से न्याय मिल सके।

# निरंजनी अखाड़े में साध्वी सत्यप्रिया गिरि को बनाया गया महामंडलेश्वर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुम्भ नगर। प्रयागराज महाकुम्भ में निरंजनी अखाड़े की छावनी में बुधवार को वैदिक मंत्रों के साथ साध्वी सत्यप्रिया गिरि को महामंडलेश्वर बनाया गया। सत्यप्रिया गिरि उत्तर प्रदेश के मथुरा वृंदावन वात्सल्य परम शक्ति पीठ की संत है। आनन्द पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी बालका नन्द गिरि की अध्यक्षता में उनका विधि विधान से पट्टाभिषेक किया गया। इस अवसर पर आनन्द पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी बालका नन्द गिरि महाराज ने कहा की संतों की वाणी जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं पर गहरे विचार और उपदेश देने का एक माध्यम होता है। अखाड़े की परम्परा का निष्ठा का निर्वाहन करेंगे स्वामी सत्यप्रिया गिरिअखिल भारतीय अखाडा परिषद एवं माँ मनसा देवी मन्दिर ट्रस्ट अध्यक्ष श्री महंत रविन्द्र पुरी महाराज ने अपने सम्बोधन मे कहा की गुरुजन अपने शिष्यों कों सत्य के मार्ग पर चलने के लिए अग्रसर करते हैं जिससे सनातन परम्पराओ कों आगे बढ़या जा सके उन्होंने कहा की हम आशा करते हैं की नव न्यूक्त महामंडलेश्वर स्वामी सत्यप्रिया गिरि भी अखाड़ों की परम्परा का निर्वाह करते हुए उसी मार्ग पर चलेंगी जिन आदर्शो पर संत महापुरुष चलते हैं। महामंडलेश्वर स्वामी प्रेमानन्द पुरी ने कहा कि संत सनातन धर्म के सच्चे हितेशी होते हैं क्योंकि वे न केवल धर्म और अध्यात्म के पालन में विश्वास रखते हैं, बल्कि समाज में सत्य, अहिंसा, प्रेम और भाईचारे का प्रचार भी करते हैं। ईमानदारी के साथ समर्पण की भावना से करेंगे निर्वाहन नव नियुक्त महामंडलेश्वर स्वामी सत्यप्रिया गिरी ने कहा कि आज हमें गुरुजनो का आशीर्वाद मिला हैं उन्होंने कहा की गुरुजनो ने जो हमें पदभार सौपा है हम अपने पद की गरिमा और जिम्मेदारियां को पूरी निष्ठा, ईमानदारी के साथ समर्पण की ।

# महाकुम्भ का ऐसा प्रबंधन योगी के अतिरिक्त कोई नहीं कर सकता : सतपाल महाराज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महाकुम्भ नगर । विश्व के सबसे विशाल आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आयोजन का प्रबंधन करना हर किसी के बस की बात नहीं है, ऐसा कार्य योगी जैसे योजनाकार कुशल राजनीतिज्ञ ही कर सकते हैं। महाकुम्भ में हुई भगदड़ के साजिशकर्ताओं का अतिशीघ्र पर्दाफाश होना चाहिए। यह बात बुधवार को उत्तराखण्ड सरकार के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कही। उन्होंने प्रयागराज में बसंत पंचमी के अवसर पर महाकुंभ का तीसरा अमृत स्नान के निर्विघ्न संपन्न होने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महाकुंभ में पवित्र संगम में डुबकी लगाने पर मुख्यमंत्री योगी के कुशल प्रबंधन की तारीफ की और उनसे मौनी अमावस्या पर अमृत स्नान के दौरान हुई भगदड़ की घटना की जांच कर साजिश का पर्दाफाश करने की मांग की। उन्होंने कहा कि यह इस बात का संकेत है कि गंगा, यमुना और सरस्वती हमारे जीवन का आधार हैं, ये धाराएं हमारी लाइफ लाइन हैं। इसलिए इनका सम्मान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्व के सबसे विशाल आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आयोजन का प्रबंधन करना हर किसी के बस की बात नहीं है, ऐसा कार्य योगी जैसे योजनाकार कुशल राजनीतिज्ञ ही कर सकते हैं। श्री महाराज ने कहा कि प्रयागराज कुम्भ में देश-दुनिया से आए करोड़ों श्रद्धालुओं ने गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम में डुबकी लगाई। दिव्य धाराओं में पवित्र स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। प्रयागराज कुम्भ में जल की पर्याप्त उपलब्धता के लिए उत्तराखंड सरकार ने भी टिहरी जलाशय से 150 क्यूमेक्स स्वच्छ एवं निर्मल जल की आपूर्ति कर अतिरिक्त जल उपलब्ध करवाया।

## दिल दहला देने वाला मंजर, कुत्ता नवजात का शव लेकर गली में पहुंचा

**मीरजापुर।** विंध्याचल थाना क्षेत्र के जयपुरिया गली में बुधवार शाम एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। एक कुत्ता अचानक नवजात शिशु के शव को लेकर गली में आया और कुछ देर बाद उसे छोड़कर भाग गया। यह दृश्य देखकर स्थानीय लोग दंग रह गए और तुरंत पुलिस को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी अमित कुमार प्रजापति पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि कुत्ता नवजात के शव को किसी अज्ञात स्थान से लेकर आया था। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि यह नवजात कहां से आया और इसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई। पुलिस अब इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। स्थानीय लोगों से पूछताछ कर रही है। ताकि इस मामले की सच्चाई सामने आ सके। इस घटना ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। लोग तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं।

## नारी शक्ति के रूप में जल सहेलियां

**झांसी।** जल संरक्षण और जागरूकता का संदेश लेकर जल सहेलियों की जल यात्रा चौथे दिन बबीना विकासखंड के बड़ौरा गांव से आगे बढ़ी। यात्रा तालबेहट विकासखंड के झरर घाट से होते हुए ऐतिहासिक चंदेली तालाब, कड़ेसरा कला तक पहुंची। तालाब किनारे संगोष्ठी आयोजित हुई, जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (एडीएम) राजेश कुमार श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी (एसडीएम) भूपेंद्र सिंह, ललितपुर विधायक रामरतन कुशवाहा, नमामि गंगे के प्रतिनिधि केतन दूबे, नगर पंचायत अध्यक्ष पुनीत सिंह परिहार, जिला पंचायत सदस्य बृजेंद्र यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष राजकुमार जैन, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष मुक्त सोनी, ग्राम प्रधान ज्ञान सिंह (कड़ेसरा कला), प्रधान महेंद्र सिंह पवा सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने जल सहेलियों का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया। अपर जिलाधिकारी श्रीवास्तव ने जल सहेलियों की इस यात्रा को ऐतिहासिक बताते हुए उनकी भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत जल सहेलियाँ हर घर नल योजना के अंतर्गत गांव-गांव में टोंटी लगवाने के कार्य में जुटी हैं। जल चौपालों के माध्यम से जल संरक्षण और इसके महत्व को लेकर जागरूकता फैला रही हैं। जल सहेली फाउंडेशन के संस्थापक संजय सिंह ने जल सहेलियों के इस अनूठे प्रयास की प्रशंसा करते हुए स्थानीय समुदाय को आश्वस्त किया कि तालबेहट के चंदेली तालाब का सौंदर्यीकरण जिला प्रशासन के सहयोग से कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह बुंदेलखंड का पहला तालाब है, जिसके नाम पर तालबेहट शहर का नाम पड़ा। इसके बाद यात्रा तालबेहट नगर में प्रवेश कर गई, जहां स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने भव्य स्वागत किया। हर पड़ाव पर जल सहेलियाँ 'हर घर नल योजना' के तहत टोंटी लगाने के लिए प्रेरित करती रहीं। वे जल संरक्षण, स्वच्छ जल की महत्ता और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए जन संवाद और जागरूकता अभियान चला रही हैं। यात्रा में इंदौर से आए समर्थन संस्था के प्रमुख डॉ. योगेश कुमार, वरिष्ठ पत्रकार दीपक अग्निहोत्री परमार्थ संस्था के कार्यकर्ता सहित सैकड़ों जल सहेलियों ने भाग लिया।

## अवैध खनन पर मौरंग खंड छह में छापेमारी

**हमीरपुर।** बुधवार को जिले की सीमा से सटे टोला खंगारन खंड संख्या छह में संचालक ने प्रतिबंधित पोकलैंड मशीनों से अवैध तरीके से मौरंग की निकासी कर ली। जिलाधिकारी घनश्याम मीना के निर्देश पर राजस्व, खनिज व वन विभाग की टीमों ने टोला खंगारन खंड छह में जांच पड़ताल की तो 2400 घन मीटर अवैध खनन मिला। जिस पर 22 लाख रुपये का जुर्माना लगाने की कार्रवाई की गई है। राठ तहसील क्षेत्र में धसान नदी में संचालित टोल खंगारन खंड संख्या 6 में संचालक द्वारा प्रतिबंधित पोकलैण्ड मशीनों से मौरंग का अवैध खनन किया जा रहा था। यहां से एनजीटी के निर्देशों की अवहेलना कर प्रतिदिन सैकड़ों ओवरलोड ट्रकों से मौरंग की निकासी कर राजस्व को चूना लगाने का काम किया जा रहा था। खंड संचालक ने निर्धारित क्षेत्र से हटकर वन विभाग भूमि पर से अवैध तरीके से मौरंग निकाली जा रही थी। अवैध खनन की शिकायत मिलते ही बुधवार को जिलाधिकारी घनश्याम मीना के निर्देश पर राठ उपजिलाधिकारी अभिमन्यु कुमार, खनिज अधिकारी विकास परमार, खनिज इंस्पेक्टर पंकज कुमार व वन विभाग की टीम ने छापेमारी की। एसडीएम ने बुधवार को बताया कि वन विभाग की जमीन पर खनन करते पकड़े जाने पर खंड संचालक के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। जिसमें 2400 घन मीटर अवैध खनन पाया गया है। खनिज अधिकारी विकास परमार ने 22 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

# कल्चर कुम्भ में दिखी महाकुम्भ की भव्यता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महाकुम्भ नगर। प्रयागराज में महाकुम्भ के अवसर पर बुधवार को परमार्थ निकेतन की ओर से परमार्थ कैंप, सेक्टर 23, अरैल घाट पर दो दिवसीय कल्चर कुम्भ का आयोजन किया गया। बुधवार को कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में सभी ने महाकुम्भ की दिव्यता और भव्यता की प्रशंसा की और सभी ने सफाई व्यवस्था और सुविधाओं को सराहा। इंफ्रास्ट्रक्चर में किया गया निवेश नगर विकास, प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने कहा कि दो साल पहले से ही हमने महाकुम्भ की तैयारी शुरू कर दी थी। लगभग 40 करोड़ लोगों के महाकुम्भ में शामिल होने की सम्भावना थी। अब तक 38 करोड़ लोग महाकुम्भ में आ चुके हैं। प्रतिदिन करीब सवा करोड़ लोग महाकुम्भ में स्नान कर रहे हैं। हर स्तर पर हम लोगों को महाकुम्भ का सुखद अनुभव प्रदान करने का प्रयास कर रहे हैं। प्रमुख सचिव ने कहा कि पिछले कुम्भ में सरकार ने 23 सौ 15 करोड़ रुपए कुम्भ के आयोजन में खर्च किए थे। इस महाकुम्भ में सात हजार करोड़ केंद्र सरकार ने और सात हजार 400 करोड़ उत्तर प्रदेश सरकार ने खर्च किए हैं। कुल 14 हजार 400 करोड़ का इंवेस्टमेंट सरकार ने किया है। इस इन्वेस्टमेंट में 75 प्रतिशत खर्च इन्फ्रास्ट्रक्चर पर किया गया है, जो कि न सिर्फ महाकुम्भ में बल्कि आगे आने वाले समय में भी लोगों को सुविधाएं प्रदान करेगा। 500 सड़कें बनाई हैं, नए रेलवे स्टेशन बनाएं। कुम्भ में हमने 65 हजार टॉयलेट्स बनवाए थे। इस बार 1 लाख टॉयलेट्स बनाए गए हैं । 15 हजार सफाईकर्मी पूरे मेला क्षेत्र की सफाई व्यवस्था देख रहे हैं। ये सभी सफाई कर्मी दिन रात 24 घंटे मेला क्षेत्र की सफाई में जुटे हुए हैं। इस दौरान स्वामी चिदानन्द सरस्वती, साध्वी भगवती सरस्वती, ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपदनायक, पूर्व भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल, शान्तनु गुप्ता, पुष्कर शर्मा और शेफाली वैद्य मौजूद रहे।

# प्लास्टिक के दुष्परिणामों को देखते हुए उसका न्यूनतम प्रयोग करें : प्रो. आर एस वर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुम्भ नगर। हरित महाकुंभ-2081 में बुधवार को एमएनएनआईटी के डायरेक्टर प्रो.आर एस वर्मा ने प्रेज़ेंटेशन के ज़रिए पर्यावरण के प्रति सजग किया। उन्होंने कहा कि ''सस्टेनेबल डेवलपमेंट से ही हम डेवलपमेंट रिटेन कर सकते हैं।'' प्रो. वर्मा ने प्लास्टिक के दुष्परिणामों का ज़िक्र करते हुए उसके न्यूनतम प्रयोग पर बल? दिया और भारतीय परंपरा की पर्यावरण के प्रति सजगता का बखान किया। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सचिव डॉ. अतुल कोठारी ने हरित महाकुंभ की प्रस्तावना एवं संकल्पना को सभी के साथ साझा किया। डॉ कोठारी ने कहा कि ''पर्यावरण की इस हालत के लिए सिर्फ़ हम ज़िम्मेदार हैं और इसके दुष्परिणाम से हमें और कोई नहीं बल्कि हम खुद ही स्वयं को बचा सकते हैं। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि लाल महेन्द्र शिव शक्ति सेवा समिति से परम पूज्य प्रभु जी ने हमारे इस कार्यक्रम को देश ही नहीं संसार के लिए अमृत के समान बताया। उन्होंने आगे कहा- ''मन, घर और पर्यावरण- इन तीन चीजों की स्वच्छता सांसारिक प्रतिक्रियाओं का निर्धारण करती हैं। हरित से हरि को पाया जा सकता है गोपाल आर्या ने पर्यावरण को हमारी मातृभाषा हिंदी की समृद्धि से जोड़ते हुए कहा कि ''हरित से हरि को पाया जा सकता है और ग्रीन अंग्रेज़ी शब्द ग्रीड का पर्याय सा लगता है। डॉ. प्रसन्ना मूर्ति ने प्रेज़ेंटेशन के ज़रिए भारतीय परंपराओं का ज़िक्र किया। प्राचीन भारत के प्रचुर और अपने आप में बेहद समृद्ध काल से जुड़ी बातों से सभी से रूबरू कराया। डॉ. प्रसन्ना ने स्वास्थ्य, शिक्षा क्षेत्र में हमारे भारत की आच्छादित स्थिति के बारे में बताया। हमें 'पाप करते जाओ, पुण्य ख़रीद लिए जाएंगे' इस प्रवृत्ति से बचना होगा स्वामी वागीश ने कहा कि ''हिंदू समाज में पर्यावरण संरक्षण की अद्भुत परंपरा रही है, हमने सदा ही नदियों-पेड़-पौधों को पूजा है, परंतु आज इस परंपरा में दरार पड़ चुकी है। हमें 'पाप करते जाओ, पुण्य ख़रीद लिए जाएंगे', इस प्रवृत्ति से बचना होगा।

# हर्षोल्लास की साथ मनाया गया अपर्णा यादव का जन्म दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । राज्य महिला आयोग, उ0प्र0 की उपाध्यक्ष एवं सनातन गोरखा कल्याण समिति, उत्तर प्रदेश की संरक्षक अपर्णा यादव का जन्म दिवस बड़े ही हर्षोल्लास की साथ मनाया गया। जन्म दिवस के अवसर पर सनातन गोरखा कल्याण समिति की ओर से विधान सभा कैंट सदर पुल स्थित वृद्धाश्रम में वृद्ध महिला एवं पुरुषों को शॉल और फल आदि अपर्णा यादव के हाथों वितरित किया गया। तत्पश्चात वृद्ध महिला एवं पुरुषों के बीच अपर्णा यादव ने केक काटकर जन्म दिन मनाया तथा सभी बुजुगों ने आशिर्वाद देते हुए दीर्घायु जीवन, तरक्की, कामयाबी की कामना की। संस्था द्वारा अपर्णा यादव को भगवान पशुपति नाथ जी का प्रतीक चिन्ह भेंट किया तथा पुष्प गुच्छ देते हुए भगवा शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। युवाओं ने जन्म दिन मुबारक हो मुबारक हो जोरदार नारेबाजी की गयी। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष गौरव सिंह ने केक कटवाकर, अगवस्त्र पहनाकर अपर्णा यादव को बधाई देते हुए उनकी लम्बी आयु की प्रार्थना की। अपर्णा यादव ने सनातन गोरखा कल्याण समिति के उत्कृष्ट कार्यों की प्रशंसा एवं सराहना करते हुए संस्था के कार्यों का व्याख्यान किया। जन्म दिवस को आयोजन सनातन गोरखा कल्याण समिति उ0प्र0 के प्रदेश अध्यक्ष गौरव सिंह, प्रदेश महामंत्री शानू मल्ल कौशल, प्रदेश सचिव अमित कुमार, जिलाध्यक्ष राजेश कुमार, जिला उपाध्यक्ष मोनिका मिश्रा, जिला महासचिव सुमन जयसवाल, जिला कोषाध्यक्ष चांदनी कपूर, अतुल तिवारी,ओंकार नाथ चौरसिया, उमेश कुमार पाण्डेय, नारायणी श्रीवास्तव, दीपक कुमार, नवनीत मिश्रा, जगदीश जोशी, अनिमेष शुक्ला आदि द्वारा मनाया गया।



# दबंग दुकानदार ने ग्राहक पर किया चाकुओं से वार, हालत गंभीर

## बेहोशी हालत में पहुंचा ट्रामा सेंटर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहां, लखनऊ । निगोहां कस्बे में भगवानपुर मोड़ के पास एक कबाब पराठा की दुकान पर कबाब रोल के लेनदेन को लेकर दुकानदार और एक ग्राहक से कहासुनी के बाद मारपीट शुरू हो गई , जिसके बाद दबंग दुकानदार ने अपने भाइयों के साथ मिलकर एक युवक को पकड़कर उसकी गर्दन पर चाकू से कई वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सूचना पर पहुची पुलिस ने घायल युवक को सीएचसी भेजा जहां से उसे ट्रामा रेफर कर दिया , मामले में पुलिस ने तहरीर पर हत्या के प्रयास सहित कई धराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। निगोहां के लालपुर गांव निवासी मुकेश सिंह ने बताया कि बुधवार शाम करीब 5 बजे वह उदयपुर निवासी अपने साथी शिवम के साथ निगोहां कस्बा भगवानपुर मोड़ के सामने कबाब पराठा की दुकान पर कबाब खा रहा था , तभी कबाब रोल के लेनदेन को लेकर दुकानदार गोसाईखेडा निवासी अतुल



गिरी से कहासुनी होने लगी और देखते ही देखते मामला मारपीट में बदल गया , जिसके बाद अतुल गिरि ने अपने भाई आशीष गिरि व अखिलेश गिरि के साथ मिलकर उसको और उसके साथी शिवम की पिटाई करने लगें। आरोप है कि तीनों भाइयों ने मुकेश को पकड़कर उसकी गर्दन पर चाकू रखकर कई वार कर दिए जिससे वह खून से लथपथ चीखने लगा यह देख आसपास के लोग दौड़ पड़े और किसी तरह उसको दबंग दुकानदारों से छुड़ाया स्थानीय लोगों ने मामले की सूचना निगोहां पुलिस को दी सूचना पर पहुची पुलिस ने घायल युवक को सीएचसी भेजा जहां से उसे ट्रामा रेफर कर दिया और दी गई तहरीर पर हत्या के प्रयास सहित कई धराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू

### गैस सिलेंडर खोलकर आग लगाने का भी किया प्रयास

प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो दबंग दुकानदार द्वारा मारपीट के दौरान गैस सिलेंडर को खोलकर आग लगाने का प्रयास करने लगे उस दौरान आसपास के लोग भगाने लगे वहीं कुछ लोगों द्वारा सिलेंडर का लेटर छुड़ाकर बाहर फेंक दिया।

### पहले भी ग्राहकों पर कर चुका हमला

कस्बा वासियो ने बताया दुकानदार अतुल गिरि और उसके भाइयों ने पहले निगोहां कस्बे में आरजी होटल के पास कबाब पराठा की दुकान खोल रखें थे जहाँ भी कुछ ग्राहकों से मारपीट हुई थी और हाइवे पर जलता हुआ सिलेण्डर भी फेंककर आसपास दहशत का माहौल बना दिया था स्थानीय लोगों के विरोध के बाद वहाँ से उसकी दुकान हटवा दी गई थी। जिसके बाद अब वह भगवानपुर मोड़ के सामने खोल रखा था और आज फिर एक घटना को अंजाम दे डाले। इस पर स्थानीय लोगों ने इनकी दुकान को हटवाने के लिए पुलिस से शिकायत करने की बात कही।

# बाबा साहब के संविधान से मिले हकों की रक्षा के लिए पीडीए एकजुट हो : अम्ब्रीश सिंह पुष्कर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । बुधवार को पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने विधानसभा क्षेत्र मोहनलालगंज के गौरा गांव में आयोजित पीडीए चौपाल में कहा कि बाबा साहब के संविधान से शोषित और वंचित समाज को जो हक मिला है, अब उस लड़ाई को आगे बढ़ाने का समय आ गया है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में पीडीए को अपने अधिकारों को हासिल करने के लिए एकजुट होना होगा।

पूर्व विधायक ने भाजपा सरकार पर हमला करते हुए कहा कि जब से भाजपा सत्ता में आई है, तब से थाना, तहसील और सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया है। ग़रीब जनता और किसानों की समस्याओं का कोई हल नहीं है और उनकी आवाज़ सुनने वाला कोई नहीं है। कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक यादव, पूर्व मंत्री देवकली प्रसाद रावत, प्रदेश सचिव अमरपाल सिंह, अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष उमाशंकर वर्मा, जोन प्रभारी दिनेश यादव, भारत यादव, जिला पंचायत सदस्य अरुण यादव, नगर अध्यक्ष उमेश यादव, कन्हैया यादव, राम सरोहन यादव, विजय यादव, राज किशोर यादव, मायाराम वर्मा, अजीत सिंह यादव, पूर्व प्रधान अरुणेश प्रताप उर्फ दल्लू सिंह, सभासद प्रतिनिधि मोहम्मद रईश, जिला उपाध्यक्ष नवनीत सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, मोहम्मद हनीफ, अशर्फीलाल धीमान, अंगूर सिंह, धर्म वीर पासवान, सेक्टर प्रभारी हरिराम रावत, शानू द्विवेदी, अंशु द्विवेदी, अनिल सिंह, गौरी रावत, राजू कुरैशी, ममता रावत, पदम सिंह यादव, दिलीप यादव, संतराम, अरविंद यादव, विजय सिद्धार्थ, गुड्डू यादव, मनोज रावत, जितेंद्र यादव, किशन यादव, सतीश गुप्ता, नितुल शर्मा, प्रेम दास रावत, बादाम सिंह, हरिश्चंद्र रावत, सुरेश कश्यप, प्रेम गौतम, बरजोर यादव, अजेंद्र यादव, अर्जुन पाल समेत पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# तेज़ रफ्तार टैंकर ने युवक को कुचला, मौक़े पर मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी, लखनऊ । बख्शी का तालाब थानांतर्गत भैसामऊ क्रासिंग सीतापुर रोड़ पर अपने घर से बीकेटी जा रहे साईकिल सवार वृद्ध युवक को तेज़ रफ़्तार में जा रहे टैंकर ने कुचल दिया जिससे वृद्ध युवक की मौक़े पर ही दर्दनाक मौत हो गई,वही राहगीरों ने टैंकर को रुकवाकर ड्राइवर को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया,मौक़े पर पहुंची पुलिस ने टैंकर को अपने कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अग्रिम कार्यवाही में जुट गई थी।मृतक के भांजे संजय कुमार पाल के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार बख्शी का तालाब थानांतर्गत भैंसामऊ गांव निवासी उनके मामा नौमीलाल पाल पुत्र स्व.मैकूलाल पाल(55)वर्ष बुधवार दोपहर लगभग साढ़े तीन बजे अपने घर से बख्शी का तालाब बाज़ार के लिए साईकिल से जा रहे थे,तभी भैंसामऊ क्रासिंग सीतापुर रोड़ पर सीतापुर की तरफ़ से तेज़ रफ़्तार में आ रहे टैंकर पीबी 11सीएफ 3779 ने नौमीलाल को बुरी तरह रौंद दिया,जिससे उनकी मौक़े पर ही दर्दनाक मौत हो गई।वही टैंकर चालक को राहगीरों ने दौड़ाकर पकड़ लिया और जमकर उसकी कुटाई कर दिया,वही मौक़े पर दलबल के साथ पहुंचे थाना प्रभारी बीकेटी संजय कुमार सिंह व अतिरिक्त थाना प्रभारी बीकेटी कैलाश चंद्र दुबे ने मिशाल पेश करते हुए मृतक के शव को अपने हाथों से उठाकर पोस्टमोर्टम के लिए भेजा तथा टैंकर ड्राइवर को अपनी कस्टडी में लेकर टैंकर को सीजकर अग्रिम कार्यवाही में जुटी हुई थी।वही घटना की जानकारी पाकर मृतक की पत्नी सीमा पाल सहित परिवारजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।



### रोइंग में उत्तर प्रदेश के पुनीत व आदिल की जोड़ी ने जीता रजत पदक, खेल प्रेमियों में खुशी

लखनऊ। उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेल में उत्तर प्रदेश ने रोइंग में रजत पदक जीता। टिहरी में आयोजित रोइंग की स्पर्धा में पुरुष कॉक्सलेस पेयर में उत्तर प्रदेश के पुनीत कुमार व मो.आदिल की जोड़ी ने कड़ी चुनौती पेश की और 7:15.5 के समय के साथ चांदी अपने नाम की। वहीं मामूली अंतर से आगे रहे मध्य प्रदेश के मनमोहन व भीम सिंह ने 7:11.4 के समय के साथ स्वर्णिम सफलता हासिल की। दूसरी ओर उत्तराखंड के जसवीर सिंह व हरिंदर सिंह को 7:24.2 के समय के साथ कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। इसकी खबर लगते ही खेल प्रेमियों में खुशी की लहर दौड़ गयी। वर्तमान में देवरिया में खेल कोटे से युवा कल्याण अधिकारी के पद पर तैनात लक्ष्मण अवार्डी पुनीत कुमार एशियन गेम्स 2023 में रजत व कांस्य पदक विजेता हैं। वही उत्तर प्रदेश के उभरते सितारे गाजीपुर निवासी मो.आदिल ने पहली बार राष्ट्रीय स्तर की स्पर्धा में पदक अपने नाम किया है।

# भजन और पारिवारिक लोकगीत महोत्सव में हुआ कलाकारों का सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से मां दुर्गा सेवा संस्थान द्वारा अवध इंटर कॉलेज के ऑडिटोरियम में 3 फरवरी से 5 फरवरी 2025 तक भजन एवं पारंपरिक लोकगीत का आयोजन किया गया ।

महोत्सव के आखिरी दिन 5 फरवरी को मुख्य अतिथि ऑल इंडिया रेडियो के टॉप ग्रेड के कलाकार भातखंडे संगीत महाविद्यालय के प्रोफ़ेसर वरिष्ठ पंडित धर्मनाथ मिश्र ने महोत्सव का आखिरी दिन का आरंभ दीप प्रज्वलन उनके साथ पूजन में मां दुर्गा सेवा संस्थान की अध्यक्ष गीता मिश्रा उपाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव सचिव मगन मिश्र कोषाध्यक्ष श्याम जी मिश्र ने सरस्वती माता को संयुक्त रूप से दीप जलाकर पुष्प अर्पण कर मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रोफ़ेसर पंडित धर्मनाथ मिश्र को पुष्पमाला शील्ड आदि देकर आदर सत्कार किया भजन एवं पारंपरिक लोकगीत महोत्सव में कार्यक्रम का आगाज आकाशवाणी के वरिष्ठ लोक गायक चंद्रेश पांडे ने भजन से किया इसी के साथ उन्होंने पारंपरिक लोकगीत गंगा गीत लोक भजन कहरवा लाचारी झूला बधाई गीत प्रस्तुत किया कलाकारों का उत्साह वर्धन के लिए दर्शकों ने तालिया की गड़गड़ाहट से स्वागत किया। प्रोफ़ेसर धर्मनाथ मिश्र ने सुगम संगीत पर आधारित मधुर भजन सुनाकर समा बांध दिया। रश्मि उपाध्याय ने चकिया गीत चौमासा कजरी सोहर बन्ना बन्नी गाकर भारतीय संस्कृति की झलक दिखाई। कृष्ण मिश्रा ने विभिन्न पारंपरिक लोकगीत राम ही राम रतन लगी गंगा गीत लगा गंगा जी का मेला छोड़ घरवा के झमेला चलो चली के करेजवा शिव भोला न जागे जगाए हारी आज विभिन्न पारंपरिक लोकगीत दीप जलाओ मंगल गाओ सीताराम आएंगे फुहरी ना जागी जागी पसरी गए घमवा पारंपरिक लोक गाकर के गांवका चित्रण किया।

राम एवं संजय शुक्ला, रामचंद्र शुक्ल, अनीता गुप्ता, अंजलि चतुर्वेदी ने पारंपरिक लोकगीत प्रस्तुत किया कार्यक्रम का समापन लोक नृत्य से हुआ। जिसमें प्रतिभा करने वाले कलाकारों में सृष्टि अनामिका ने विभिन्न लोकगीतों से प्रस्तुति देकर लोक नृत्य शैली को जीवित रूप दिया कार्यक्रम के समापन पर मां दुर्गा सेवा संस्थान के सचिव मगन मिश्र ने सभी को प्रशस्ति पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया गया




### करण मिश्रा ने की धुआंधार बल्लेबाजी, इंडियन क्रिकेट क्लब ने जीता मैच

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। अंडर-25 करीम चिश्ती मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मैच में इंडियन क्रिकेट क्लब ने लखनऊ हर्टज क्लब को 177 रन से हराकर बढ़त बना ली। इस मैच में इंडियन क्रिकेट क्लब के करण मिश्रा ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 104 बाल खेलकर 166 रन बनाये। इंडियन क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर में सात विकेट गवांकर 394 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज आकर्ष गुप्ता 25 रन बनाकर आउट हो गये। वहीं करण मिश्रा ने धुआंधार बल्लेबाजी की। उन्होंने 104 बाल खेलकर 21 चौका और नौ छक्का की मदद से 104 बाल पर 166 रन बनाये। आशीष तिवारी ने 12 चौका, पांच छक्का की मदद से 64 बाल पर 96 रन का योगदान दिया। जय वर्धन ने 36 रन बनाये। वहीं लखनऊ हर्टज क्लब की पूरी टीम 217 रन बनाकर आउट हो गयी और इंडियन क्रिकेट ने मैच को 177 रन से जीत लिया। लखनऊ हर्टज के सलामी बल्लेबाज कृष्णमित 14 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। वहीं मो. फैज ने अपनी टीम में सर्वाधिक 46 रन बनाया, जबकि ऋषभ ने 43 रन का योगदान दिया।

### जल की महत्ता और भूमि संरक्षण जागरूकता यात्रा निकली

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। जल की महत्ता और भूमि संरक्षण के बारे में समुदाय में व्यापक स्तर पर जनजागरूकता लाने के लिए बुधवार को देश भर में वॉटर शेड यात्रा का शुभारम्भ किया गया। इसी क्रम में भूमि संरक्षण इकाई, कृषि विभाग लखनऊ के तत्वावधान में स्टेट लेवल नोडल एजेंसी वॉटरशेड विकास घटक- प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) डॉ. हीरा लाल ने ग्रामीणों व ग्राम प्रधानों के सहयोग से प्रदेश स्तर पर सरोजनी नगर ब्लाक के भटगांव से हरी झंडी दिखाकर इस यात्रा का शुभारम्भ किया। इस मौके पर डॉ. हीरा लाल ने कहा कि हम सभी के जीवन के लिए जल, जंगल और जमीन की महत्ता सर्वविदित है। इसलिए उनका संरक्षण हमारा परम कर्तव्य है। इसी के प्रति जन जागरुकता लाने के लिए बुधवार को यह वॉटरशेड यात्रा यहां से रवाना की जा रही है जो कि परियोजना के 34 जिलों से होकर गुजरेगी। इस यात्रा के माध्यम से जन-जन में यह संदेश पहुंचाया जाएगा कि भूमि और जल संरक्षण से जहां हर खेत में हरियाली आएगी वहीं इससे हर घर में खुशहाली भी आएगी। इसलिए गांव के पानी को गांव में और खेत के पानी को खेत में संग्रहीत कर कृषि उत्पादन को बढ़ाएं और जीवन में खुशहाली लाएं । कार्यक्रम स्थल पर बनाई गई सेल्फी प्वाइंट लोगों के आकर्षण का केन्द्र रही, जहां पर लोगों ने अपनी फोटो ली। इस मौके पर डॉ. हीरा लाल ने ग्राम पंचायत भटगांव में तालाब निर्माण के लिए भूमि का पूजन किया। उन्होंने इसके साथ ही ग्राम पंचायत में एक नवनिर्मित तालाब का लोकार्पण भी किया। तालाब के किनारे आम के पौधे लगाये गये और ग्रामीणों को संदेश दिया गया कि आज पौधे रोपेंगे और उचित देखभाल करेंगे तो वह हमारे भविष्य को सुरक्षित बनाएंगे। इस मौके पर एकदम सामाजिक सांस्कृतिक संस्थान के कलाकारों ने मेरे देश की धरती सोना उगले गीत पर उपस्थित लोगों में जोश का संचार किया । कलाकारों ने नाटक के माध्यम से संदेश दिया कि जल ही जीवन गीत है, जल ही जीवन मीत है। इस मौके पर डॉ. हीरा लाल ने ग्राम प्रधानों के साथ जल और भूमि संरक्षण की दिशा में सराहनीय कार्य करने वाले किसानों और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रशस्ति पत्र और पौधा देकर सम्मानित किया । इस मौके पर ग्रामीणों, अधिकारियों व कर्मचारियों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गयी । सभी ने शपथ ली कि जल-जंगल-जमीन को संरक्षित करेंगे। वाटरशेड के विकास कार्यों में सहयोग करेंगे। कार्यक्रम में परियोजना के तकनीकी समन्वयक डॉ. जे. एम. त्रिपाठी, विषय विशेषज्ञ आर. एस. वर्मा, भूमि संरक्षण अधिकारी संगीता कटियार और अन्य विभागीय अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बाक्सिंग : मोनीरुल, दक्ष, अंश, पीयूष और निखिल ने दिखाया मुक्कों का दम, जीते स्वर्ण पदक

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। समन्वय लखनऊ जिला बॉक्सिंग चैंपियनशिप के दूसरे दिन केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बाक्सिंग हाल में रोमांचक मुकाबले हुए, जिनमें जूनियर, सीनियर और सब जूनियर वर्ग के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। बॉक्सिंग एसोसिएशन लखनऊ और क्षेत्रीय खेल कार्यालय, लखनऊ के समन्वय से आयोजित चैंपियनशिप में जूनियर बालक वर्ग में मोनीरुल इस्लाम, दक्ष गोपाल और अंश चौहान ने अपने-अपने भार वर्ग में चैंपियन बनकर स्वर्ण पदक जीते। सीनियर वर्ग में पीयूष शर्मा और निखिल तिवारी ने भी दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इसके अलावा सब जूनियर बालक वर्ग के खिलाड़ियों ने भी अपनी मुक्केबाजी से सबको प्रभावित किया। 44-46 किग्रा में माडर्न अकादमी के मोनीरुल इस्लाम ने केडी सिंह बाबू स्टेडियम के प्रांजल गुप्ता को, 46-48 किग्रा में चैंपियंस बॉक्सिंग अकादमी-सीबीए के दक्ष गोपाल ने माडर्न अकादमी के कृष्ण यादव को, 48-50 किग्रा में केडी सिंह बाबू स्टेडियम के अंश चौहान ने माडर्न अकादमी के मो. शोएब को और 50-52 किग्रा में चैंपियंस बॉक्सिंग अकादमी-सीबीए के करन पटेल ने केडी सिंह बाबू स्टेडियम के प्रद्युम्न सिंह को हराकर स्वर्ण जीते।

# आकाश इन्विक्टस का शुभारंभ, 25 शहरों में होगा उपलब्ध

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने आकाश इन्विक्टस का शुभारंभ किया। यह जेईई की तैयारी के लिए एक अनूठा और अग्रणी एडवांस्ड प्रोग्राम है, जिसे विशेष रूप से सर्वश्रेष्ठ और प्रतिभाशाली इंजीनियरिंग उम्मीदवारों के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह उच्च-स्तरीय, व्यक्तिगत, एआई आधारित और परिणाम-केंद्रित कार्यक्रम आईटीटी या विदेशों के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में प्रवेश की तैयारी करने वाले छात्रों को सक्षम बनाने के लिए तैयार किया गया है। आकाश इन्विक्टस लगभग 500 सबसे अच्छे जेईई शिक्षक एक साथ लाता है, जो एक लाख से ज्यादा छात्रों को आईआईटी में सफलता दिलाने में मदद कर चुके हैं। ये शिक्षक छात्रों को उत्कृष्ट मार्गदर्शन देने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। इसका पाठ्यक्रम अत्याधुनिक है और इसे उन छात्रों के लिए खास तौर पर डिज़ाइन किया गया है, जो टॉप आईआईटी रैंक हासिल करने के लिए मेहनत कर रहे हैं। इस प्रोग्राम में फिजिटल लर्निंग और विशेष अध्ययन सामग्री शामिल हैं, जो जेईई एडवांस की सटीक, एआई-सक्षम और अनुकूली तैयारी को सुनिश्चित करते हैं। आकाश इन्विक्टस में छोटे बैच होंगे, जिससे छात्रों को अधिक व्यक्तिगत ध्यान मिल सके और उनकी हर जरूरत को सही तरीके से पूरा किया जा सके। वहीं इस मौके पर आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के एमडी और सीईओ दीपक मेहरोत्रा ने प्रोग्राम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आकाश इन्विक्टस केवल एक कोचिंग प्रोग्राम नहीं है; यह उन छात्रों के लिए एक परिवर्तनकारी यात्रा है, जो शीर्ष आईआईटी रैंक हासिल करने का लक्ष्य रखते हैं। ये प्रोग्राम दशकों के एक्सपीरियंस, एडवांस्ड टीचिंग मेथड्स और पर्सनलाइज्ड, टेक्नोलॉजी-ड्रिवन एजुकेशन को टॉप-लेवल फैकल्टी के साथ जोड़ता है। पिछले कुछ वर्षों में, हमारे शिक्षकों ने लाखों छात्रों को शीर्ष आईआईटी में प्रवेश दिलाने में सफलता प्राप्त की है। बताया कि आकाश इन्विक्टस में एंट्री बहुत ही सलेक्टिव है, स्टूडेंट्स को एक स्पेशल एंट्रेंस एग्जाम के जरिये चुना जाता है। 11वीं में ज्वाइन करने वाले स्टूडेंट्स के लिए दो साल का प्रोग्राम और 10वीं में ज्वाइन करने वाले स्टूडेंट्स के लिए तीन साल का प्रोग्राम डिज़ाइन किया गया है।

आकाश इन्विक्टस भारत के 25 शहरों में उपलब्ध होगा। इन शहरों में उपलब्ध होगा आकाश इन्विक्टस दिल्ली एनसीआर, चंडीगढ़, लखनऊ, मेरठ, प्रयागराज, कानपुर, वाराणसी, जयपुर, कोटा, पटना, रांची, बोकारो, कोलकाता, दुर्गापुर, भुवनेश्वर, मुंबई, पुणे, नागपुर, अहमदाबाद, वडोदरा, इंदौर, भोपाल, हैदराबाद, चेन्नई और बेंगलुरु शहरों में उपलब्ध होंगे।




### 11वीं में ज्वाइन करने वाले स्टूडेंट्स के लिए दो साल व 10वीं में ज्वाइन करने वाले स्टूडेंट्स के लिए तीन साल का प्रोग्राम डिज़ाइन

# मानदेय वृद्धि व स्थायीकरण को लेकर पंचायत सहायकों ने चलाया रजिस्ट्री अभियान

❒ पंचायत सहायकों ने मानदेय बढ़ोत्तरी के लिए भेजे पत्र

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

मोहम्मदी-खीरी। जिले की विकास खण्ड मोहम्मदी के पंचायत सहायकों ने मानदेय बढ़ोत्तरी के लिए कई विभागों को रजिस्टर्ड पत्र भेजे जिसमे अपनी मांगों को रखा है। पंचायत सहायकों की वर्तमान में आय 6000 रुपए प्रति माह है। जो कि एक परिवार के भरण पोषण के लिए अपर्याप्त है एक मनरेगा मजदूर की प्रतिदिन की मजदूरी से भी कम है जबकि पंचायत सहायक कुशल कर्मी होने के बावजूद तकनीकी कार्यों को संपन्न करते हुए अपने अल्प मानदेय पर कार्य कर रहे। जिससे पंचायत सहायकों का भविष्य इसी नौकरी पर निर्भर है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पंचायत




सहायकों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, अपर मुख्यसचिव, पंचायती राज्य मंत्री, पंचायती राज्य विभाग, राज्यपाल, मुख्य सचिव, पंचायती सहायक यूनियन, चंद्रशेखर आजाद (आजाद समाज पार्टी) सहित समाजवादी पार्टी और कंग्रेस पार्टी के अध्यक्षों को भी पत्र भेजे हैं। इन पत्रों में पंचायत सहायकों ने अपनी मानदेय में वृद्धि की मांग की है। पंचायत सहायक का मानदेय बढ़ाकर अतिकुशल श्रेणी 26910 रुपए प्रति महीना किया जाए और मानदेय को ग्राम निधि से हटकर राज्य घोषित किया जाए। अनुबंध प्रणाली को समाप्त करते हुए पंचायत सहायकों की सेवा नियमावली बनाई जाए। महिला पंचायत सहायक के लिए स्थानांतरण नीति लागू किया जाए तथा नगर पंचायत में जाने वाले ग्राम पंचायत के पंचायत सहायकों को अन्य जगह /विभागों में समायोजन किया जाए। पंचायत सहायक ग्राम पंचायत अधिकारी के समान कार्य कर रहे हैं तो ग्राम पंचायत अधिकारी के रिक्त पदों की भर्तियों में 50% आरक्षण प्रदान किया जाए। इस मौके पर नीतू सिंह , चेतना वर्मा, मधुलता, किरन देवी, प्रियंका, वंदना, रेशमा देवी, आरिफ खान, राम प्रताप, लवकुश, शिवम कुमार, राहुल कुमार नीरज कुमार, जगजीवन लाल, सुदामा देवी, गुफरान, सोनी देवी सहित काफी संख्या में पंचायत सहायक मौजूद रहे।

# 14 दिसम्बर से चल रही शाकाहार-सदाचार मद्यनिषेध जनजागरण यात्रा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

मछरेहटा (सीतापुर) । जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था मथुरा से गत 14 दिसम्बर से चल रही शाकाहार-सदाचार मद्यनिषेध जनजागरण यात्रा कल सायंकाल मछरेहटा ब्लाक के ग्राम बनियामऊ में श्री मिथलेश कुमार तिवारी एवं श्री रामगोपाल तिवारी के मैदान पर पहुंची। बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने बाजे-गाजे, फूल मालाओं तथा पुष्प वर्षा करके यात्रा का स्वागत किया। आज इस यात्रा का 53वाँ पड़ाव हैं। इसी प्रकार 05 मार्च तक सीतापुर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष सन्त पंकज जी महाराज अपना धर्म-कर्म एवं समाजोत्थान का सन्देश सुनायेंगे। आज अपने सत्संग सम्बोधन में महाराज ने कहा प्रेमी भाई-बहनों ! अबकी बार आपको मौका मिल गया है समय रहते हुये अपनी आत्मा के कल्याण के लिये थोड़ा बहुत विचार करियेगा। वर्ना जीवन का समय निकलता जा रहा है। ''मिली नर देह यह तुमको, बनाओ काज कुछ अपना, पचो मत आय यहि जग में जानियो रैन का सुपना।।'' पंक्तियाँ उद्धृत करते हुये कहा जैसे रात में हम स्वप्न देखते हैं और वह सच मालूम पड़ता है परन्तु जब हमारी आंखें खुलती हैं तो यह पता चलता है कि वह तो स्वप्न था। सच नहीं, भ्रम है। ठीक उसी प्रकार से यह दुनियां भी दस-बीस, सौ साल का स्वप्न है। जिस दिन मौत का वक्त आयेगा आप रोओगे, हाय, हाय करके चिल्लाओगे कि हाय हमने सारी जिन्दगी स्वप्न में गुजार दी। जागने का समय तो अभी आया था, जो कुछ करना था अभी करना था लेकिन अब पछताये होत क्या जब चिड़िया चुंग गई खेत। ये घर बार अपना नहीं, पराया देश है, ये सरायखाना है, मुसाफिर खाना है। शरीर भी आपका नहीं ये काल का पिंजरा है, किराये का मकान है। जितनी श्वांसे उस मालिक ने बख्शी हैं, उसे भुगतने के बाद में हमें शरीर को यहीं छोड़ के जाना। जिस वक्त यह श्वांसों का भण्डार खाली होगा, टेलीफोन खड़क जायेंगे, संदेश पहुंच जायेंगे। सब रिश्तेदार जल्दी से इक्ट्ठा हो जायेंगे और कंधे पर लाद कर श्मशान भूमि पर छोड़कर आ जायेंगे। जीवात्मा को यमदूत ले जाकर धर्मराज के दरबार में पेश कर देंगे। वहां आपके अच्छे-बुरे कर्मों का हिसाब होगा और खोटे कर्म करने वालों को नर्कों, चैरासी की योनियों की सजा सुना दी जायेगी। वहां आपका कौन रक्षक होगा। जीवात्मा की कौन गवाही देगा क्योंकि आपने जीवन में ऐसा कोई साथी नहीं बनाया जो धर्मराज के दरबार में आपकी रक्षा, संभाल कर सके। वे कोई और नहीं सन्त महात्मा, फकीर होते हैं, जो जीवन में सुरत-शब्द की साधना कराकर अपने घर आने-जाने का पहले से ही मार्ग बता देते हैं। वह है नाम का रास्ता, शब्द का रास्ता। इसीलिये नानक जी ने कहा ''नानक नाम जहाज है, चढ़ै सो उतरै पार।'' जिस शराब के पीने से आंखों से मां, बहन, बेटी की पहचान खत्म हो जाती है तो उसे पीने से यह निर्णय कैसे कर सकेंगे क्या अच्छा, क्या बुरा। आप सभी से अपील है अच्छे समाज के निर्माण में सहयोग करें।

उन्होंने आगामी 13 मार्च से 15 मार्च तक मथुरा जयगुरुदेव आश्रम पर होने वाले होली महापर्व पर पधारने का निमन्त्रण भी दिया। व्यवस्थाओं में पुलिस प्रशासन का भी सहयोग रहा। इस अवसर पर शिवराज सिंह, राजीव कुमार सिंह, भानु सिंह, अमर सिंह, पन्नू तिवारी, महाबीर मिश्रा, अमित गुप्ता, ग्राम प्रधान सोनू सिंह, सूर्यबली सिंह, रामकृष्ण मिश्रा, भरत जी, पिन्टू मिश्रा, अजय सिंह आदि उपस्थित रहे। सत्संग के बाद जनजागरण यात्रा अगले पड़ाव हेतु ग्राम बहोरनपुर मेला मैदान ब्लाक मछरेहटा हेतु प्रस्थान कर गई।

## शादी का झांसा देकर युवती को फंसाया, फिर किया रेप,आरोपी गिरफ्तार

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा के निर्देशन में सम्पूर्ण जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के संनिकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी गोला महोदय के कुशल मार्ग दर्शन तथा प्रभारी निरीक्षक थाना हैदराबाद शिवा जी दुबे के नेतृत्व में थाना हैदराबाद जनपद खीरी की पुलिस टीम द्वारा बीएनएस में वाछिंत अभियुक्त जीशान रजा पुत्र मो. इमरान उम्र 22 वर्ष नि.ग्रा. नयागांव थाना हैदराबाद जनपद खीरी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष भेजा गया गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में नि. सतीश चन्द्र,का0 राकेश वर्मा थाना हैदराबाद मौजूद रहे।

# तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार के कोर्ट में पेशकार न होने से जटिल समस्याएं ,वादकारी व अधिवक्ता परेशान

❒ गोला तहसील के अधिवक्ता संदीप अवस्थी बुधवार को मंडलायुक्त रोशन जैकब से मिलकर लिखित पत्र देकर स्थाई पेशकार की नियुक्ति की किया मांग

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोला गोकर्णनाथ-खीरी। तहसील स्तर पर तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार के कोर्ट में पेशकार न होने से वादकारियों एवं वकीलों को विषम परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है जिसके संबंध में गोला तहसील के अधिवक्ता संदीप अवस्थी



बुधवार को मंडलायुक्त रोशन जैकब से मिलकर लिखित पत्र देकर स्थाई पेशकार की नियुक्ति की है संदीप अवस्थी ने बताया कई महीनो से कलेक्शन पटल का कार्य देखने वाले बाबू जब्बार को तहसीलदार ने अपने न्यायालय में अटैच कर लिया। बीच में सीतापुर से एक पेशकार विपनीश को गोला भेजा गया कुछ दिन रहा फिर उसका तबादला कर दिया गया। गौर तलब है कि अमित पेशकार को उप जिलाधिकारी गोला में ने न्यायालय में अटैच कर लिया। जब्बार की पत्नी काफी बीमार बताई जा रही है जिसके बाद न्यायालय में कोई स्थाई पेशकार नहीं रुका। एक शिकायत पर गोला एसडीएम के पेशकार शैलेंद्र वर्मा को हटा दिया गया था संदीप अवस्थी ने कमिश्नर से मिलकर स्थाई तहसीलदार न्यायालय में नियुक्त करने की मांग की है।

# मृत अवस्था मे पड़े गोवंश, चील कौवे बना रहे निवाला

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नैमिषारण्य सीतापुर। एक तरफ जहा उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा आवारा गौवंशो के लिए गौशाला के नाम पर काफी बजट खर्च किया जा रहा है वही दूसरी तरफ गौशाला के जिम्मेदार योगी सरकार के मंसूबो पर पानी फ़ेरने मे कोई कोर कसर नही छोड रहे इसी क्रम मे विकास खंड गोदलामाऊ के अन्तर्गत ग्राम पंचायत करुआमाऊ मे बनी गौशाला की स्थित बदहाल नजर आ रही है।

जहा एक गाय गौशाला के अन्दर मृत अवस्था मे पडी हुई है जो डिस्पोज की प्रक्रिया होनी चाहिए वह जिम्मेदारो के द्वारा नही कि गई जिसके कारण गोवंशो को कुत्ते चील कौवे नोच कर खा रहे है ऐसी दर्दनाक स्थित देखकर किसी का भी मन विचलित हो जायेगा लेकिन वहा पर रहने वाले




जिम्मेदार इस पूरे घटनाक्रम से अंजान बने हुए है मामले को अवगत कराने के लिए जब प्रधान से मुलाकात करने के लिए प्रयास किया तो प्रधान जी। से बात करनी चाही तो उनका फोन कबरेज क्षेत्र से बाहर बता रहा है।

# अनदेखी : तीन महीने बाद भी नहीं हो सका सड़क निर्माण, लोगों में आक्रोश



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखीमपुर-खीरी। एक तरफ केन्द्र व प्रदेश सरकार सड़कों को गांवो से तहसील मुख्यालय को जोड़ने पर जोर दे रहीं हैं दूसरी तरफ अधिकारियों की लापरवाही के चलते मदनापुर लालबौझी सहित आधा दर्जन गांवों को जोड़ने वाली मुख्य सड़क बाढ़ के पानीं से क्षतिग्रस्त हो गई थी बाढ़ को खत्म हुए 3 महीने हो गये है लेकिन किसी अधिकारी की नज़र इस खराब सड़क पर नहीं पड़ी है। निघासन ब्लाक लुधौरी ग्राम पंचायत के रानीगंज गांव निकट बाढ़ के तेज बहाव से सड़क कट गई थीं, जिससे मदनापुर, लालबोझी, खमरिया सहित आधा दर्जन गांवों का संपर्क तहसील मुख्यालय से टूट गया है बाढ़ खत्म हुए तीन महीने हो गए हैं लेकिन इस बाढ़ के पानीं से खराब सड़क को ठीक करने की जिम्मेदारी किसी अधिकारी ने नहीं ली हैं जिससे किसानों को गन्ना तुलवाने के लिए इधर-उधर रास्ते से गुजरना पड़ रहा है। अपनी जरूरत को पूरा करने के लिए तहसील मुख्यालय जाने वाले सैकड़ो लोग लंबी दूरी तय करके मुख्यालय तक पहुंच रहे हैं।

# एवियन इन्फ्लूएंजा (बर्ड फ्लू) की जनपद स्तरीय गठित टास्कफोर्स कमेटी की समीक्षा बैठक सम्पन्न




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर । जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में एवियन इन्फ्लूएंजा (बर्ड फ्लू) की जनपद स्तरीय गठित टास्कफोर्स कमेटी की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनपद में संचालित सभी पोल्ट्री फार्मों की नियमित जांच सुनिश्चित करायें। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में प्रवासी पक्षियों की आवक अधिक रहती है, उन पर विशेष निगरानी रखें। जिलाधिकारी ने तहसील स्तरीय रैपिड रिस्पांस टीमों को सक्रिय रखे जाने के निर्देश भी दिये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि पी0पी0ई0 किट एवं फ़ेस मास्क सहित अन्य आवश्यक सामग्रियों की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। जिलाधिकारी ने सैम्पल चेकिंग के कार्यों की समीक्षा करते हुये निर्देश दिये कि मानकों के अनुरूप सैम्पल चेकिंग करायी जाये। बैठक के दौरान मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा0 एम0पी0 सिंह चन्देल ने एजेण्डा प्रस्तुत करते हुये जनपद में संचालित पंजीकृत पोल्ट्री फार्मों के विषय में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जनपद में बर्ड फ्लू के प्रभावी नियंत्रण हेतु निर्देशों के अनुसार समुचित जांच एवं कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने पोल्ट्री फार्मों की जांच सहित अन्य बिन्दुओं पर भी विवरण प्रस्तुत किया। बैठक के दौरान जिला विकास अधिकारी हरिश्चन्द्र प्रजापति सहित संबंधित अधिकारी व समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## सूर्यकुण्ड तीर्थ के जल से कलश स्थापित कर महायज्ञ प्रारंभ

**हरगांव सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नवम श्री शतचंडी महायज्ञ के शुभारंभ पर गाजे बाजे के साथ विशाल जलयात्रा निकाली गई।क्षेत्र के राजेपुर गांव में समस्त ग्रामवासियों के द्वारा नौ दिवसीय श्री शतचंडी महायज्ञ यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है।बुधवार को आचार्य पण्डित रामनरेश त्रिवेदी द्वारा सूर्यकुण्ड तीर्थ हरगांव में वरुणदेव का पूजन अर्चन करवाकर कलश भरकर यज्ञ स्थल पर स्थापित किए गए।आचार्य पण्डित रामनरेश त्रिवेदी ने बताया कि इस महायज्ञ से देश के समस्त प्राणियों का कल्याण होगा।इस महायज्ञ का आयोजन 5 फरवरी से 13 फरवरी तक चलेगा।इस अवसर पर लक्ष्मीकांत शुक्ला, रामू शुक्ला, प्रधान मनोज यादव, धीरू मिश्रा सहित सैकड़ों भक्त शामिल रहे।

## बिसवां लायर्स एसोसिएशन के निवर्तमान अध्यक्ष अश्वनी त्रिपाठी एडवोकेट के चाचा कमलेश कुमार त्रिपाठी का सुबह हृदयगति रुक जाने के चलते निधन

**बिसवां सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगर के प्रख्यात चिकित्सक रहे स्वर्गीय डॉ, राम नरेश त्रिपाठी के छोटे भाई व बिसवां लायर्स एसोसिएशन के निवर्तमान अध्यक्ष अश्वनी त्रिपाठी एडवोकेट के चाचा कमलेश कुमार त्रिपाठी का सुबह हृदयगति रुक जाने के चलते निधन हो गया। अंगरासी के मूल निवासी कमलेश कुमार त्रिपाठी ने हिन्दू नेता के रूप में राम मंदिर आंदोलन सहित धार्मिक उत्सवों में अग्रणी भूमिका निभाई थी।उनके निधन का समाचार मिलते ही उनके आवास कैथी टोला मे अंतिम दर्शन के लिए तांता लगा रहा।उनका अंतिम संस्कार शीतला देवी शमशान घाट पर किया गया।उनके आकस्मिक निधन पर क्षेत्रीय विधायक निर्मल वर्मा, पूर्व विधायक महेंद्र सिंह यादव,कसमंडा स्टेट कुँवर दिनकर प्रताप सिंह, सपा नेता प्रमोद वर्मा,साहित्यकार पदमकान्त शर्मा,सपा पूर्व जिलाध्यक्ष शमीम कौसर,बिसवां बार एसोसिएशन अध्यक्ष आरएन सिंह,बिसवां लायर्स एसोसिएशन अध्यक्ष कमलेन्द्र बाजपेयी, भाजपा नगर अध्यक्ष पंकज गुप्ता,गन्ना समिति अध्यक्ष सुधाकर शुक्ला,सभासद श्रवण कुमार श्रीवास्तव, नीरज मिश्रा, मुकुट बिहारी बाजपेयी, हरनाम चंद्र सेठ,धर्मेंद्र जायसवाल, अमर मेहरोत्रा,आनंद मेहरोत्रा, सीपी सिंह,रवि भल्ला,संजय मेहरोत्रा, प्रेम सेठ,रॉकी अरोड़ा,मार्कण्डेय यादव,सहित काफी संख्या में नगर के साहित्यकारों, अधिवक्ताओं, ने शोक व्यक्त किया।

## विकासखंड ऐलिया के कुरका की गौशाला में गौवंश गन्दगी की वजह से बीमारी की हालत में

**ऐलिया सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तरप्रदेश जिले के सीतापुर के विकास खण्ड ऐलिया की ग्राम पंचायत कुरका में बनी गौशाला में प्रधानपति मनमोहन मौर्या के द्वारा करवाऐ गऐ कार्यो में कोई नियमावली का ध्यान नहीं रखा गया है जबकि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री गौशालाओं के लिऐ करोड़ों रुपये ख़र्च करते है और सभी ज़िले के जिलाधिकारीयों को निर्देशित किया कि कोई भी गौवंश कोई भूखा न रहे व किसी तरह की परेशानी में न रहे मगर विकासखण्ड ऐलिया के कुरका ग्रामपंचायत महिला प्रधान के पति मनमोहन मौर्या अपने अनुसार नियम बनाकर गौशाला में अनियमिताओं का भंडार बनाऐ है। गौशाला के बाहर गेट पर दो आदमी खड़े रहते जो किसी भी व्यक्ति को गौशाला के अंदर नही गौवंशो तक जाने देते गेट के बाहर लिख के लगाया फ़ोटो खींचना सख्त मना है संवाददाता द्वारा गौशाला के अंदर कुछ दूर तक पहुँचने के बाद बाहर जबरदस्ती निकलवा दिया गया कहा गया यहाँ किसी को फ़ोटो खींचने के लिऐ छूट नहीं है अन्दर की गौवंशो की बहुत ही दयनीय इस्थित है गन्दगी की वजह से कई गौवंश बीमारी की हालत में भी लग रहे थे। जब कि सीतापुर जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द लगातार गौशाला और भ्रष्टाचार का निरीक्षण भी करते है और सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित भी किया मगर कुरका ग्रामपंचायत में बने गौशाला में गौवंश गन्दगी की वजह बीमारी की हालत में रहने को मजबूर है।

## जानकारी देने से कतरा रहे जे0आई, सहित अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग सीतापुर

**बेहटा,सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** बरसात के बाद जाड़ा ऋतु अलविदा कह गर्मी को आमंत्रण दे चुकी है जिसके बाद पुनः वही डरावनी बारिश ऋतु आने वाली है सीतापुर का बसंतापुर जो शारदा नदी की विभीषिका से त्रस्त जनपद से राजधानी तक परिचय का मोहताज नहीं है जहां पर विधायक सुनील वर्मा व सांसद राजेश वर्मा की संस्तुति पर जल शक्ति मंत्री धर्मपाल सिंह की स्वीकृति पर वर्ष 2017,18 में 12 करोड़ एक लाख रुपयों की लागत से स्टेट निर्माण परियोजना का काम हुआ था जो वर्तमान तक ग्रामीणों का सुरक्षा कवच का काम करता रहा विगत जुलाई अगस्त में तट बंध कटने से नदी ने विकराल रूप धारण कर लगभग 150 मीटर परियोजना को निगल कर भयावह स्थिति उत्पन्न कर दी जिससे बसंतापुर सहित दर्जनों गांव जलमग्न हो गए इस बीच लोगो का दुःख दर्द साझा करने के लिए मंडलायुक्त रोशन जैकब का दौरा हुआ ग्रामीणों द्वारा डैमेज कार्य को पूरा करवाने एवं नदी से उत्पन्न दैवीय आपदा से गांव से बाहर निकलने का कोई संपर्क मार्ग न होने की बात कही जिस पर मंडलायुक्त ने खंड विकास अधिकारी को फटकार लगाते हुए रास्ता बनवाने को कहा लेकिन न तो अभी तक कोई रास्ता बन पाया न ही कोई डैमेज परियोजना पर कार्य होने की जानकारी मिल रही है पुष्टि के लिए जब कैनविज टाइम्स संवाददाता ने बसंतापुर की साइड देख रहे परवेश जे, आई व अधिशासी अभियंता विशाल पोरवाल का नंबर लगाया तो महोदय ने फोन रिसीव कर जानकारी देना उचित नहीं समझा जहां पर योगी सरकार पीड़ित का फोन एक बार न रिसीव होने पर बैंक काल कर संपर्क करने की बात कर रही है वही पर कई हफ्तों तक नंबर लगाने पर भी जानकारी देने में कतरा रहे हैं ।

# आईआईटी सहकर्मी से दुष्कर्म का आरोपित चढ़ा पुलिस के हत्थे, करीबी के घर में ले रखी थी शरण

**एजेंसी**

कानपुर। आईआईटी कानपुर में अपनी सहकर्मी इंजीनियर से यौन उत्पीड़न के आरोपित शुभम मालवीय को पुलिस ने मंगलवार देर रात गिरफ्तार कर लिया। एसीपी अभिषेक पांडेय ने मामले की जानकारी देते हुए बुधवार को बताया कि आरोपित की खोज में पुलिस इंदौर तक गयी, लेकिन शातिर कानपुर में ही अपने करीबी के घर मे छुपा था।

अब बुधवार को उसे न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा जाएगा। पूर्वोत्तर भारत की रहने वाली पीड़ित युवती ने आईआईटी के साइबर सिक्योरिटी से जुड़े एक प्रोजेक्ट में बतौर इंजीनियर काम करती है। इसी प्रोजेक्ट में मध्य प्रदेश के इंदौर का रहने वाले मैनेजर शुभम मालवीय और युवती के बीच नजदीकियां बढ़ गयी। दोनों के बीच मोबाइल नम्बर का आदान-प्रदान हुआ और फिर दोनों ने एक साथ जीने मरने का वायदा करते हुए शादी करने का फैसला किया। इस बीच आरोपित पीड़िता के साथ कई बार हम बिस्तर भी हुआ। जब लड़की ने शादी करने का दबाव बनाया तो




आरोपित ने उसे जाति सूचक गालियां देकर शादी से इंकार करते हुए भगा दिया। इस घटना से आहत होकर पीड़िता ने 26 जनवरी को कल्याणपुर थाने में मारपीट।

जाति सूचक गालियां और शादी का झांसा देकर बलात्कार करने का मुकदमा दर्ज कराया था। आरोपित की तलाश में पुलिस ने कानपुर के नारामऊ स्थित फ्लैट से लेकर इंदौर तक ठिकानों पर छापेमारी की थी। कल्याणपुर एसीपी अभिषेक पांडेय ने बुधवार को बताया कि आरोपित शुभम मालवीय को मंगलवार रात कानपुर स्थित उसके करीबी के घर से गिरफ्तार कर लिया गया है।

बुधवार को न्यायलय के समक्ष पेशकर जेल भेज दिया जाएगा।

# केएफसीएल ने शुरु किया यूरिया का उत्पादन, नैनो यूरिया किसानों के लिए बनेगी संजीवनी

**एजेंसी**

कानपुर। उत्तर प्रदेश सहित बिहार के किसानों को यूरिया मुहैया कराने वाला कानपुर का केएफसीएल उद्योग बंदी के संकट से उबर चुका है, क्योंकि केन्द्र सरकार ने सब्सिडी का सैकड़ों करोड़ रुपया उपलब्ध करा दिया है। इससे गैस उपलब्ध कराने वाले भारत सरकार के उपक्रम गेल का भुगतान हो गया और एक बार फिर यूरिया का उत्पादन बुधवार से शुरु हो गया। इसक साथ ही नैनो यूरिया का प्लांट भी रन में है जो किसानों के लिए संजीवनी साबित होगी, क्योंकि लिक्विड रुपी नैनो यूरिया का छिड़काव छोटी मशीनों और ड्रोन से आसानी से किया जा सकता है। साथ ही नैनो यूरिया को आसानी से ट्रांसपोर्ट भी किया जा सकेगा। पनकी औद्योगिक क्षेत्र स्थित एकमात्र भारी उद्योग कानपुर फर्टिलाइज़र केमिकल लिमिटेड (केएफसीएल) में 18 दिसंबर 2024 से यूरिया का उत्पादन ठप हो गया था। इसके पीछे कारण रहा कि भारत सरकार के उपक्रम गेल इंडिया ने बकाया भुगतान को लेकर ओर से गैस आपूर्ती बंद कर दी थी। गैस उपलब्ध न होने से यहां से रोजाना 2100 टन यूरिया का उत्पादन ठप हो गया और कर्मचारियों के साथ किसान भी पशोपेश में आ गये थे। इस पर कंपनी के निदेशकों ने लंबी चर्चा के साथ मं?थन किया और शहर सांसद रमेश अवस्थी ने भी सहयोग किया। हुआ यूं कि केएफसीएल को केन्द्र सरकार से सब्सिडी मिलती है और करीब सात सौ करोड़ रुपये की सब्सिडी रुकी थी जिससे गैस की आपूर्ति का भुगतान नहीं हो पा रहा था। भुगतान होने पर सोमवार को गेल ने गैस की आपूर्ति सेवा शुरु कर दी और बुधवार को कंपनी ने यूरिया का उत्पादन शुरु कर दिया। पहली खेप उत्तर प्रदेश और बिहार के किसानों को केन्द्र सरकार के निर्देशानुसार उपलब्ध कराया जाएगा। वापस आए श्रमिक केएफसीएल के प्रबंधन अधिकारी अवनीश राय ने बताया कि गेल कि ओर से दो दिन पहले गैस की आपूर्ती शुरु हुई है। यूरिया उत्पादन के लिए प्रक्रिया की जाती है। उसको तैयार करने में लगभग दो दिन का समय लगता है। जिससे आज पहली खेप तैयार हो गयी है। अब इसे केंद्र सरकार के दिशा-निर्देश पर विभिन्न राज्यों में किसानों के लिए भेजा जायेगा। जिससे किसानों को यूरिया की कमी ना होने पायेगी। साथ ही उन्होंने बताया कि उत्पादन बंद होने से लगभग 1000 श्रमिकों को काम मिलना बंद हो गया था। जिससे वह बेरोज़गार हो गए थे और आर्थिक संकट से जूझ रहे थे।

# ग्रीन जोन में भवन बनवाना है तो मास्टर प्लान के जेई को कीजिए मैनेज

❑ ग्रीन जोन मे बेखौफ अवैध तरीके से हो रहा है निर्माण

कैनविज टाइम्स संवाददाता





कुशीनगर । जनपद के पडरौना नगर पालिका क्षेत्र के ग्रीन जोन व विनियमित क्षेत्र मे मे बिना नक्शा पास कराये अवैध तरीके से भवन बनवाना बहुत आसान है। चर्चा-ए-सरेआम है कि मास्टर प्लान के जेई को मैनेज कीजिए और ग्रीन जोन व विनियमित क्षेत्र मे अवैध रूप से इमारत खडी कर लीजिए। बेशक! सूबे के वजीजेआला पर्यावरण सुरक्षा के लिए हरियाली बढ़ाने और उसे बचाने के लिए पुरी तरह संकल्पित है लेकिन विडम्बना यह है कि जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते शहर के पर्यावरण को बचाए रखने के लिए चिन्हित की गई ग्रीन बेल्ट की भूमि पर विनोद शर्मा सहित दर्जनों लोगो धड़ल्ले से अवैध निर्माण करा रहे हैं। हालाकि प्रशासन ने इनमें से कई लोगो को नोटिस दिए है जो दबंगों पर पूरी तरह से बेअसर है। इसके पीछे जानकारों का तर्क है कि नोटिस की कार्रवाई सिर्फ दिखाने के लिए है ग्रीन जोन मे अवैध निर्माण करने वाले लोगो से तहसील प्रशासन के जिम्मेदार व विनियमित क्षेत्र के जेई मोटी रकम वसूल कर खामोशी के साथ ग्रीन जोन में अवैध निर्माण कराने की अपनी सहमति देकर सूरदास बन जाते है। जानकर बताते है कि अवैध निर्माण को लेकर हो-हल्ला मचता है तो विनियमित क्षेत्र (मास्टर प्लान) के जिम्मेदार अवैध निर्माण करने वाले दबंगों को नोटिस थमाकर अपने दायित्वों का इतिश्री कर लेते है।सूत्रों का कहना है कि ग्रीन जोन व विनियमित क्षेत्र मे मे बिना नक्शा पास कराये अवैध तरीके से भवन बनवाना है तो मास्टर प्लान के जेई को मैनेज कर लिजिए और बेखौफ अवैध निर्माण कराते रहिए। ऐसे में कहना मुनासिब होगा कि योगी सरकार के पर्यावरण सुरक्षा व संरक्षण मिशन मे प्रशासन और मास्टर प्लान पलीता लगाकर सरकार की छिछालेदर करने में जुटा है। नतीजतन यहां के दबंग, जिम्मेदार अधिकारियों के साथ मिलकर पडरौना शहर के ग्रीन बेल्ट से हरियाली का नामोनिशान मिटाकर पेड़-पौधों की जगह बडी बडी इमारते, दुकान, अस्पताल और रेस्टोरेंट खडा कर रहे है। इसकी एक बानगी पडरौना नगर के सुभाष चौक पर गैस विल्डिंग का कारोबार करने वाले विनोद शर्मा सरीखे दर्जनो है जो ग्रीन जोन एरिया मे बिना नक्शा पास कराये दबंगई के बल पर अवैध तरीके से भवन निर्माण करा रहे है।

## ग्रीन जोन मे प्रतिबंधित है निर्माण

बतादे कि पडरौना-कसया जाने वाली मार्ग पर स्थित बडी गंडक नहर की प्रथम पटरी के बगल में पुल से बावली चौक तक पडरौना नगर का ग्रीन जोन एरिया घोषित किया गया है जहां स्थायी निर्माण पर पूरी तरह प्रतिबंधित है।यही वजह है कि ग्रीन जोन चिन्हित एरिया मे मकान निर्माण कराने के लिए मास्टर प्लान द्वारा किसी भी तरह से नक्शा पास नही किया जाता है। इसके बावजूद बिना नक्शा पास कराये अवैध तरीके से ग्रीन जोन मे भवन व इमारतों का निर्माण किया जा रहा और प्रशासन व मास्टर प्लान के जिम्मेदार कुंभकर्णी निद्रा में है। पडरौना नगर के सुभाष चौक पर गैस बिल्डिंग की दुकान संचालित करने वाले विनोद शर्मा से जब मीडिया ने ग्रीन जोन एरिया मे बिना नक्शा पास कराये अवैध दो मंजिला भवन निर्माण के संबंध मे पूछा तो विनोद ने बडे ही दबंगई से कहा कि जी! हा, बिना नक्शा पास कराये व बिना किसी के अनुमति से मकान बन रहा है जिसको जो कार्रवाई करना है वह कर ले। उन्होंने कहा कि मास्टर प्लान ने नोटिस दिया है, ऐसे नोटिस आते रहते है विभाग ने अपना काम किया है हम अपना कार्य कर रहे है।

# पत्रकारों ने हर्षोल्लास पूर्वक मनाया, ग्रापए मंडलीय मंत्री का जन्मदिन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

राजापाकड़/ कुशीनगर। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन गोरखपुर के मंडलीय मंत्री अजय सिंह का जन्मदिन हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। तमकुहीराज तहसील कार्यालय में गुरूवार की शाम आयोजित बर्थडे पार्टी में पत्रकारों ने केक काटकर, एक दुसरे को मिठाई खिलाकर बर्थडे का जश्न मनाया। साथ ही अपने चहेते पत्रकार साथी के बेहतर स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की मंगल कामना की। इस दौरान ग्रापए के जिला उपाध्यक्ष पारसनाथ पांडेय ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देवाधिदेव महादेव से यही कामना है कि अजय सिंह जी स्वस्थ रहें, निरोग रहें, दीर्घायु रहें। वरिष्ठ पत्रकार/ प्रधान संघ सेवरही अध्यक्ष कृष्ण कुमार राय ने उनके सुखमय एवं मंगलमय जीवन की कामना करते हुए बधाई दी। तहसील अध्यक्ष राजकुमार चौबे ने कहा कि अजय सिंह जी सदैव हंसते रहें, मुस्कराते रहें,भगवान भोलेनाथ से यही कामना है। तहसील महामंत्री अंजनी सिंह ने कहा कि वरिष्ठ पत्रकार अजय सिंह के बेहतर जीवन की हम कामना करते हुए बधाई दी। इस दौरान ओमप्रकाश राय, शैलेष बंटी, कृष्ण मुरारी पांडेय, सुरेन्द्र राय, अहमद हुसेन, अनिल चौरसिया, सलाउद्दीन, मनीष तिवारी, विजय गोड़, नितांत सिंह, अखिलेश राय, अजय शर्मा आदि ने शुभकामनाएं दी।

# श्रीरामकथा व श्रीरामलीला से राममय हो रहा कसया नगर

❑ श्रीरामजानकी मंदिर (मठ) कसया पर श्रीराम महयज्ञ का तीसरा दिन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। कसया नगर स्थित श्रीरामजानकी मंदिर (मठ) में पंद्रहवें वर्ष दस दिवसीय श्रीराम महायज्ञ के दूसरे दिन मंगलवार की रात अयोध्या धाम से आये कलाकारों द्वारा श्रीरामलीला के अंतर्गत नारद मोह की कथा का मंचन किया गया जिसे देखकर दर्शक भाव-विभोर हो गए। कथा के माध्यम से कलाकारों ने संदेश दिया कि भक्त का जीवन अहंकार मुक्त रहना चाहिए। वहीं तीसरे दिन बुधवार को दोपहर में श्रीधाम वृंदावन से आये कथा वाचक अंकुश जी महाराज ने श्रीराम कथा की अमृत वर्षा कराते हुए कहा कि भक्ति के लिए भगवत कृपा जरूरी है। केवल मनुष्य ही परमात्मा को पा सकता है। अन्य जीव में वैसी शक्ति नही है। कथा सुनने के लिए मन का एकाग्र होना जरूरी है। कथा का प्रारम्भ यजमान मीनू पाठक, सुमित त्रिपाठी, विनय पांडेय व उमा पांडेय आदि द्वारा व्यास पीठ के पूजन से हुआ। इस दौरान आचार्य रामजी पांडेय के देख रेख में श्रीराम महायज्ञ एवं अयोध्या धाम से आये संतो द्वारा अखंड श्रीसीताराम नाम संकीर्तन चलता रहा। श्रद्धालु भारी संख्या में यज्ञ मंडप की परिक्रमा करते रहे। इस अवसर पर महंत त्रिभुवन शरण दास, व्यवस्थापक देव नारायण शरण, विष्णु शरण, परशुराम दास, सुरेश प्रसाद गुप्ता, राम आशीष शुक्ल, सुरेश तिवारी, मणि प्रकाश यादव, शिवम राय, निशांत सिंह, अर्चना पाठक, संगीता पाठक, आशीष पांडेय, राकेश गिरी, संजीव दुबे, मदन अग्रहरि, सुधा रानी, आरती गुप्ता, विजय प्रकाश राव, विजय सिंह, लक्ष्मण लाल श्रीवास्तव, जगदीश जायसवाल, आलोक श्रीवास्तव, धनंजय तिवारी, विपिन बिहारी श्रीवास्तव, काशीनाथ सिंह, घनश्याम जायसवाल, अनिरुद्ध यादव, प्रियंका तिवारी, दीपू तिवारी, संजय पांडेय, अनमोल तिवारी, दिव्यांशु श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# नाली निर्माण के बाद जिला पंचायत ने निकाला टेण्डर

❑ जिला पंचायत सदस्य ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर की शिकायत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर । जिला पंचायत द्वारा रोहुआ पुल निर्माण में किया गया धन का बंदरबांट का मामला अभी जनपदवासियों के जेहन से ओझल भी नही हुआ कि जिला पंचायत की एक नई कारस्तानी सामने आ गया है। इसका खुलासा जिला पंचायत के एक सदस्य ने की है। मामला यह है कि निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद जिला पंचायत ने उस कार्य का टेण्डर निकाला है जो जिला पंचायत मे व्याप्त भ्रष्टाचार की ओर इशारा कर रहा है। सदस्य ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर दोषी और जिम्मेदार लोगो के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। मुख्यमंत्री को भेजे गये शिकायती पत्र मे पडरौना उत्तरी वार्ड संख्या 57 के जिला पंचायत सदस्य मीरा यादव ने कहा है कि ग्राम पंचायत रतनवां में बेचू राजभर के घर से भरत राजभर के घर तक 16 लाख 45 हजार 700 रुपये की लागत से भूमिगत नाली निर्माण कार्य कराने के लिए जिला पंचायत द्वारा दिनांक 26 दिसंबर - 2024 को टेण्डर प्रकाशित किया गया है, जिसमें यह कार्य क्रम संख्या 92/189 पर अंकित है। मजे की बात यह है कि यह कार्य पहले ही पूर्ण हो चुका है। शिकायतकर्ता का दावा है कि जिला पंचायत अपने आदतन सरकारी धन का लूट खसोट व फर्जी भुगतान के लिए यह टेण्डर निकाला है। शिकायतकर्ता ने जिला पंचायत अध्यक्ष पर नियम विरुद्ध तरीके से निविदा निकाल कर करोडो रुपये धन का बंदरबांट किये जाने का आरोप लगाया है। मुख्यमंत्री को भेजे गये पत्र में शिकायतकर्ता जिला पंचायत सदस्य मीरा यादव ने कहा है कि इसके पूर्व भी जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा पिछले वित्तीय वर्षो में नियम विरुद्ध तरीके से ओपेन जीम, हाईमास्कट लाईट, सोलर वाटर पम्प, आदि निविदा प्रकाशित करके करोड़ों रूपये सरकारी धन का दुरूपयोग किया जा चुका है। शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री से पूर्व मे कराये गये भूमिगत नाली निर्माण कार्य का निविदा प्रकाशित कर लूट खसोट करने वाले अध्यक्ष एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही करने एवं इसके पहले कराये गये ओपेन जीम, हाईमास्क लाईट, सोलर वाटर पम्प आदि कार्यों के निविदा प्रक्रिया की जांच कराते हुए तकनीकी एवं भौतिक सत्यापन कराने की मांग की है।

## क्या है रोहुआ पुल मामला

सीबीआइ ने उच्च न्यायालय के आदेश पर 2012 में उत्तर प्रदेश के सात जनपदों में मनरेगा घोटाले की जांच शुरू की थी। कुशीनगर जनपद के खड्डा विकास खण्ड क्षेत्र के शाहपुर ग्रामसभा में मनरेगा से बने बहुचर्चित 30 मीटर लंबे रोहुआ पुल की जांच 2012 से प्रारम्भ हुआ। मनरेगा के गाइड लाइन को दरकिनार करते हुए रोहुआ पुल निर्माण के घोटाले से जुड़े अधिकारियों व कुछ पूर्व जनप्रतिनिधि सहित आधा दर्जन से अधिक सहित लोगों को सीबीआई ने गिरफ्तार किया था।

## अधिवक्ताओं का सम्मान और सुरक्षा देना मेरा पहला धर्म : अनुराग त्रिवेदी



**लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** वरिष्ठ अधिवक्ता एवं लखनऊ बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अनुराग त्रिवेदी ने अपने साथी अधिवक्ता राम प्रकाश वर्मा के जन्मदिवस पर उन्हें श्रीराम लिखित दुशाला भेंट कर दीर्घायु की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने लखनऊ जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश संगठन मंत्री पत्रकार मोहम्मद फहीम से भी शिष्टाचार भेंट की और उन्हें सम्मानित किया। अनुराग त्रिवेदी इस समय बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सदस्य पद हेतु चुनाव की तैयारी में पूरी तरह से सक्रिय हैं। अधिवक्ताओं के बीच उनकी लोकप्रियता और पकड़ लगातार मजबूत होती जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे अधिवक्ताओं के अधिकारों और कल्याण के लिए हमेशा प्रयासरत रहे हैं और चुनाव जीतने के बाद इन मुद्दों को प्राथमिकता से उठाएंगे। अनुराग त्रिवेदी ने कहा, ''अधिवक्ताओं का सम्मान और सुरक्षा मेरा पहला धर्म है।'' उन्होंने आश्वासन दिया कि बार काउंसिल में जीत सुनिश्चित करने के बाद वे अधिवक्ताओं की सुविधाओं, सुरक्षा और अधिकारों के लिए प्रभावी कदम उठाएंगे। अनुराग त्रिवेदी ने अधिवक्ताओं के हित में कई महत्वपूर्ण योजनाएँ मन में संजो रखी हैं। उन्होंने शिष्टाचार भेंट के दौरान कहा कि चुनाव में विजयी होने के बाद वे अधिवक्ताओं की समस्याओं और मांगों को बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के समक्ष प्रभावी रूप से प्रस्तुत करेंगे। अब देखने वाली बात यह होगी कि चुनाव के दौरान अधिवक्ताओं का उन्हें कितना समर्थन मिलता है, जिससे वे सफलता प्राप्त कर सकें।

## मणिकर्णिका तीर्थ से बही स्वच्छता की बयार,'स्वच्छ तीर्थ अभियान' की शुरूआत

**वाराणसी।** धर्म नगरी काशी में तीर्थ स्थलों की पवित्रता बढ़ाने के उद्देश्य से बुधवार को मणिकर्णिका तीर्थ पर स्वच्छता की अलख नमामि गंगे के सदस्यों ने जगाई। बासंतिक सर्द हवा के झोंके के बीच मणिकर्णिका घाट पर स्वच्छता अभियान में युवाओं ने श्रमदान किया। इसके बाद घाट की गंदगी,फूलमाला,पॉलीथिन को एकत्रित करके नगर निगम के स्वच्छताकर्मियों को सौंपा गया। महाकुंभ में स्नान के पश्चात काशी पहुंच रहे श्रद्धालुओं के साथ कार्यकर्ताओं ने मां गंगा की आरती भी उतारी। शहर के मंदिरों और धार्मिक स्थलों की सफाई के लक्ष्य को साध कर गंगा तट की स्वच्छता का संकल्प श्रद्धालुओं को दिलाया गया। नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला ने बताया कि ''स्वच्छ तीर्थ अभियान'' का उद्देश्य धार्मिक और आध्यात्मिक परिसरों तथा उनके आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ और कचरा मुक्त बनाए रखने के प्रति व्यवहार और दृष्टिकोण में सकारात्मक बदलाव लाना है।

## पुलिस कर्मी विजय दुबे की रहस्यमयी मौत, गांव में छाया मातम

**मीरजापुर।** गाजीपुर जिले के करंडा थाना में तैनात पुलिस कर्मी विजय दुबे (37) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इस दुखद घटना से उनके पैतृक गांव भैंसा (कछवां) में शोक की लहर दौड़ गई। विजय दुबे जनवरी के अंत में तीन दिन की छुट्टी पर घर आए थे और फिर ड्यूटी के लिए गाजीपुर लौट गए थे। चार फरवरी की सुबह उनके परिवार को सूचना मिली कि वह गाजीपुर पुलिस लाइन की तीसरी मंजिल से गिर गए हैं। परिजन जब गाजीपुर पहुंचे तो पता चला कि हादसा सोमवार रात को हुआ था। जानकारी के अनुसार वह क्विक रिस्पांस टीम की ड्यूटी के दौरान पुलिस लाइन में मौजूद थे। इमारत से गिरने के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। छोटे भाई आशीष दुबे ने इस घटना को संदिग्ध बताया और कहा कि विजय आत्महत्या नहीं कर सकते। परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़ विजय दुबे पांच भाइयों में चौथे नंबर पर थे। पहले ही उनके दो भाइयों का निधन हो चुका है। उनकी दो पुत्रियां और एक चार साल का पुत्र है, जो अब अनाथ हो गया। पुलिस अधीक्षक डॉ. नीरज राज ने बताया कि मामले की जांच जारी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

## गैंगस्टर एक्ट में वांछित बदमाश पुलिस मुठभेड़ में घायल, गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** थाना मधुबन बापूधाम पुलिस ने बुधवार को मुठभेड़ के दौरान गैंगस्टर एक्ट में वांछित बदमाश को गिरफ्तार किया है। गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। उसके कब्जे से एक तमंचा मय जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। एसीपी स्वतन्त्र कुमार ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश दीपक शाहपुर रोड का रहने वाला है। वह फिलहाल कुमार त्यागी के मकान में किराये पर ग्राम मोरटा में रहता है। वह गिरोह का सरगना है। अपने साथियों की मदद से आसपास के क्षेत्रों से लूट-पाट व चोरी करता था। पूछताछ में उसने स्वीकारा कि चोरी का माल हम लोग घर न ले जाकर आस-पास जंगल व खेतों में छिपा देते थे। मौका पाकर उसे बेचकर उससे मिलने वाले पैसों को आपस में बांट लेते हैं। आरोपित ने जानकारी दी कि अभी भी कुछ सामान जीडीए गोल चक्कर से जो जंगल की तरफ सड़क जा रही है, वहीं झाड़ियों में कुछ सामान छिपा रखा है। आप चलें तो मैं चलकर बरामद करा दूंगा। इसके बाद पुलिस आरोपित को लेकर माल बरामदगी के लिए बताये गए स्थान पर पहुंची।

# व्यवसायी की माता के निधन पर विधायक पीएन पाठक ने जताया शोक




कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। नगर निवासी और होटल लीला गैलेक्सी के प्रबंधक किशोर कुमार निषाद की माता के निधन पर विधायक पीएन पाठक सहित सैकड़ों गणमान्य जनों ने शोक व्यक्त किया है। बीते सोमवार की शाम को श्री निषाद की माता सुंदरी देवी पत्नी स्व 0 श्रवण निषाद (80 वर्ष) का निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार छोटी गंडक नदी के कोन्हवलिया घाट पर किया गया। निधन पर विधायक पीएन पाठक की पत्नी श्रीमती मीनू पाठक, विधायक प्रतिनिधि रुद्र प्रताप सिंह, अनिल प्रताप राव, आद्या पाण्डेय, छेदी शर्मा, रत्नेश श्रीवास्तव, अमित मालवीय, मस्तराज सिंह, दीपक शर्मा, बलिस्टर भारती, अवधेश कुशवाहा, ओमप्रकाश कुशवाहा सहित काफी लोग श्री निषाद के आवास पर पहुंचे और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी।

# गरीबों, मजलूमों के अधिकारों की रक्षा होगी : संजय गुप्ता

❑ सपा की पीडीए जनपंचायत का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। फाजिलनगर विकास खंड के गांव सोहंग-महुअवा खुर्द में बुधवार को समाजवादी पार्टी की पीडीए जन पंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें पार्टी के नेताओं ने अपने विचार रखे। सपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख संजय गुप्ता ने जन पंचायत को संबोधित करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी पीडीए के माध्यम से गरीब और मजलूम लोगों के अधिकारों की रक्षा करेगी। पूर्व जिला अध्यक्ष मु. इलियास अंसारी ने कहा कि सपा की पीडीए हर ग्राम पंचायत में बैठक कर पिछड़ों, अल्पसंख्यकों और दलितों को जोड़ने का कार्य कर रही है। वरिष्ठ नेता कलामुद्दीन, पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राम अवध यादव और जिला उपाध्यक्ष विजय यादव ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में ग्यासुद्दीन अंसारी, हामिद अंसारी, गुड्डू अंसारी, रियाज अहमद, अब्दुल वाहिद, एकबाल अहमद, सुदामा गुप्ता, जितेंद्र यादव, ओपी गिरी और शैलेंद्र पटेल सहित कई लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन उस्मान गनी नूरी ने किया। जबकि अध्यक्षता सपा के विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र प्रसाद वर्मा ने की।

# धूमावती माता अभाव और संकट को दूर करने वाली माता: श्री महंत नारायण गिरि

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुम्भ नगर। गुप्त नवरात्रि अनुष्ठान में मां धूमावती, मां बगलामुखी के साथ महाकाली, महालक्ष्मी, महासरस्वती समेत सभी देवी-देवताओं की आराधना की जाती है एवं रात्रि में शतचंडी महायज्ञ में आहुति देकर विश्व कल्याण की कामना की। धूमावती माता को अभाव और संकट को दूर करने वाली माता कहते है। यह बात बुधवार को महाकुम्भ के सेक्टर 20 संगम लोअर मार्ग पर शास्त्री ब्रिज के नीचे लगे श्री दूधेश्वर नाथ महादेव मठ मंदिर के शिविर में श्री दूधेश्वर मंदिर के पीठाधीश्वर व जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता श्री महंत नारायण गिरि महाराज ने कहा।

उन्होंने बताया कि धूमावती माता की साधना से व्यक्ति की पहचान महाप्रतापी और सिद्ध पुरूष के रूप में होती है। मां बगलामुखी की साधना दुश्मन के भय से मुक्ति और वाक सिद्धि के लिए की जाती है। जो साधक नवरात्रि में इनकी साधना करता है वह हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करता है। महाभारत के युद्ध में भगवान कृष्ण के कहने पर अर्जुन ने कौरवों पर विजय हासिल करने के लिए माता बगलामुखी की पूजा अर्चना की थी। बुधवार को अमेरिका से आए श्री दूधेश्वर वेद विद्यापीठ के पूर्व प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार पाढ़ी, उनके साथ आए भारत गर्ग, लंदन से आए हुए महाराजश्री के भक्त मुकेश भाई देसाई, अमेरिका से आए वेणुगोपाल एवं उनके साथ आए अन्य भक्तों, गाजियाबाद निवासी विवेक प्रकाश गर्ग व उनके साथ आए अन्य हरि भक्तों ने पूजा-अर्चना में भाग लेने के साथ ही महाराजश्री से भेंटकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। महाराज श्री ने कहा कि यह दूधेश्वर मंदिर व गाजियाबाद ही नहीं उत्तर प्रदेश व देश के लिए भी गौरव का विषय है कि श्री दूधेश्वर वेद विद्यापीठ के आचार्य व विद्यार्थी आज पूरे विश्व में सनातन धर्म व भारतीय संस्कृति का परचम फहरा रहे हैं। विश्व प्रसिद्ध व ऐतिहासिक अयोध्या के राम मंदिर से लेकर विश्व के अन्य बडे मंदिरों में यहां के आचार्य व विद्यार्थी पुजारी के रूप में धर्म व संस्कार की शिक्षा दे रहे हैं। भारत ही नहीं विश्व के कई देशों के विश्वविद्यालयों, शिक्षण संस्थाओं व संस्थानों में भी वे कार्यरत हैं। अमेरिका के तो सभी 50 प्रांतों के मंदिरों में श्री दूधेश्वर वेद विद्या पीठ के आचार्य व विद्यार्थी पुजारी हैं। विद्यापीठ के पूर्व प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार पाढ़ी 16 वर्ष से अमेरिका में हैं और उन्हें ग्रीन कार्ड भी मिल चुका है। पूर्व प्रधानाचार्य हरे कृष्ण महापात्र भी अमेरिका में ही हैं। वहीं प्रथम प्रधानाचार्य मनोज पाढी वाशिंगटन में हैं। यहां के आचार्यो व विद्यार्थियों में अमेरिका में मंदिर की स्थापना भी कर दी है। विद्यापीठ के वर्तमान प्रधानाचार्य आचार्य तयोराज उपाध्याय व अन्य सभी आचार्यो व शिक्षकों की मेहनत के चलते ही आज अमेरिका इंग्लैंड, जापान, सिगापुर, मलेशिया इंडोनेशिया, आबु धाबी आदि देशों के मंदिरों में श्री दूधेश्वर वेद विद्यापीठ के आचार्य व विद्यार्थी पुजारी के रूप में भगवान की सेवा कर रहे हैं। श्रीमहंत नारायण गिरि ने बताया कि गुप्त नवरात्रि अनुष्ठान की पूर्णाहुति गुरूवार को मां मातंगी व मां कमला की पूजा-अर्चना के साथ होगी। वहीं श्री दूधेश्वर नाथ महादेव कुंभ मेला शिविर पूर्णमासी 12 फरवरी तक चलेगा। 8 फरवरी तक शिविर पूरी तरह से फुल हैं। अतः भक्त 8 फरवरी के बाद ही आएं।

# ट्रेलर और बस की टक्कर में दो महिलाओं की मौत, 10 से अधिक घायल

एजेंसी

चंदौली। जनपद के अलीनगर थाना क्षेत्र के जंसो की मड़ई गांव के समीप हाइवे पर तेज रफ्तार ट्रेलर ने यात्रियों से भरी मिनी बस में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बस में सवार दो महिलाओं की मौत हो गई। वहीं, दस से अधिक यात्री घायल हो गए। मंगलवार देर रात हुए हादसे की जानकारी पाते ही पुलिस अफसर मौके पर पहुंच गए। सभी घायलों को आनन-फानन में जिला अस्पताल पहुंचाया गया। सूचना पाकर मृतक और घायलों के परिजन भी अस्पताल के लिए रवाना हो गए। बताया गया कि बस में सवार यात्री बिहार से प्रयागराज महाकुंभ जा रहे थे। बिहार की राजधानी पटना के कदम कुआं थाना क्षेत्र के महुआटोली से 26 लोग मंगलवार शाम मिनी बस (टेंपो ट्रैवलर बस )से प्रयागराज के लिए निकले। देर रात बस जनपद चंदौली अलीनगर थाना क्षेत्र के जनसों की मड़ई गांव के समीप हाइवे पर पहुंची तो चालक ने वहां चाय पीने के लिए वाहन को रोका। इसी दौरान अचानक पीछे से आए ट्रेलर वाहन ने बस में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बस अनियंत्रित होकर पलट गई। बस के पलटते ही उसमें सवार यात्री दब गए। चीख पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण जुटे और पुलिस को सूचना देकर घायलों को बस से किसी तरह निकालना शुरू किया। तब तक पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

खुली ई-निविदा सूचना सं. इज्जत/इलै./ओ.टी./02/2025 दि. 31.01.2025

निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा.)/ इज्जतनगर द्वारा आमन्त्रित की जाती है :- **क्र.सं. (01),** कार्य का नाम : इज्जतनगर मण्डल के टनकपुर स्टेशन पर (2 टन) मैकेनाईज्ड लान्ड्री का प्रावधान से सम्बन्धित विद्युतीय कार्य। अनुमानित लागत रू. में : 64,60,778.05, धरोहर राशि रू. में : 1,29,300.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. में: शून्य, ई-निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समय : 25.02.2025, 15.00 बजे तक, स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि : चार माह। ● इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। ● पूर्ण विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है। ● निविदादाता के पास क्लास-III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना आवश्यक है और IREPS पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिए। ● केवल पंजीकृत निविदादाता ही ई-टेण्डरिंग में भाग ले सकते है। ● सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहिए।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा.)/ इज्जतनगर**

मुजाधि/विद्युत- 232

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

# जिलाधिकारी को देना होगा सड़क मरम्मत का प्रमाण पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। आयुक्त देवीपाटन मंडल शशि भूषण लाल सुशील ने अमृत पेयजल योजना के अंतर्गत खोदी जाने वाले सड़ कों को ठीक न करने पर कड़ा कदम उठाया है उन्होंने मंड ल के सभी जिलों के डीएम को सख्त निर्देश दिए हैं कि वह अमृत पेयजल योजना के अंतर्गत पाइप डालने के दौरान खोदी गई सड़कों को ठीक न करने पर संबंधित कार्यदायी संस्था के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाये।साथ ही उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि वह ऐसा प्रमाण पत्र उपलब्ध कराये जिसमें वे प्रमाणित करें कि अ मृत पेयजल योजना के अंतर्गत पाइप डालने के दौरान खोली गई सभी मुख्य मार्ग,लिंक मार्ग,संपर्क मार्ग,चकरा डो एवं उनकी पटरियों की मरम्मत एवं समतलीकरण का कार्य करा दिया गया है और अब ऐसी कोई सड़क शेष नहीं है।ङ्कआयुक्त देवीपाटन ने कहा कि पेयजल योजना के अंतर्गत सड़के खोदने से आमजन को कोई भी परेशानी नहीं होनी चाहिए। सड़क खोदने के बाद बाद मरम्मत न करने वाली कार्यदायी संस्था के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।लोगों को बेहतर सड़क मार्ग उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है।अतः सड़क खोदकर पाइप डालने के बाद सड़क मार्ग को ठीक करने की जिम्मेदारी सम्बंधित कार्यदायी संस्था की है अतः यदि संस्था अपने जिम्मेदारी का निर्वहन नहीं करेंगी तो उसके खिलाफ कठो र कार्रवाई की जाएगी जिसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# आदर्श रेलवे स्टेशन का मुख्य द्वार बना अवैध ऑटो स्टैंड, दैनिक यात्रियों को हो रही परेशानी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। देश व प्रदेश में सड़क सुरक्षा को लेकर व्यापक स्तर पर कैंपेन चलाया जाता है।लेकिन इस कैंपेन का असर रेलवे परिसर में नहीं पड़ता है।रेलवे स्टेशन के सामने रोड पर ऑटो चालक और ई-रिक्शा चालकों की मनमानी से दैनिक यात्री परेशान हैं।आलम ये है कि रेलगाड़ियों के आगमन के समय देश व प्रदेश में सड़क सुरक्षा को लेकर व्यापक स्तर पर कैंपेन चलाया जाता है।लेकिन इस कैंपेन का असर रेलवे परिसर में नहीं है रेलवे स्टेशन के सामने रोड पर ऑटो चालक और ई-रिक्शा चालकों की मनमानी से दैनिक यात्री परेशान हैं।आलम ये है कि रेलगाड़ियों के आगमन के समय ऑटो चालक गेट को घेरकर खड़े हो जाते हैं। जिससे यात्रियों को




स्टेशन पर जाने का रास्ता नहीं मिलता है।साथ ही रोड भी पूरी तरह से जाम हो जाता है।जिससे रेलवे कालोनी व जय नारायण चौराहे की ओर आवागमन करने वाले लोगों को भी दिक्कत हो रही है।लेकिन जीआरपी द्वारा कोई आवश्यक कार्रवा ई नहीं किए जाने से इन चालकों की मनमानी बढ़ती जा रही है।जबकि सूत्रों के द्वारा रेलवे परिसर में स्थाई रुप से ऑटो स्टैंड की शिनाख्त की गई है।लेकिन सवा रियों को भरने के चक्कर में स्टैंड खाली पड़ रहता है और मुख्यद्वार पर ऑटो चालकों का जमावड़ा लगा रहता है।रेलवे के कर्मचारियों और पुलिस विभाग के कर्मियों की मानें तो ई-रिक्शा चलाने वाले लोग गरीब तबके के हैं।मानवता के आधार पर इन पर कार्रवाई से बचना चाहते हैं।लेकिन उन्हें भी शिकायत मिल रही है कि यह गेट के सामने जमा हो जाते हैं।जिसकी वजह से लोगों को आवागमन का भी रास्ता नहीं मिलता है। पुलिस कर्मियों द्वारा आए दिन इन्हें खदेड़ा जाता है। लेकिन अगले दिन वही हाल दोबारा हो जाता है।सबसे अधिक परेशानी सुबह और शाम के समय गाड़ियों के प्लेटफार्म पर लगने के समय होती है।सूत्र बता रहे है कि दैनिक यात्रियों ने रेलवे और जीआरपी के कर्मियों से अपील की है कि इन्हें रास्ते छोड़कर खड़े होने की मांग की है लेकिन फिर भी मुख्य गेट पर एक भी जीआरपी के जवान नहीं दिखाई देते हैं।

### कई बार ट्रेन छूट जाती है

दैनिक यात्री अमित, प्रदीप, अमर तिवारी,अमित सिंह, सलमान,और संदीप सिंह,खुसबू सिंह और रामपाल पाण्डेय ने बताया कि दोपहर तीन बजे आम्रपाली ट्रेन से लखनऊ के लिए जाना था लेकिन मेरी ट्रेन छूट गई है। वही कई लोग रोजाना ड्यूटी से घर जाते हैं। कई बार ऐसा होता है कि ट्रेन छूटने वाली होती है और दौड़कर पकड़ना होता है। लेकिन इनकी वजह से रा स्ता ही नहीं मिलता है। जिसके कारण ट्रेन छूट जाती है।

# जघन्य कु-कृत्य के विरोध में समाजवादी महिला सभा ने निकाला कैंडिल मार्च

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बहराइच। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व महिला सभा उत्तर प्रदेश की प्रदेश अध्यक्ष रिबू श्रीवास्तव के निर्देशानुसार बीते दिनों प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या मे दलित परिवार की बेटी के साथ घटित हुई हैवानियत व क्रूरता की शर्मनाक घटना जिसके कारण उस बच्ची की जान चली गई। इस जघन्य कु-कृत्य के विरोध मे समाजवादी महिला सभा बहराइच की जिलाध्यक्ष मनु देवी के नेतृत्व मे भारी संख्या मे महिला पदाधिकारियों व अन्य पार्टीगणों ने बाबा साहब अम्बेडकर प्रतिमा पर मृत आत्मा की शांति के लिए मौन धारण करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि दी गई और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने व सरकार की तरफ से उचित मुआवजा देने और दोषियों को फांसी की सजा दिलाने के लिए मांग करते हुए प्रोटेस्ट किया गया। महिला सभा जिलाध्यक्ष मनु देवी ने बताया कि कुछ दिनों पहले अयोध्या के ग्रामसभा सहनवां सरदार पटेल वार्ड में एक दलित परिवार की युवती 3 दिन से लापता थी जिसको लेकर उसके परिजनों ने उस बच्ची को ढूंढने के लिए पुलिस से गुहार लगाई लेकिन पुलिस ने मौके पर कोई सक्रियता नहीं दिखाई अगर पहले ही दिन पुलिस सचेत हो जाती तो उस बिटिया के साथ यह जघन्य घटना न हुई होती और वह आज जिंदा होती।उन्होंने आगे बताया कि 3 दिन बाद उस दलित बेटी का शव हाथ व पैर बांधे हुए निर्वस्त्र अवस्था में मिला उसकी दोनों आँखें फोड़ दी गई हैं उसके साथ अमानवीय व्यवहार हुआ है। यह घटना न केवल दिल को झकझोर देने वाली है, बल्कि समाज के लिए एक शर्मनाक धब्बा भी है। जिला अध्यक्ष मनु देवी ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आज चाहे देश हो या प्रदेश हो महिलाएं खुद को कही भी सुरक्षित नहीं महसूस कर रही है। यह सरकार सिर्फ झूठे दावें करती है बहन बेटियों की सुरक्षा व सम्मान को लेकर यह काफी संवेदनहीन है और यह निकम्मी सरकार किसी के दुःख और दर्द को नहीं समझती। इस प्रोटेस्ट मे नगर अध्यक्ष महिला सभा सुमन शर्मा, हुस्न आरा, खुशनुमा, पुनम गुप्ता, महक शाह, जिलाध्यक्ष बाबा साहब वाहिनी पेशकार राव, जिलाध्यक्ष अनुसूचितजाति प्रकोष्ठ संत कुमार पासी, प्रदेश उपाध्यक्ष युवजन सभा शैलेश सिंह शैलू, तुफैल खान नाना आदि पार्टी जन मौजूद रहें।

# मनकापुर से दिखा हिमालय का नजारा ! केंद्रीय मंत्री विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने भरी उड़ान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। केंद्रीय विदेश राज्?य मंत्री और गोंडा के बीजेपी सांसद कीर्तिवर्धन सिंह ने मंगलवार को मनकापुर में माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट से आठ हजार छह सौ फीट की ऊंचाई पर उड़ान भरी।करीब डेढ़ घंटे की उड़ान के दौरान उन्होंने हिमालय के दर्शन किए और वहां की तस्वीरों सोशल मीडिया के माध्यम से सबको दिखाईं। इन तस्वीरों को देखकर सोशल मीडिया यूजर्स काफी खुश हो रहे और कमेंट कर रहे हैं।केंद्रीय मंत्री विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ़ राजा भैया ने मंगलवा र को सुबह मनकापुर स्थित आवास से माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट से उड़ान भरी। उनके साथ वाइल्ड लाइफ के फोटोग्राफर रियाज गांधी भी मौजूद रहे। उड़ान के दौरान रियाज गांधी ने ही कैमरे से तस्वीरें उतारीं। इस उड़ान में करीब बीस मिनट का समय लगा।

### 1997 में लिया था प्रशिक्षण

केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री ने बताया कि उन्?होंने 1997 में पैराग्लाइडिंग सीखी थी।उनके पास चार माइक्रो लाइट एयरक्राफ्ट (ग्लाइडर) हैं। यह एयरक्राफ्ट सिंगल इंजन और दो सीटों वाला है।उन्होंने 24 फरवरी,20 24 को भी मनकापुर से अयोध्या तक करीब 27 कि लो मीटर पैराग्लाइडिंग की थी। यह यात्रा पूरी करने में उनको 22 मिनट लगे थे।

# रिश्वतखोरी: एंटी करप्शन टीम ने बिजली विभाग के टेक्नीशियन को आठ हजार रुपए लेते गिरफ्तार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले में रिश्वतखोरी के मामले में एंटी करप्शन टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बिजली विभाग के टे क्नीशियन अंबेश श्रीवास्तव को आठ हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।यह कार्रवाई यश मय इंटरनेशनल स्कूल के सामने की गई है जहां वह चिड़ियापुर निवासी सिद्धनाथ शुक्ला से विद्युत कने क्शन के नाम पर रिश्वत ले रहे थे।गिरफ्तारी के बाद आरोपी को नगर कोतवाली ले जाया गया,जहां बिज ली विभाग के अन्य टेक्नीशियनों ने विरोध प्रदर्शन कि या।टेक्नीशियनों का आरोप था कि एंटी करप्शन टीम बिना ठोस कारण के काम में हस्तक्षेप करती है।माम ला तब शुरू हुआ जब पीड़ित सिद्धनाथ शुक्ला ने गों डा देवीपाटन मंडल एंटी करप्शन थाने में शिकायत द र्ज कराई।एंटी करप्शन टीम ने आरोपी के खिलाफ भ्र ष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।टीम ने स्पष्ट किया कि किसी भी कर्मचारी को रिश्वत लेने की छूट नहीं दी जाएगी और कड़ी कार्रवाई की जाएगी।गोण्डा जिले कई अधिकारियों पर हो चुकी कार्रवाई यह पिछले कुछ महीनों में एंटी करप्शन टीम की दूसरी बड़ी कार्रवाई है,जो भ्रष्टाचार के खिलाफ

उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।अब तक बिजली विभाग के कई ऐसे अधिकारियों को और कर्मचारियों को गिरफ्तार करके एंटी करप्शन की टीम जेल भेज चुकी है जो रिश्वतखोरी में शामिल थे।

# व्यक्ति के कर्तव्य पालन और सामर्थ्य से ही मजबूत राष्ट्र की नीव पड़ती है : जिला जज

एजेंसी




फिरोजाबाद। जनपद स्थापना के 36 वर्ष पूर्ण होने पर विकास भवन सभागार कक्ष में बुधवार को एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला जज ने कहा कि हर व्यक्ति के कर्तव्य पालन और सामर्थ्य से ही मजबूत राष्ट्र की नीव पड़ती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला जज हरवीर सिंह ने कहा कि सच्चे मन से समर्पित होकर आप सब अपना कार्य करें। कोई कर्मचारी बड़ा या छोटा नहीं है। सभी को मिले हुए दायित्व महत्वपूर्ण हैं। उन दायित्वों का पालन करना आप सभी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति के कर्तव्य पालन और सामर्थ्य से ही मजबूत राष्ट्र की नीव पड़ती है। वास्तव में मानव की सेवा भगवान की सेवा से भी बढ़कर है। हम सबको मिलकर राष्ट्र के नव निर्माण में योगदान करना चाहिए क्योंकि अकेला व्यक्ति कुछ भी नहीं कर सकता। सामूहिकता ही सफलता की सीढी है। उन्हीं व्यक्तिओं को लोग याद रखते हैं जिन्होंने समाज और राष्ट्र के लिये कुछ किया है। उन्होंने कहा कि सबके साथ मधुर व्यवहार करते हुए अपने कर्तव्यों का पालन करें, जिससे जनपद के हर नागरिक की समस्या दूर हो सके। जनपद के साथ-साथ देश और प्रदेश भी आपके योगदान से नित्य नई ऊचाईयों को छुएगा। यही हमारा प्रयास होना चाहिए। अगर कहीं पर मनुष्य के रूप में आपसे गलती हो जाती है तो उसको भूलकर अपने कर्तव्य पथ पर आगे बढें।इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि हमारा विकास भवन अंतिम पायदान पर खड़ा व्यक्ति को लाभ पहुंचाने के लिए कृत संकल्पित है। हमारा प्रयास है कि महिलाओं, बच्चों और किसानो के लिए जो भी योजनाएं संचालित हैं, उसका लाभ उनको अवश्य मिले। उन्होंने कहा कि मैं उम्मीद करता हूं कि हमारे सभी अधिकारी व कर्मचारी सच्चे मन से अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए पात्र व्यक्तिओं को लाभ पहुंचाएंगे। कार्यक्रम में परियोजना निदेशक सुभाष चन्द्र त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी प्रेमचन्द राम, विकास भवन के नाजिर कासिम अली सहित समस्त अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

## मेगा चिकित्सा शिविर का आयोजन 09 फरवरी को

**बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नेशनल मेडिकोज आर्गेनाइजेशन, अवध प्रांत के तत्वावधान में 09 फरवरी 2025 को पूर्वान्ह 09:00 बजे से गेंदघर मैदान में आयोजित होने वाले मेगा चिकित्सा शिविर कार्यक्रम को सफल बनाये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने मुख्य चिकित्साधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, डीडीओ, उपायुक्त स्वतः रोजगार, उप निदेशक कृषि, अग्रणी जिला प्रबंधक, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, उपायुक्त जिला उद्योग केन्द्र, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी, सहायक श्रमायुक्त, सहायक निदेशक मत्स्य एवं परियोजना अधिकारी डूडा को निर्देशित किया है कि मेगा चिकित्सा शिविर में विभाग द्वारा संचालित विभिन्न महत्वपूर्ण जन कल्याणकारी योजनाओं से सम्बन्धित स्टाल लगाकर लाभार्थियों का पंजीकरण, पम्पलेट, चश्मा एवं दिव्यांग व्यक्तियों को उपकरण इत्यादि का वितरण सुनिश्चित करायें। जिला सेवा प्रमुख राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ बहराइच रमेश कुमार ने बताया कि मेगा चिकित्सा शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में मा. राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात उत्तर प्रदेश सरकार श्री दिनेश प्रताप सिंह द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा।

## जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक 11 फरवरी को

**बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सदस्य सचिव एवं अधि.अभि. स.न.ख.-पंचम बहराइच ने बताया कि शासन द्वारा नामित उपाध्यक्ष जनपद सिंचाई बन्धु राघवेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक 11 फरवरी 2025 को मध्यान्ह 12:00 बजे से कल्पीपारा कालोनी स्थित सिंचाई विभाग के आफीसर्स फील्ड हास्टल में आहूत की गयी है। सदस्य सचिव ने बताया कि जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक में नहरों की समुचित सफाई, नहरों की कटिंग तथा टेल तक पानी की उपलब्धता, रोस्टर के अनुसार नहरों का संचालन, नहरों के कुलाबों की व्यवस्था, राजकीय नलकूपों का संचालन व बन्दी की समीक्षा, सिंचाई शुल्क निर्धारण, कृषकों से प्राप्त अन्य प्रकार की शिकायतों के निराकरण के साथ-साथ सिंचाई मंत्री द्वारा निर्देशित अन्य कार्यो पर चर्चा की जायेगी। सदस्य सचिव ने सभी सम्बन्धित से ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

## उप निर्वाचन के लिए नियुक्त किये गये प्रभारी व सहायक प्रभारी अधिकारी

**बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद के रिक्त सदस्य ग्राम पंचायत के 68, प्रधान ग्राम पंचायत के 05 तथा सदस्य क्षेत्र पंचायत के 03 पदों पर होने वाले उप निर्वाचन को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा विभिन्न व्यवस्थाओं के प्रभारी व सहायक प्रभारी अधिकारियों की तैनाती की गई है। उप निर्वाचन हेतु कार्मिक नियुक्ति एवं प्रशिक्षण व्यवस्था के लिए जिला विकास अधिकारी को प्रभारी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी एवं जिला प्रशिक्षण अधिकारी को सहायक प्रभारी अधिकारी, परिवाहन (वाहन एवं ईधन व्यवस्था) के लिए नगर मजिस्ट्रेट को प्रभारी एवं एआरटीओ प्रवर्तन एवं जिला पूर्ति अधिकारी को सहायक प्रभारी अधिकारी की जिम्मेदारी सौंगी गयी है। इसी प्रकार निर्वाचक नामावली के लिए सम्बन्धित उप जिलाधिकारी/सहायक निर्वाचन अधिकारी रजिस्ट्रीकरण को प्रभारी एवं तहसीलदार/अतिरिक्त सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी(पं.), मतपत्र व्यवस्था के लिए बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी एवं सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी (पं.) को प्रभारी तथा सहायक चकबन्दी अधिकारी राजेश सोनी व विभागीय स्टाफ को सहा.प्र.अधि., वीडियो ग्राफी के लिए उपायुक्त मनरेगा को प्रभारी व विभागीय स्टाफ को सहा.प्र.अधि. तथा निर्वाचन प्रबंधकीय व्यवस्था के लिए सम्बन्धित बीडीओ को प्रभारी एवं सहायक विकास अधिकारी(पं.) को सहायक प्रभारी अधिकारी नियुक्ति किया गया है।

## मनकापुर पुलिस के हत्थे चढ़ा नशे का तस्कर,एक किलो चार सौ ग्राम गांजे के साथ किया गिरफ्तार

**गोण्ड कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले के मनकापुर कोतवाली क्षेत्र के मनकापुर पुलिस ने अभियुक्त को गिलुवा क्रासिंग के पास से उसके कब्जे से एक किलो चार सौ ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है।युवक का नाम धनंजय उर्फ लवकुश वर्मा पुत्र ध र्मेन्द्र कुमार वर्मा निवासी बैराडीहा थाना छपिया जनपद गोण्डा का हैं।सूत्र बता रहें हैं कि वह प्रतिबंधित गांजे की तस्करी में काफी दिनों से संलिप्त बताया जा रहा है।पुलिस अगस्त के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर गिलुवा रेलवे क्रासिंग के पास से अभियुक्त धनजंय उर्फ लवकुश वर्मा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक किलो चार सौ ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया।गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना कोतवाली मनकापुर में गिरफ्तारी व बराम दगी के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

## मकान के विवाद में भाई को गोली मारी, हालत गंभीर

**बिजनौर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** चांदपुर थाना क्षेत्र में बुधवार को मकान के विवाद में भाई ने भाई को गोली मार दी। गंभीर हालत में उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस सभी ?पहुलओं की जांच कर रही है। चांदपुर के फीना कॉलोनी में रहने वाले जुबेर (36) को उसके सगे भाई शादाब ने दो साथियों के साथ मिलकर गोली मार दी। घटना में जुबेर के हाथ में गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल जुबेर का कहना है कि उसके भाई ने उसके मकान के ताले तोड़ दिए थे और जब इस बात की शिकायत उसने पुलिस में दर्ज कराई तो इस बात से नाराज होकर शादाब ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर उसपर हमला कर दिया। एसओ चांदपुर ने बताया कि दोनों भाइयों के बीच लंबे समय से मकान का विवाद चल रहा था। इसी के चलते एक भाई ने दूसरे भाई को गोली मार दी है।

# रेलवे स्टेशन पर बिक रही खुली खाद्य सामग्री से बीमारी की आशंका

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा। गोंडा रेलवे जंक्शन होने के नाते अधिकतर ट्रेनों का आवागमन और ट्रेनों का स्टॉपेज होता है, रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में बने खानपान स्टॉल व एक,दो, तीन व चार नंबर प्लेटफार्मो पर संचालित खा नपान ट्रालियों से खाने के साथ यात्रियों को बीमारी भी परोसी जा रही है।नियम-कायदों को ताक पर रखकर स्टॉलों पर खुले एवं बासी खाध पदार्थ बेचे जा रहे हैं। यात्रियों की सेहत से हो रहे इस खिलवाड़ को लेकर रेलवे के जिम्मेदार अधिकारी आंख पर पट्टी बांधे हुए हैं। जिससे स्टॉल संचालकों के हौंसले बुलंद हैं।

### धूल-मक्खियों में लिपटा खान-पान

रेलवे स्टेशन व प्लेटफार्मो पर रूकने वाली ट्रेनों से उत रने वाले यात्रियों की भीड़ जुटाने के लिए स्टॉलों पर खानपान सामग्री खुली रखी जाती है जबकि खानपान सामग्री ढक कर बेचने के निर्देश हैं लेकिन बाहर मोटर साइकिल से उड़ने वाली धूल व ट्रेनों के आने की वज ह से प्लेटफार्म पर उड़ने वाली धूल और मक्खियां खा ने पर जमा होती हैं।यही खाना यात्रियों को परोसकर स्टॉल संचालक चांदी काट रहे हैं।आला अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान हर स्टॉल पर खाने पर जाली ढ की जाती है लेकिन अधिकारी के निकलते ही जालियां गायब हो जाती हैं।रेलवे की पाबंदी के बावजूद सभी स्टॉलों पर चावल का कारोबार भी हो रहा है।

### खुले में बनता है खाना

स्टेशन पर संचालित खानपान स्टॉलों के लिए जिस ज गह खाना पकाया जाता है।उसे यदि यात्री देख लें तो प्लेटफार्म का दाना भी नहीं खाएं।सतई पुरवा मोह ल्ला,के नाली एवं आसपास किराए के मकानों में खुले परिसर में गंदगी और नालियों के आसपास यात्रियों का खाना पकाया जाता है।प्लास्टिक की कैन में रसी ली सब्जियां और अन्य पदार्थ खुले में लाकर यहां बेचे जा रहे हैं।डॉक्टरों के मुताबिक यह खाना फूड प्वाइज निंग की वजह बन सकता है।

### रेल यात्रियों की मजबूरी

लंबी दूरी की ट्रेनों में यात्रा करने वाले यात्रियों को गोंडा जंक्शन होने की वजह से यहीं पर खाना एवं चाय-ना श्ता लेना पड़ता है।इसी मजबूरी का फायदा उठाकर स्टॉल संचालक मनमानी करते हैं।

### ट्रेन में जमकर होती है मनमानी वसूली

स्टॉलों पर बिकने वाले पैकबंद खाध पदार्थ,कोल्ड ड्रिंक,बिस्किट एवं अन्य पदार्थो पर प्रिंट दरों से अधिक कीमत यात्रियों से वसूली जाती है।कई बार इस तरह की शिकायतें भी यात्री कर चुके हैं लेकिन इस मामले में कभी संचालकों पर कार्रवाई नहीं होती।कई बार प्रिंट से अधिक वसूली को लेकर यात्रियों का स्टॉल संचालकों से विवाद हो जाता है।

### रेल स्वास्थ्य निरीक्षक देख रहे सफाई

यात्रियों की सेहत और खानपान स्टॉलों पर बिक रहे खाध पदार्थो की जांच के लिए रेलवे ने प्लेटफार्म पर स्वास्थ्य निरीक्षक पदस्थ किए हैं लेकिन स्वास्थ्य निरी क्षक प्लेटफार्मो की सफाई का काम देख रहे हैं।स्वा स्थ्य निरीक्षक पर से जब कैनविज टाइम्स के संवाददा ता ने दूरभाष पर बात किया तो स्वास्थ्य निरीक्षक का जवाब था की मीडिया का काम हम नहीं देखते हैं जो भी बयान आपको लेना हो और जो भी पूछना हो आप लोग एरिया मैनेजर से पूछिए या सब हमारे अंडर में नहीं आता या है बोल स्वास्थ्य निरीक्षक के इसके लिए एरिया मैनेजर से मिलकर सवाल पूछ सकते हैं।

## हमीरपुर में ट्राफिक नियमों को ठेंगा दिखाने वाले 205 ड्राइवरों के लाइसेंस रद्द

**हमीरपुर।** कानपुर-सागर नेशनल हाइवे में एक्सीडेंट का ग्राफ बढऩे से यहां आम लोग खौफ के साये में सफर करने को मजबूर है। लगातार हो रहे हादसे पर अब ब्रेक लगाने के लिए यहां एआरटीओ अब खुद ही हाइवे में नियम तोडऩे वाले वाहनों की खबर ले रहे हैं। अभी तक ट्राफिक नियमों को ठेंगा दिखाने वाले 205 ड्राइवरों पर कार्रवाई करते हुए उनके लाइसेंस रद्द कर दिए हैं। हमीरपुर जिला मुख्यालय से लेकर मौदहा कोतवाली क्षेत्र तक चालीस किमी लम्बे कानपुर-सागर नेशनल हाइवे में आए दिन बड़े हादसे होते है। कुछ हफ्ते पहले ही सुमेरपुर क्षेत्र में दो ट्रकों की टक्कर में आग लगने से ड्राइवर समेत दो लोग जिन्दा जल गए थे। वहीं कानपुर-कबरई नेशनल हाइवे में इसी तरह के कई हादसे में तमाम लोग मारे गए थे। पिछले साल ही तीन सौ छिहत्तर हादसे हुए जिनमें 120 के करीब लोगों की मौतें हो गई थी। वहीं सैकड़ों लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। एआरटीओ अमिताभ राय ने बताया कि हमीरपुर जिले में एक्सीडेंट करने वाले वाहनों पर शिकंजा कसने की मुहिम चलाई जा रही है। 155 ऐसे ड्राइवरों के लाइसेंस रद्द कर दिए गए हैं जिन्होंने हमीरपुर जिले में एक्सीडेंट के मामले में शामिल पाए गए हैं। इसके अलावा नियम तोडऩे पर पचास ड्राइवरों के लाइसेंस भी रद्द किए गए हैं। यह आंकड़े वर्ष 2024 के साथ ही जनवरी 2025 के हैं।

# गांधी स्टेडियम में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद स्तर पर जिलाधिकारी के आदेशानुसार एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता के दिशा निर्देशानुसार दिनांक 24/01/2025 से 8/03/2025 तक होने वाली गतिविधियों के अंतर्गत दिनांक' 04/02/2025 को जनपद पीलीभीत में खेल सप्ताह के अंतर्गत गाँधी स्टेडियम में दो दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं अन्य पदाधिकारियों का जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शॉल और बैच लगाकर स्वागत किया। इसी क्रम में कस्तूरबा गाँधी बीसलपुर नगर की बालिकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से स्वागत किया,इसके पश्चात मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ आलोक शर्मा के कर कमलों द्वारा फुटवाल एवं कबड्डी टूर्नामेंट का टॉस उछालकर शुभारम्भ किया गया' इसके पश्चात जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता ने विशिष्ट अतिथि सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुनील कुमार व सीजेएम पूजा गुप्ता, पॉकसो जज गीता कुमारी का बैच लगाकर स्वागत अभिनन्दन किया,तत्पश्चात फुटवाल व कबड्डी की टीम के साथ परिचय किया गया। फुटवाल टीमों में विजेता टीम सर्वोदय कॉलेज विजेता घोषित की गई और कस्तूरबा गाँधी विद्यालय ग्रामीण बीसलपुर घोषित की गई। इसी क्रम में कबड्डी की टीमों में डोरीलाल भीमसेन विजेता और कस्तूरबा गाँधी ललौरीखेड़ा रही,इसके पश्चात महिला कल्याण विभाग व बेसिक एवं कस्तूरबा गाँधी विद्यालय की शिक्षिकाओं का रस्साकसी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें महिला कल्याण व बेसिक की टीम विजेता व कस्तूरबा गांधी टीम उपविजेता रही।जिनको विशिष्ट अतिथियों द्वारा पुरुष्कार देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर अपर जिला जज सुनील कुमार ,पोक्सो जज श्रीमती गीता सिंह,नगर पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल,पूजा गुप्ता सीजेएम जिला क्रीड़ा अधिकारी जयवीर सिंह,जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता समस्त कस्तूरबा गाँधी विद्यालय अध्यापिकायें एवं बेसिक शिक्षा विद्यालय अध्यापकगण एवं समस्त सम्मानित निर्णायक प्रशांत शुक्ला, संजय पाण्डेय गुरुमेज सिंह, विमला भारती,नवनीत,नरेन्द्र मौर्य,विभा मिश्रा एवं महिला कल्याण विभाग टीम उपस्थित रही हैं।

# विद्यालय में टीवी मुक्त अभियान के अंतर्गत हुआ कार्यक्रम, वितरित की दवाई

**कार्यक्रम में कंपोजित विद्यालय चाट फिरोजपुर की प्रधानाध्यापिका नीराजना शर्मा का रहा विशेष योगदान**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पूरनपुर। टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार के द्वारा चलाए जा रहे। 100 दिवसीय सघन टीबी रोगी खोजी अभियान के तहत इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी पीलीभीत शाखा ने अध्यक्ष एव जिला अधिकारी संजय कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में ग्राम चांट फिरोजपुर में 100 दिवसीय सघन टीबी उन्मूलन अभियान के अंतर्गत एक्सरे एवं दवाइयां एवं रक्त परीक्षण तथा बलगम की जांच करी गई।क्षय रोग पोर्टेबल एक्स-रे मशीन से एक्सरे किया गया उक्त कार्यक्रम में रोटरी क्लब पूरनपुर रॉयल्स का भी विशेष सहयोग रहा हैं।रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव कौशलेंद्र भदौरिया ने बताया कि सरकार के द्वारा टीबी की रोगी को खोजने और उन्हें जल्द से जल्द इलाज देने और टीबी के द्वारा मृत्यु दर को कम किये जाने के लिए यह 100 दिवसीय अभियान पूरे उत्तर प्रदेश में चलाया जा रहा है।इस कैंप में लगभग 152 लोगों का एक्सरे करा गया और 450 से अधिक लोगों को दवाई दी गई तथा 50 से अधिक लोगों का रक्त परीक्षण किया गया है।कार्यक्रम में इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी पीलीभीत शाखा सचिव कौशलेंद्र भदौरिया, चिकित्सा अधीक्षक पूरनपुर डॉक्टर मनीष राज,डॉ रमाकांत रंजन,धीरेन्द्र सिंह,एक्सरे टीम,मुकेश कुमार,एसटीएस राजेश गंगवार,एसटीएलएस शेर सिंह चौहान,आशीष यादव,अरुण ,विष्णु कुमार,नेहा दीक्षित,रईस अहमद एवं विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा हैं।

# अधिवक्ताओं ने एसडीएम न्यायिक के खिलाफ खोला मोर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



तिलोई अमेठी । तहसील बार एसोसिएशन के बैनर तले बुधवार को अधिवक्ताओं की एक बैठक आयोजित की गई जिसमें सर्वसम्मति से एसडीएम न्यायिक के क्रियाकलापों की कड़े शब्दों में निंदा की गई और तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष की अगुवाई में जिलाधिकारी के नाम सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा गया। तहसील बार एसोसिएशन तिलोई के अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि उपजिलाधिकारी न्यायिक द्वारा वादों का तामीला मनमाने ढंग से किया जाता है और आवास पर बैठकर निस्तारण कर दिया जाता है अधिवक्ताओं को अपना पक्ष रखने का अवसर तक नहीं दिया जाता है। उन्होंने कहा कि एसडीएम न्यायिक अभिनव कनौजिया द्वारा की जा रही अनियमितताओं व मनमाने रवैये को लेकर पूर्व में भी शिकायत की गई है लेकिन वह अपनी मनमर्जी करने से बाज नही आ रहे हैं। तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि एसडीएम न्यायिक के रवैय्ये से अधिवक्ताओ के साथ ही वादकारियो से अभद्रता किये जाने से आक्रोश व्याप्त है।

उन्होंने कहा कि एसडीएम न्यायिक की अदालत का अनिश्चितकालीन विधिक कार्यवाही होने तक वहिष्कार किया जायेगा।तहसील बार एसोसिएशन तिलोई के अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह के साथ ही महामंत्री श्यामू तिवारी,कोषाध्यक्ष रणविजय प्रताप सिंह, अमर बहादुर सिंह,विनोद मिश्रा, राम कृष्ण भारती, घनश्याम मिश्रा, विजय शंकर शुक्ला,पंकज अवस्थी, सुशील कुमार शुक्ला,अभिषेक सिंह, विवेक पाण्डेय, संजय वर्मा, राम बहादुर, श्याम जायसवाल सहित अन्य तमाम अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी के नाम सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी अमित सिंह को सौंपा है।

# दस से पच्चीस फरवरी तक खिलाई जायेगी फाइलेरिया रोधी दवा : सीएमओ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सभागार में आज राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह ने बताया कि जनपद में ब्लाक जामो व मुसाफिरखाना में आईडीए/एमडीए कार्यकम आगामी दस फरवरी से पच्चीस फरवरी तक चलाया जाना है जिसमें सोमवार, मंगलवार, बृहस्पतिवार व शुक्रवार को एक वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों तथा व्यक्तियों को आशा आंगनबाड़ी के माध्यम से घर घर जाकर फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई जायेगी तथा छूटे हुये व्यक्तियों को बुधवार व शनिवार में मापअप राउन्ड चलाकर दवा खिलाई जायेगी। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया रोग क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होने वाला एक तरह का संक्रामक रोग है जिसे सामान्यतया हाथी पांव के नाम से जाना जाता है। फाइलेरिया रोग से ग्रसित व्यक्तियो में पैरो में सूजन, हाथ में सूजन, पुरुषों में हाइड्रोसील, महिलाओं के ब्रेस्ट में सूजन आदि लक्षण होते हैं। उन्होंने बताया कि जनपद अमेठी में विगत वर्ष फाइलेरिया के 2129 रोगी पाये गये थे। जिसमें रूग्णता प्रबन्धन हेतु 2129 लिंफोडिमा के रोगियो को किट को वितरण करते हुए उन्हे प्रभावित अंग की साफ सफाई का प्रशिक्षण दे दिया गया है। कार्यक्रम के दौरान पाये गये 278 हाइड्रोसील रोगियों में से 271 रोगियों का आपरेशन किया जा चुका है। शेष का आपरेशन माह फरवरी में होना है। इस अभियान में पन्द्रह दिनो तक ब्लाक मुसाफिरखाना व जामों में प्रत्येक घर दो सदस्यीय तीन सौ दस टीमो द्वारा गृह भ्रमण किया जायेगा तथा बासठ पर्यवेक्षकों द्वारा टीमों का सुपरविजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि ब्लाक मुसाफिरखाना व जामों में कुल जनसंख्या 363516 है। जिसमें एक वर्ष से ऊपर के सभी व्यक्तियों को दवा का सेवन कराया जायेगा।एक वर्ष से कम आयु के बच्चे तथा गम्भीर रोग से ग्रसित व्यक्तियों व गर्भवती महिलाओं को दवा का सेवन नहीं कराया जायेगा।

## भाजपा नेता की गाड़ी खाई में गिरी

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। बीसलपुर विधानसभा क्षेत्र के गांव अमृता खास निवासी भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष गौतम शर्मा आवश्यक कर हेतु अपने साथियों के साथ फ़रूखाबाद जा रहे थे। रास्ते में जाते समय बरेली कटरा मार्ग पर अनियंत्रित होकर गाड़ी पलट गई।गाड़ी लगभग 20 फुट नीचे खाई में जा गिर गई।गाड़ी गिरने से किसी प्रकार का कोई हादसा नहीं हुआ ना ही किसी को किसी प्रकार की चोट लगी है।लेकिन गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई हैं।

## ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने एकल विद्यालय में पहुंचकर वितरण किए उपहार

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास खंड मरौरी की ग्राम पंचायत मैदना में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा द्वारा एकल विद्यालय की भाई बहनों को सम्मानित किया गया है।इसके अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में बच्चों को निशुल्क शिक्षा प्रदान करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुषगिक संगठन जनपद के विभिन्न ग्राम पंचायत में एकल विद्यालय का संचालन ग्रामीण स्तर पर चलाया जा रहा है। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे निशुल्क शिक्षा प्रदान कर रहे हैं।इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा,रोहित कुमार, गौतम,राजेंद्र सिंह, संच अध्यक्ष धर्मपाल,संच प्रशिक्षक महेंद्र पाल बर्मा,खेल शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षक दीनदयाल सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अवैध शराब पकडऩे से नाराज आरोपी ने महिला के साथ दुष्कर्म का किया प्रयास, मुकदमा दर्ज

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। गजरौला थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने बताया की उसके पड़ोसी अवैध कच्ची शराब बनाकर बिक्री करते हैं। आबकारी विभाग की टीम ने छापेमारी कर अवैध कच्ची शराब को पकड़ लिया था। आरोप है। कि आरोपी पड़ोसी महिला पर शराब पकड़वाने का शक कर रहा था। इसको लेकर आरोपी ने पीड़िता के घर पहुचकर गालीगलौज करते हुए। उसको बुरी नीयत से दबोचकर उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। किसी तरह महिला ने अपने आप को बचाया इस पर आरोपी शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर चला गया था। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## युवती को युवक साथी की मदद से लेकर फरार मामले में मुकदमा दर्ज

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के गांव की रहने वाली महिला ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी पुत्री पीलीभीत के एक निजी अस्पताल में काम करती है। 2 फरवरी को युवती अपनी माँ की दवा लेकर अपने घर आई थी और शाम के समय वह पीलीभीत जाने के लिए घर से निकली थी। आरोप है कि नवदिया धनेश निवासी अजय उर्फ रिंकू अपने साथी हरिशंकर की मदद से उसकी 24 बर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। पुलिस ने मामले में दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## सीएचसी का सीएमओ ने किया निरीक्षण

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सीएमओ आलोक कुमार शर्मा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचकर महिला बोर्ड इमरजेंसी बोर्ड का निरीक्षण किया। इस दौरान महिला वार्ड में फैली गंदगी को लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी आलोक शर्मा ने नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ मनीष राज शर्मा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने के निर्देश दिए गए। उसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मीटिंग हॉल में स्टाफ के साथ फाइलेरिया को लेकर बैठक कर जरूरी दिशा निर्देश दिए हैं।

## एक किलो सौ ग्राम गांजा के साथ कारोबारी गिरफ्तार

अमेठी । थाना पीपरपुर पुलिस ने नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत एक किलो एक सौ ग्राम गांजा के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत उप निरीक्षक रमेश कुमार यादव मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर राम वृक्ष पुत्र रामसुख निवासी ग्राम हारीपुर थाना पीपरपुर जनपद अमेठी उम्र पचपन वर्ष को ग्राम कल्याणपुर के पास से समय करीब नौ बजे रात्रि में गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में युवक के कब्जे से एक किलो एक सौ ग्राम गांजा बरामद हुआ है।थाना पीपरपुर पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।

## पुलिस ने दहेज प्रथा में वांछित युवक को पकड़ा

अमेठी,थाना मुसाफिरखाना पुलिस ने नगेशरगंज पुल के पास से दहेज प्रथा एक्ट में वांछित एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवक को जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को उप निरीक्षक नसीर अहमद मय हमराह द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर दहेज प्रथा एक्ट में वांछित शिव मंगल उर्फ मंगल पुत्र राजभवन निवासी ग्राम पिण्डारा महाराज थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी उम्र करीब अठाइस वर्ष को नगेशरगंज पुल के पास से गिरफ्तार किया गया।इस सम्बंध में थाना मुसाफिरखाना के प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक को जेल भेज दिया गया है।

## निर्णायक चुने जाने पर बधाईयों का तांता

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। 38 वे राष्ट्रीय खेल जो कि 28 जनवरी से 14 फरवरी 2025 तक उत्तराखंड हो रहा है। जिसमें ताइक्वांडो खेल का आयोजन 5 फरवरी से 9 फरवरी 2025 तक होना है। जिसके लिए सुल्तानपुर ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव एवं पूर्व अंतर्राष्ट्रीय ताइक्वांडो खिलाड़ी राष्ट्रीय रेफरी प्रणय चंद्र शुक्ला का चयन निर्णायक के रूप मे किया गया है। निर्णायक चुने जाने पर सुल्तानपुर ताइक्वांडो संघ अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप दुबे ओलंपिक संघ सचिव पंकज कुमार दुबे सुल्तानपुर ओलंपिक संघ अध्यक्ष पूर्व खेल मंत्री ओपी सिंह ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## जिला ओलम्पिक संघ ने एसपी से की औपचारिक मुलाकात

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला ओलम्पिक संघ के सचिव पंकज दुबे के नेतृत्व में सुल्तानपुर पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह से अपने ओलम्पिक संघ की टीम के पदाधिकारियों के साथ स्मृति चिन्ह देकर एक शिष्टाचार मुलाकात किया साथ में उन्हें स्टेडियम आने के लिए संघ ने आमंत्रित भी किया। एसपी ने खेल को आगे बढ़ाने के लिए अपने स्तर से हर सम्भव मदद करने की बात भी कही और उन्होंने स्टेडियम आने के लिए भी बोला।

# अजहर और रोहित की बल्लेबाजी ने दर्शकों का दिल जीता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। भदैया के सातनपुर में आयोजित कैनवस बाल कैश मनी क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुक़ाबला सिप्तापुर और मुरारपुर के बीच खेला गया, मुख्य अतिथि सुरेंद्र सिंह बजरंगबली विशिष अतिथि मुनेंद्र मिश्र चंदन और क्षेत्र पंचायत सदस्य जगन्नाथ वर्मा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टॉस कराया आयोजक पंकज सिंह, अध्यक्ष कप्तान अहमद की अगुआई में प्रतियोगिता का फाइनल मुक़ाबला सिप्तापुर और मुरारपुर के बीच खेला गया। सिप्तापुर के कप्तान राहुल सोनी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 178 रन बनाए, अजहर और रोहित की आतिशी बल्लेबाजी ने दर्शकों का दिल जीता जवाब में उतरी मुरारपुर की टीम आखिरी ओवरों तक संघर्ष करते हुए 165 रन ही बना सकी , फाइनल के मैन ऑफ द मैच रोहित रहे जिन्होने 56 रन बनाकर 3 विकेट झटके, प्रतियोगिता में मैन ऑफ द सीरीज भी रोहित रहे जिन्होने पूरी प्रतियोगिता में 140 रन बनाकर 9 विकेट झटके भाजपा नेता विकास वर्मा ने खिलाड़ियों के लिए किट की व्यवस्था की साथ ही खेल कूद को बढ़ावा देने के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया, समापन के अवसर पर अतिथियों द्वारा विजेता टीम को ट्राफी, क्रिकेट किट और 11000 का नगद पुरस्कार दिया वहीं उपविजेता टीम को ट्राफी, किट एवं 6000 का नगद पुरस्कार दिया गया निर्णायक दुर्गेश सरोज और विकास रहे स्कोरिंग अभिषेक सिंह और गोलू शुक्ला ने की कॉमेंटेटर प्रदीप रहे प्रतियोगिता के 'आयोजक पंकज सिंह ने बताया कि हर वर्ष ये प्रतियोगिता कराई जाएगी अध्यक्ष कप्तान अहमद ने बताया कि क्षेत्रवासियों को इस बार जिले के बेहतरीन खिलाड़ियों का प्रदर्शन देखने को मिला' इस अवसर पर समाजसेवी प्रदीप दुबे, अजय सिंह, पंकज कनौजिया, सूरज, विजय शुक्ला, बबलू यादव, सर्वेश मिश्रा, रोहित सिंह, राजू सिंह, अखिलेश पांडे, नीरज सिंह आदि उपस्थित रहे उपस्थित रहे।

# नगर पालिका के सफाई अभियान को आइना दिखा रहा कूड़े का अंबार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। नगर पालिका परिषद सफाई अभियान के लाख दावे कर ले लेकिन स्थलीय हकीकत देखकर आप चौंक जाएंगे। सफाई अभियान में करोड़ों खर्च करने के बावजूद नगर पालिका परिषद योगी सरकार की आंख में धूल झोंकने के लिए तैयार है। दीवारों पर रंग रोगन कर आकर्षक तस्वीरें दिखाकर भले ही वाहवाही बटोर ले पर हकीकत इससे अलग है। पालिका के अफसरो की माने तो डोर टू डोर कूड़ा लेने का काम बखूबी संपन्न कराया जा रहा है पर वार्ड नंबर 12 राइन नगर का दौरा कर ले तो आपको पता चलेगा कि यहां के नाले की स्थिति अत्यंत गंभीर है। सड़क के किनारे कूड़े का अंबार लगा हुआ है। साफ सफाई सिर्फ कागजों पर हो रही है। वीडियो वायरल होने के बाद जहां नाले की सफाई का काम संपन्न कराया गया वहीं मोहल्ले वाले बताते हैं कि नाले के किनारे रहने वाले परिवारों ने नालों को ही कूड़ा स्थल बना लिया है वह अपने घरों की छत से लगातार नालों में कूड़ा डाल रहे हैं जिससे नाला जाम की स्थिति में पहुंच जाता है। वहीं सफाई कर्मी के न पहुंचने पर जगह जगह कूड़ा एकत्रित कर दिया जाता है उसे घुमंतू जानवरों द्वारा फैला कर सड़क की स्थिति गंभीर बना दी जाती है। गाहे बगाहे शिकायतें करने पर कर्मचारियों द्वारा कूड़ा उठाया जाता है। गर्मी की शुरुआत के साथ ही संक्रामक रोगों के बढ़ने का खतरा बना हुआ है वही दरियापुर वार्ड में सफाई कर्मियों की संख्या घटा दिए जाने से सफाई व्यवस्था प्रभावित हुई है। मुख्य मार्गों पर सफाई के नाम पर वार्डो से सफाई कर्मी हटा लिए गए। कुल मिलाकर नगर पालिका परिषद के जिम्मेदार अधिकारी वार्डों में सफाई व्यवस्था को लेकर ना तो जागरुक नजर आ रहे हैं ना ही उनके द्वारा कोई ठोस पहल की जा रही है गांव गली की गंदगी सुल्तानपुर में पालिका की सफाई व्यवस्था को आइना दिखा रही है।

# मोस्ट को तोड़ने वाली ताकतों से सतर्क रहें : श्यामलाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। मोस्ट कल्याण संस्थान के तत्वाधान में फतेहपुर संगत गांव में सारे बंधन तोड़ो-मोस्ट बहुजन जोड़ों कार्यक्रम का आयोजन किरन निषाद के नेतृत्व में किया गया।

मोस्ट कल्याण संस्थान के निदेशक शिक्षक श्यामलाल ल्लगुरूजील्ल ने कहा कि मोस्ट बहुजन समाज को संगठित करने के लिए आपस मे सहकारिता, समन्वय, सहयोग और त्याग की भावना के साथ-साथ मोस्ट समाज के महापुरुषों के विचारों को प्रसारित करने की आवश्यकता है। श्री निषाद ने जागरूक साथियों से अपील की कि मोस्ट समाज को तोड़ने वाली ताकतों से सतर्क रहते हुए अपनी पूरी ऊर्जा के साथ अपने गाँव-क्षेत्र में मोस्ट समाज को जोड़ने का काम करें। उक्त अवसर पर सर्वसम्मति से किरन गुड्डू निषाद को महिला विंग का जिला सह संयोजक चयनित किया गया।

# शॉर्ट–सर्किट से लगी आग, कपड़े का शोरूम जलकर खाक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। शहर के बाधमंडी चौराहे के निकट स्थित खान ट्रेलर्स एंड क्लॉथ हाउस में बुधवार की सुबह करीब 3:00 बजे शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग़ से करीब 35 लाख रुपए के कपड़े व अन्य सामग्री जलकर खाक हो गए। बाधमंडी चौराहा स्थित दारा मार्केट में खान टेलर्स एंड क्लॉथ हाउस का शोरूम संचालित है। दुकानदार कामरान खान प्रतिदिन की भांति मंगलवार को भी रात करीब 10:00 बजे दुकान बंद कर घर चले गए थे। बुधवार की तड़के करीब 3:00 बजे पड़ोसियों ने फोन कर सूचना दी कि दुकान से धुआं निकल रहा है। इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची, दुकान का शटर खोला गया तो आग और धुएं के गुबार से पूरा शोरूम भरा था, कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

दुकान में सिले हुए कपड़े, थान के कपड़ा का स्टॉक, एसी, कंप्यूटर सेट, इन्वर्टर, सिलाई मशीन, फर्नीचर जल कर खाक हो गया। शोरूम में करीब 35 लाख रुपए का नुकसान बताया जा रहा है।

# बढ़ता 'निपुण भारत'

शिक्षा मंत्रालय ने निपुण भारत कार्यक्रम 2021 की शुरुआत की, जो समझ और अंकगणित के साथ पढ़ने में दक्षता के लिए एक राष्ट्रीय पहल है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि देश का हर बच्चा 2026-2027 तक ग्रेड 3 के अंत तक बुनियादी साक्षरता और अंकगणित समझ हासिल कर ले। निपुण भारत मिशन को केंद्र प्रायोजित समग्र शिक्षा योजना के तत्वावधान में लॉन्च किया गया है; यह स्कूली शिक्षा के बुनियादी वर्षों में छात्रों तक पहुँच प्रदान करने और उन्हें बनाए रखने, शिक्षक क्षमता का निर्माण करने, सीखने के परिणामों की दिशा में प्रत्येक बच्चे की प्रगति पर नज़र रखने और उच्च गुणवत्ता वाले और विविध छात्र और शिक्षक संसाधन / शिक्षण सामग्री विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। हालिया वार्षिक शिक्षा स्थिति रिपोर्ट बुनियादी सीखने के परिणामों में महत्त्वपूर्ण सुधार का खुलासा करके आशा की किरण प्रदान करती है, विशेष रूप से ग्रेड ऋक्क में। यह विकास आंशिक रूप से शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार के लिए भारत सरकार के ठोस प्रयासों के कारण है, जिसमें निपुण भारत मिशन एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 ने आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मकता (एफएलएन) को बढ़ावा देने के लिए रूपरेखा स्थापित की। इसने प्रारंभिक शिक्षा को समग्र शैक्षिक विकास के एक महत्त्वपूर्ण घटक के रूप में बल दिया। निपुण भारत मिशन एक गेम चेंजर 2021 में शुरू की गई राष्ट्रीय पठन, समझ और संख्यात्मकता पहल (निपुण) भारत, शिक्षा मंत्रालय का एक मिशन है। निपुण भारत का लक्ष्य 3 से 9 वर्ष की आयु के बच्चों के पढ़ने, लिखने और अंकगणित कौशल में सुधार करना है। निपुण भारत के घटक हैं अपनी मौखिक भाषा सुनने की समझ, शब्दावली और बातचीत करने की क्षमताओं में सुधार करें। प्रतीकों और ध्वनियों के बीच सम्बंध सीखकर लिखित शब्दों को पढ़ना सीखें, रोजमर्रा की स्थितियों को हल करने के लिए सरल गणित विचारों का उपयोग करने के लिए मौलिक संख्यात्मकता सीखें। निपुण भारत कार्यान्वयन के लिए योजनाएँ राज्य और केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन द्वारा बनाई जाती हैं। सीखने के स्तर को समझने के लिए, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद बुनियादी सीखने के शोध को अंजाम देती है। निपुण भारत की विशेषताओं में दिलचस्प पाठ्यक्रम और शिक्षण-शिक्षण संसाधन शामिल हैं जिनकी लागत प्रति बच्चा 500 रुपये है। यह प्रत्येक शिक्षक को संसाधन सामग्री के लिए 150 रुपये और उनकी क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से पाठ्यक्रमों के लिए 5, 000 रुपये देता है। यह राज्यों को छात्र मूल्यांकन के लिए 10 से 20 लाख रुपये और राज्य और जिला-स्तरीय परियोजना प्रबंधन इकाइयों के लिए 25 लाख रुपये से 1 करोड़ रुपये के बीच देता है। निपुण भारत अभियान के प्रभाव की कहानियों के अनुसार, शिक्षक गणित को अधिक रोचक बनाने के लिए गीतों का उपयोग करते हैं। उदाहरण के लिए, हालिया वार्षिक शिक्षा स्थिति रिपोर्ट 2024 में कहा गया है कि ग्रेड ऋक्क के विद्यार्थियों ने अपने पढ़ने के कौशल (24% से 34%) और घटाव के कौशल (29% से 41%) में सुधार किया है। श्रगतिका घोष जैसे युवा पाठक इस बात के उदाहरण हैं कि कैसे जीवंत और प्रासंगिक कार्यपुस्तिकाओं को अपनाने से ओडिशा में साक्षरता परिणामों में सुधार हुआ है। प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक रवि शर्मा द्वारा गीतों के माध्यम से गणित पढ़ाया जाता है। जैसे-जैसे वे संख्याएँ सीखते हैं, वे नारा लगाते हैं, ''एक-दो थैला लो, तीन-चार चलो बाज़ार।'' दूसरी कक्षा की छात्रा श्रगतिका घोष अब आत्मविश्वास के साथ ओडिया पुस्तकें पढ़ सकती है। रंगीन और प्रासंगिक कार्यपुस्तिकाएँ कोर साक्षरता को बढ़ाती हैं। निपुण आवश्यक है, लेकिन इसमें कुछ कठिनाइयाँ हैं। प्रारंभिक शैक्षणिक प्रगति के बाद, कई बच्चे बाद की कक्षाओं में संघर्ष करते हैं। हाशिए पर पड़े बच्चे अक्सर बुनियादी क्षमताओं की कमी के साथ स्कूल में प्रवेश करते हैं। निपुण भारत को परिणाम देने में चार साल लगे। यदि इसे 2030 तक बढ़ाया जाता है तो इसका प्रभाव अधिक होगा। प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा (ईसीई) में निवेश करना और कक्षा ऋक्क-ठ को सीखने का समर्थन प्रदान करना महत्त्वपूर्ण है।

# ट्रम्प का पता नहीं कब क्या फैसला करेंगे?

ट्रंप और उनके समर्थकों का मानना है कि यह कदम इन देशों को अवैध प्रवासन और नशीले पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए दबाव बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है।वहीं, ये भी कहा गया कि टैरिफ ट्रंप की आर्थिक रणनीति का हिस्सा हैं। वह इस कदम के जरिए अमेरिकी अर्थव्यवस्था को बढ़ाने, अमेरिकी लोगों के हितों की रक्षा करने और नौकरियां बढ़ाने पर जोर दे रहे हैं। चुनावी प्रचार में भी ट्रंप ने कहा था कि ये शुल्क ''आपके लिए कोई लागत नहीं होंगे, यह एक दूसरे देश के लिए लागत होगी''। लेकिन दुनियाभर के तमाम अर्थशास्त्रियों ने ट्रंप के इस फैसले पर हैरानी जताई है। उनका कहना है कि ट्रंप का ये कदम अन्य देशों के लिए तो नुकसानदेह है ही लेकिन ये खुद आम अमेरिकियों के लिए भी एक बड़ा खतरा है। आसान भाषा में समझें तो टैरिफ एक घरेलू कर होता है जो सामानों पर उस समय लगाया जाता है जब वे किसी देश में प्रवेश करते हैं।मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, उदाहरण के लिए,अगर किसी कार की कीमत त्त्क0, 000 है और उस पर 25% टैरिफ है,तो उस कार पर त्त12,500 का शुल्क लगेगा।खास बात ये है कि यह शुल्क उस घरेलू कंपनी द्वारा चुकाया जाता है जो सा मानों का आयात करती है,न कि उस विदेशी कंपनी द्वारा जो सामानों का निर्यात करती है। इस लिहाज से, यह एक सीधा कर होता है जिसे घरेलू अमेरिकी कंप नियां अमेरिकी सरकार को चुकाती हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति पूरी दुनिया का ध्यान इस एक नाम पर है जो इस समम आतंकित कर रहा है।उद्यमी हों, प्रशासक हो या दूसरे देशों के शासक,आज सुबह यह आदमी क्या फैसला करेगा ? किसी को चुप कराने के लिए आप कौन सी नई घोषणा करेंगे ? ट्रंप ने कहा, हर कोई इस सोच से तंग आ चुका है।उन्होंने कहा कि हाल ही में ट्रंप ब्रिक्स देशों से नाराज थे।उन्होंने यह भी धमकी दी कि अगर डॉलर के मुकाबले कोई अन्ये मुद्रा उठाई गई तो याद किया जाएगा।राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन ने डॉलर को दफनाने के लिए यूरो मुद्रा में व्यापार को प्रोत्साहित किया, पूरी दुनिया ने देखा कि सद्दाम के सा थ क्या हुआ।अमेरिका यह बर्दाश्त नहीं कर सकता कि कोई हमारे देश को नुकसान पहुंचाए।एक बार मैंने क मिटमेंट कर दी,तो मैं खुद की भी नहीं सुनता यह फि ल्मी डायलॉग ट्रंप के लिए बहुत प्रासंगिक है।ट्रंप चुना व के दौरान किए गए हर वादे को तेजी से पूरा कर रहे हैं।अवैध रूप से अमेरिका में घुसे लोगों को पकड़ा जा रहा है।हर कोई दहशत में है।खालिस्तानी भी हैं जिन्हों ने अमेरिका में रहकर भारत के खिलाफ साजिश रची; साथ ही हमास का समर्थन करने वाले छात्र ! अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी देते हुए कहा कि मुझे पता है कि अलगाववादियों से कैसे निपटना है।गुरपत वंत सिंह पन्नू ट्रम्प के शपथ ग्रहण समारोह के वीडियो में उपस्थित अकेले नहीं थे,ऐसा लगता है कि उन्होंने खालिस्तान के समर्थन में नारे भी लगाए हैं,जिसमें पूछा गया है,खालिस्तान समर्थकों के खिलाफ ट्रम्प का रुख क्या होगा ? पन्नू की कथित हत्या को लेकर भार त और बाइडन प्रशासन के बीच टकराव चल रहा था, लेकिन डोनाल्ड ट्रंप ने तुरंत घोषणा कर दी कि वह ए क दूसरे को ढूंढेंगे और निष्कासित करेंगे।अमेरिकी पुलिस ने संयुक्त रा ज्य अमेरिका में रहने वाले अपरा धियों और अवैध प्रवासियों को ट्रैक करने के लिए कई धार्मिक स्थलों पर छापा मारा।ट्रंप के इस कदम से उम्मीद जगी है कि अमेरिका और कनाडा धार्मिक आधार पर खालिस्तान समर्थकों को शरण दे रहे हैं। पन्नू अमेरिकी नागरिक है, इसलिए वह भले ही भारत की हिरासत में न हो,लेकिन कनाडा में उसके साथी पकड़े जा सकते हैं।जस्टिन ट्रूडो के पद छोड़ने के बाद अब उम्मीद की जा सकती है कि कनाडा उन अपरा धियों को सौंप देगा,जिनकी प्रत्यर्पण सूची भारत ने सूचीबद्ध की है।ट्रम्प ने उन छात्रों की पहचान करना शुरू कर दिया है जो शिक्षा के लिए अमेरिका में रहते हैं और फिलिस्तीनी समर्थक रैलियों में भाग लेने वाले हमास का समर्थन करते हैं,और यह स्पष्ट कर दिया है कि अमेरिकी स्वतंत्रता का लाभ उठाकर आतंकवाद का समर्थन करने वाले किसी भी व्यक्ति को संयुक्त राज्य में रहने की अनुमति नहीं दी जाएगी।उन्हें उनके मूल देशों में भेजा जाएगा और अगर वे देश उन्हें स्वी कार नहीं करते हैं, तो उनके लिए बड़े संकट का एक अध्याय शुरू हो जाएगा।ट्रंप ने ऐसे लोगों के लिए कुख्यात ग्वांतानामो कोस्टल जेल में तीस हजार बेड तैयार करने को कहा है।ट्रम्प ने एक बिल पर हस्ताक्षर किए हैं जो चोरी और हिंसा के आरोपी अवैध प्रवासि यों को मुकदमे से पहले हिरासत में रखने की अनुमति देगा।पिछले दस वर्षों में, संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा हर साल अनुमानित 200,000 अवैध लोगों को उनके मूल देशों में भेज दिया गया था। बराक ओबामा के चार साल के कार्यकाल के दौरान लगभग दस लाख लोगों को,विडेन के तहत 490,000 और ट्रम्प के पहले कार्य काल के दौरान 770,000 लोगों को निर्वासित किया गया था।ट्रम्प को इस बार सभी रिकॉर्ड तोड़ने की उम्मीद है।अवैध लोग सबसे बड़ी संख्या में मेक्सिको में प्रवेश करते हैं।चीन,अल सल्वाडोर और भारतीय वहां रहने वाले सबसे बड़े लोगों में से हैं वर्ष 2023 में, अवैध रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रवेश करने की कोशिश करने के लिए बीस हजार से अधिक भार तीयों को गिरफ्तार किया गया था।वास्तव में, संगठित गिरोह अवैध रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रवेश करने में सक्रिय हैं।ये लोग लाखों रुपये इकट्ठा करते हैं।अमेरिका जाने और करोड़ों रुपये कमाने के भ्रम में लोगों को लूट लिया जाता है।मैं आश्वस्त हूँ।हालांकि, यह आंकड़ा लाखों तक जा सकता है।इसके आलावा ताजा मामला अन्य देशों पर लगाए जाने वाले टैरिफ को लेकर है।ट्रंप ने हाल ही में



कनाडा, मेक्सिको और चीन से आने वाले सामानों पर नए शुल्क (टैरिफ) लगाए हैं।ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए,जिसके तहत कनाडा और मेक्सिको से आने वाले सभी सामानों पर 25% शुल्क लगाया जाएगा। वहीं, चीन से आने वाले सामानों पर दस फीसदी शुल्क लगाए जाने की बात कही गई है। ट्रंप और उनके समर्थकों का मानना है कि यह कदम इन देशों को अवैध प्रवासन और नशीले पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए दबाव बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है।वहीं, ये भी कहा गया कि टैरिफ ट्रंप की आर्थिक रणनीति का हिस्सा हैं। वह इस कदम के जरिए अमेरिकी अर्थव्यवस्था को बढ़ाने, अमेरिकी लोगों के हितों की रक्षा करने और नौकरियां बढ़ाने पर जोर दे रहे हैं। चुनावी प्रचार में भी ट्रंप ने कहा था कि ये शुल्क ''आपके लिए कोई लागत नहीं होंगे, यह एक दूसरे देश के लिए लागत होगी''। लेकिन दुनियाभर के तमाम अर्थशास्त्रियों ने ट्रंप के इस फैसले पर हैरानी जताई है। उनका कहना है कि ट्रंप का ये कदम अन्य देशों के लिए तो नुकसानदेह है ही लेकिन ये खुद आम अमेरिकियों के लिए भी एक बड़ा खतरा है। आसान भाषा में समझें तो टैरिफ एक घरेलू कर होता है जो सामानों पर उस समय लगाया जाता है जब वे किसी देश में प्रवेश करते हैं।मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, उदाहरण के लिए,अगर किसी कार की कीमत त्त्क0, 000 है और उस पर 25% टैरिफ है,तो उस कार पर त्त12,500 का शुल्क लगेगा।खास बात ये है कि यह शुल्क उस घरेलू कंपनी द्वारा चुकाया जाता है जो सा मानों का आयात करती है,न कि उस विदेशी कंपनी द्वारा जो सामानों का निर्यात करती है। इस लिहाज से, यह एक सीधा कर होता है जिसे घरेलू अमेरिकी कंप नियां अमेरिकी सरकार को चुकाती हैं।

सुशील मिश्रा, प्रवासी भारतीय (यह लेखक के अपने विचार हैं)

# किताबों को साथी बनाकर तो देखिए

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

युवा पीढ़ी में इंटरनेट के बढ़ते इस्तेमाल की वजह से किताबों में दिलचस्पी कम होती जा रही है। फ़ेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सऐप और दूसरे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की वजह से देश के युवाओं की पढ़ने की आदत में तेजी से बदलाव आ रहा है। स्मार्टफोन और लगभग मुफ्त इंटरनेट सेवाओं के प्रसार ने आदत बदलने की इस प्रक्रिया को और तेज कर दिया है। इंस्टेंट मैगी युवा पीढ़ी का हिस्सा है। नतीजतन वे अपने जीवन को मैनेज करने के लिए गूगल का इस्तेमाल करते हैं। ठीक इसके उलट मेहनत, धैर्य और लगन से काम करके पुरानी पीढ़ी किताबें पढ़ती थी। किताबें समस्या-समाधान के लिए बहुत जरूरी थीं, खासकर आत्मकथाएं। पहले माता-पिता भी किताबें पढ़ने का सुझाव देते थे। अगर आप अभी किताबें और अखबार नहीं पढ़ते हैं तो आज से ही पढ़ने की आदत डालें। आप शायद किताबें पढ़ने के इतने फायदों से वाकिफ नहीं हैं। आजकल, युवा सुबह उठते ही समाचार पत्र पढ़ने के बजाय स्मार्टफोन पर सोशल मीडिया साइट्स ब्राउज करते हैं। कोई भी टीवी शो कितना भी लोकप्रिय क्यों न हो, अब परिवार उसे देखने के लिए एक साथ इकट्ठा नहीं होता है। सब अपने फोन पर सोशल मीडिया ऐप के साथ खुद को व्यस्त रखना जारी रखते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, डिजिटल उद्योग में और भी क्रांति आएगी। नतीजतन, जीवन और पढ़ने-लिखने की आदतों में बदलाव आए हैं, और आगे भी आएंगे।

किताबों को मनुष्य का सबसे अच्छा दोस्त माना जाता है। किताबें पढ़ने की आदत को मनोरंजन से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। इसके बजाय, इस आदत को दैनिक कार्यक्रम में शामिल करना चाहिए। आज जब लोगों से पूछा जाता है कि उन्होंने आखिरी बार कब किताब पढ़ी थी, तो अधिकांश लोग हैरान रह जाते हैं। स्कूल और कॉलेज में नामांकित छात्र तक नहीं बता पाते। यह समझने की जरूरत है कि दुनिया के हर सफल और प्रशंसनीय व्यक्ति को किताबें पढ़ने की आदत होती है। किताबें इंसान की सबसे अच्छी दोस्त मानी जाती हैं। नियमित रूप से पढ़ना न केवल आपके स्वास्थ्य के लिए अच्छा है, बल्कि यह आपके ज्ञान को भी बढ़ाता है। यह जीवन और विचारों के प्रति व्यक्ति के दृष्टिकोण को भी बदलता है। इंटरनेट चाहे कितना भी लोकप्रिय क्यों न हो जाए, किताबें पढ़ना हमेशा सबसे अच्छा विकल्प रहेगा। किताबें पढ़ने के फायदों की बात करें तो वे बहुत हैं। जब आप कोई किताब पढ़ते हैं, तो आपका ध्यान एक क्षेत्र पर केंद्रित होता है। हर दिन पढ़ने की आदत से फोकस बेहतर होता है। किसी प्रोजेक्ट पर काम करने का मन भी करता है। अखबारों में राजनीति, विज्ञान, तकनीक, कला और संस्कृति सहित कई विषयों पर लेख प्रकाशित होते हैं, साथ ही जाने-माने लेखकों और विषय विशेषज्ञों के लेख भी होते हैं। नियमित रूप से पढ़ने वाले बच्चों को नया ज्ञान प्राप्त करने का मौका मिलता है। ज्ञान की कमी के कारण आपको कई स्थितियों में चुप रहना पड़ता है। आप स्पष्ट रूप से बोलने में असमर्थ होते हैं या ऐसा करने में बहुत शर्म महसूस करते हैं। पढ़ने से ज्ञान और जानकारी बढ़ती है। उसके आधार पर आप किसी भी विषय पर कहीं भी, किसी से भी चर्चा कर सकते हैं। किताबें पढ़ने से बोलने और संवाद करने का आत्मविश्वास बढ़ता है। कहा जाता है कि अच्छा लिखना, अच्छे बोलने से ही संभव होता है। किताबें पढ़ने से आप उन विचारों और रणनीतियों के बीच सम्बंध बनाना शुरू कर देते हैं, जिन पर वे चर्चा करते हैं अपने जीवन में। आप उन्हें उसी समय अपने जीवन में लागू करना शुरू कर देते हैं। आप किसी डरावने या दुविधापूर्ण उपन्यास को पढ़ते ही उसके पात्रों और घटनाओं की कल्पना करना शुरू कर देते हैं। फिर आप उपन्यास को पूरा पढ़े बिना ही उसके अंत को समझने की कोशिश करने लगते हैं। वर्तमान पीढ़ी को समाचार पत्र पढ़ना सिखाना चुनौतीपूर्ण है, क्योंकि वे या तो अपने उपकरणों से मोहित हो जाते हैं या फिर फिक्शन पढ़ना पसंद करते हैं। समाचार पत्रों में तथ्यात्मक प्रस्तुति उनमें से अधिकांश के लिए थकाऊ और थका देने वाली होती है। हालांकि, आप कुछ नए विचारों को लागू करके समाचार पत्र पढ़ना अपने बच्चे के पसंदीदा शगल में से एक बना सकते हैं और एक बार जब आदत विकसित हो जाती है तो वह जीवन भर बनी रहती है।

## सेहत मंत्र

# जिम जाने वाले जरूर खाएं बीन्स की सब्जी मसल्स और हड्डियां होती हैं मजबूत

हरी बीन्स को स्ट्रिंग बीन्स के रूप में भी जाना जाता है और यह आसानी से मार्केट उपलब्ध होता है। इसकी पोषक सामग्री में फाइबर, विटामिन, खनिज और बहुत कम कार्बोहाइड्रेट शामिल हैं। इनमें प्रोटीन, कैल्शियम, आहार फाइबर, आयरन और कई अन्य आवश्यक पोषक तत्व भी होते हैं। हरी बीन्स में एंटीऑक्सिडेंट की प्रभावशाली मात्रा होती है और यहां तक कि हृदय संबंधी लाभ भी प्रदान करते हैं। हरी बीन्स ओमेगा -3 वसा का भी एक समृद्ध स्रोत हैं। हरी बीन्स के कैरोटीनॉयड और फ्लेवोनोइड सामग्री एंटी इंफ्लामेशन का लाभ प्रदान करते हैं। इसमें मौजूद प्रोटीन, काबोहाइड्रेट और आयरन जैसे पोषक तत्व मसल्स को तेजी से बढ़ाते हैं और उन्हें मजबूत बनाते हैं। जो लोग जिम करते हैं उनके लिए हरी बीन्स बहुत फायदेमंद हो सकता है। आप इसकी सब्जी बनाकर खा सकते हैं। बीन्स में कैल्शियम पाया जाता है, जो हड्डियों के क्षरण को रोकता है। इसके अलावा इसमें मौजूद विटामिन ए, के और सिलिकॉन भी हड्डियों के लिए फायदेमंद होते हैं। इन पोषक तत्वों की कमी होने पर हड्डायां कमजोर हो जाती हैं। हरी बीन्स में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं जो डायबिटीज को बढ़ने से रोकते हैं। इसमें पर्याप्त मात्रा में डायट्री फाइबर्स और कार्बोहाइड्रेट्स पाए जाते हैं। मधुमेह के मरीजों के लिए इसे आदर्श सब्जी माना जाता है। हरी बीन्स में पर्याप्त मात्रा में एंटी-ऑक्सीडेंट पाए जाते हैं जिससे इम्यून सिस्टम बेहतर बनता है। ये कोशिकाओं की क्षति को ठीक करके नई कोशिकाओं के बनने को प्रोत्साहित करता है। हर रोज हरी बीन्स के सेवन से एक खास किस्म के कोलोन कैंसर के होने का खतरा कम हो जाता है। बीन्स के नियमित सेवन से पेट भी स्वस्थ रहता है। इनके सेवन से पाचन संबंधी समस्याएं होने का खतरा कम हो जाता है और गैस, कब्ज और मरोड़ की परेशानी नहीं होती है!

## धर्म मंत्र

# पराशक्ति और सर्वोच्च देव हैं माता दुर्गा

देवी दुर्गा का निरूपण सिंह पर सवार एक निर्भय स्त्री के रूप में किया जाता है। वे आठ भुजाओं से युक्त हैं जिन सभी में कोई न कोई शस्त्रास्त्र होते है। उन्होने महिषासुर नामक असुर का वध किया। हिन्दू ग्रन्थों में वे शिव की पत्नी दुर्गा के रूप में वर्णित हैं। जिन ज्योतिर्लिंगों में देवी दुर्गा की स्थापना रहती है उनको सिद्धपीठ कहते है। ऐसी मान्यता है कि वहां किये गए सभी संकल्प पूर्ण होते है। हिन्दुओं के शाक्त साम्प्रदाय में भगवती दुर्गा को ही दुनिया की पराशक्ति और सर्वोच्च देवता माना जाता है क्योंकि शाक्त साम्प्रदाय ईश्वर को देवी के रूप में मानता है। वेदों में भी दुर्गा का व्यापक उल्लेख है, किन्तु उपनिषद में देवी का उमा हैमवती अर्थात हिमालय की पुत्री, उमा के रूप में उनका वर्णन किया गया है। पुराण में दुर्गा को आदिशक्ति माना गया है, क्योंकि उन्हें शिव की पत्नी कहा गया है जो आदिशक्ति का एक रूप हैं। शिव की उस पराशक्ति को प्रधान प्रकृति, गुणवती माया, बुद्धितत्व की जननी तथा विकार रहित बताया गया है। एकांकी यानि एक रूप होने पर भी देवी अपनी माया शक्ति से संयोगवश अनेक हो जाती हैं। उस आदि शक्ति देवी ने ही सावित्री ब्रह्मा जी की पहली पत्नी, लक्ष्मी, और पार्वती और सती के रूप में जन्म लिया और ब्रह्मा, विष्णु और महेश से विवाह किया था। यानि तीन रूप होकर भी दुर्गा आदि शक्ति एक ही हैं। देवी दुर्गा के स्वयं कई रूप हैं जो सावित्री, लक्ष्मी और पार्वती से अलग हैं। उनका मुख्य रूप गौरी है, जो शान्तिमय, सुन्दर और गोरा माना जाता है। उनका सबसे भयानक रूप काली है।

## पर्यटन



# भव्य नक्काशीदार खम्भों पर खड़ा है पंचमहल, हिन्दुत्व का दिखता है प्रभाव

पंचमहल का निर्माण मुग़ल बादशाह अकबर द्वारा करवाया गया था। यह इमारत फ़तेहपुर सीकरी क़िले की सबसे ऊँची इमारत है। पिरामिड आकार में बने पंचमहल को 'हवामहल' भी कहा जाता है। इसकी पहली मंज़िल के खम्भों पर शेष मंजिलों का सम्पूर्ण भार है। पंचमहल या हवामहल मरियम-उऌ-ज़मानी के सूर्य को अऱ्घ्य देने के लिए बनवाया गया था। यहीं से अकबर की मुस्लिम बेगमें ईद का चाँद देखती थीं। फ़तेहपुर सीकरी में 'जोधाबाई महल' से निकल कर सामने की ओर ही सुनहरा मकान और 'पंचमहल' है। पंचमहल के बारे में कहा जाता है कि शाम के वक्त बादशाह यहाँ अपनी बेगमों के साथ हवाखोरी करता था। 176 भव्य नक़्क़ाशीदार खम्भों पर पंचमहल खड़ा है। प्रत्येक खम्भे की नक़्क़ाशी अलग किस्म की है। सबसे नीचे की मंज़िल पर 84 और सब से ऊपर की मंज़िल पर 4 खम्भे हैं। पंचमहल इमारत नालन्दा में निर्मित बौद्ध विहारों से प्रेरित लगती है। नीचे से ऊपर की ओर जाने पर मंजिलें क्रमशः छोटी होती गई हैं। महल के खम्बों पर फूल-पत्तियाँ, रुद्राक्ष के दानों से सुन्दर सजावट की गई है। मुग़ल बादशाह अकबर के इस निर्माण कार्य में बौद्ध विहारों एवं हिन्दू धर्म का प्रभाव स्पष्टतः दिखाई पड़ता है। पंचमहल के समीप ही मुग़ल राजकुमारियों का मदरसा है। मरियम-उऌ-ज़मानी का महल प्राचीन घरों के ढंग का बनवाया गया था। इसके बनवाने तथा सजाने में अकबर ने अपने रानी की हिन्दू भावनाओं का विशेष ध्यान रखा था। भवन के अंदर आंगन में तुलसी के बिरवे का थांवला है और सामने दालान में एक मंदिर के चिह्न हैं। दीवारों में मूर्तियों के लिए आले बने हैं। कहीं-कहीं दीवारों पर कृष्णलीला के चित्र हैं, जो बहुत मद्धिम पड़ गए हैं। मंदिर के घंटों के चिह्न पत्थरों पर अंकित हैं। इस तीन मंज़िले घर के ऊपर के कमरों को ग्रीष्मकालीन और शीतकालीन महल कहा जाता था। ग्रीष्मकालीन महल में पत्थर की बारीक जालियों में से ठंडी हवा छन-छन कर आती थी।

# डीएम ने जिला चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण, स्वास्थ्य सेवाओं का जाना हाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। जिलाधिकारी बाराबंकी श्री शशांक त्रिपाठी ने बुधवार को जिला चिकित्सालय (पुरुष) का औचक निरीक्षण किया। अस्पताल में भर्ती मरीजों से बातचीत की। चिकित्सकों से दवाओं की उपलब्धता और स्वास्थ्य सेवाओं सम्बन्धी जानकारी ली। बुधवार की दोपहर जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी ने जिला चिकित्सालय (पुरुष) पहुँच कर स्वास्थ्य सेवाओं का हाल जाना। जिलाधिकारी ने ओपीडी में पंजीकरण काउन्टर पर लाइन में खड़े संदीप कुमार सहित अन्य कई लोगों से पूछा कि कितनी देर से लाइन में खड़े हो, पर्चा बनने में समस्या आ रही है क्या ? इस पर लाइन में खड़े लोगों ने बताया कि नहीं। इसके बाद एक शिकायतकर्ता की शिकायत पर नेत्र चिकित्सक से बातचीत की जिसपर नेत्र चिकित्सक द्वारा बताया गया कि मोतियाबिंद के ऑपरेशन के बाद मरीज की समस्या बढ़ जाने पर लखनऊ रेफर किया गया है। इसके बाद जिलाधिकारी ने आयुष्मान कार्ड बनने की प्रक्रिया सम्बन्धी जानकारी ली और इस कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। औषिधि भंडार में औषधियों की उपलब्धता सम्बन्धी जानकारी ली, औषधि वितरण के लिये बने चार्ट और दवाओं की उपलब्धता को भी देखा। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी प्रकार की जरूरी औषधियां हर समय अस्पताल में उपलब्ध रहनी चाहिए, साथ ही सम्बन्धित अधिकारी यह सुनिश्चित कर ले कि चिकित्सक मरीजों को बाहर से दवाएं न लिखे। इसके उपरांत एक्स-रे सम्बन्धी जानकारी ली। शौचालय की नियमित

**ओपीडी, ट्रांमा सेंटर और वार्डो का किया निरीक्षण**

**अस्पताल में भर्ती मरीजों से की बातचीत और चिकित्सकों से दवाओं की उपलब्धता की ली जानकारी**

साफ सफाई के निर्देश दिए। नाक, कान गला, बाल रोग, दांत, चर्म रोग आदि विभागों की ओपीडी में पहुँचकर चिकित्सकों व वहाँ उपस्थित मरीजों से स्वास्थ्य सेवाओं के विषय में जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। इसके बाद एमरजेंसी ट्रांमा सेंटर का निरीक्षण किया। अस्पताल परिसर में बने हार्टिकल्चर एरिया की नियमित साफ सफाई के निर्देश दिए। किचन के निरीक्षण में जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि आज 150 लोगों के लिये भोजन तैयार किया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि मरीजों के लिये दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता में कमी न होने पाए। इसके बाद जिलाधिकारी ने जिरियाट्रिक वार्ड का निरीक्षण किया, जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि मरीजों के पास टेबल पर उनकी बीमारी सम्बन्धी फाइल उपलब्ध रहनी चाहिए, और मरीजों को समय से सभी दवाएं खिलाई जाए। इसके उपरांत पोषण पुनर्वास केंद्र में बच्चों और उनके परिजनों से बातचीत की और चिकित्सकों को निर्देशित किया कि सभी जरूरी न्यूट्रिशन समय से दिए जाएं। आर्थो वार्ड में भर्ती एक बुजुर्ग महिला से बातचीत की और दवाओं सहित खाने पीने की उपलब्धता सम्बन्धी जानकारी ली। डायलिसिस और डिजिटल एक्स-रे वार्डो में मरीजों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं सम्बन्धी जानकारी ली। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अवधेश कुमार यादव सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# अबीर गुलाल के मध्य प्रतिमा विसर्जित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा बाराबंकी। बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर विकास खण्ड निन्दूरा के ग्राम बैनाताला में स्थापित माता सरस्वती की मूर्ति का बुधवार को धूमधाम से विसर्जन किया गया। गांव के दशहरा मेला स्थल पर माँ सरस्वती की प्रतिमा को ग्रामीणों के सहयोग से स्थापित किया गया था। दो दिन तक पूजन के बाद गांव के सभी श्रद्धालुओं ने मिलकर शारदा सहायक नहर में विसर्जित किया। सुबह 10 बजे गांव से म अमरुन तिराहा होते हुए कस्बा कुर्सी, टिकैतगंज, निन्दूरा , निगोहां से सायफन तक रंग ,गुलाल उड़ाते हुए गाजेबाजे के साथ पोखन्नी स्थित रेगुलेटर पर श्रद्धालु पहुंचे और विसर्जन किया गया।इस मौके पर अजय सिंह, कमलेश सिंह, बृजलाल सिंह, उपेन्द्र सिंह, हरिपाल सिंह, राधेश्याम सिंह, भारत सिंह सहित सैकड़ों भक्त श्रद्धालु शामिल हुए।

## संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

सुल्तानपुर। कूरेभार थाना क्षेत्र के दखिनवारा गांव के पास एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुआ है। शव से कुछ दूरी पर मृतक की बाइक भी मिली है, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी। मृतक की पहचान कुंदन यादव पुत्र स्व. रामचंद्र, निवासी घोंपा, हैदरगंज, अयोध्या के रूप में हुई है। कुंदन गलिबहा उपकेंद्र पर संविदा कर्मचारी के रूप में कार्यरत था और परिवार में अकेला था।

# पुरखों की याद में गरीबों की सेवा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**चश्मा व दवाईयां की वितरित**

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। सुप्रसिद्ध समाजसेवी डॉ रेहान काजमी द्वारा पिता स्वर्गीय डॉ फ़ाज़िल काजमी और खानदानी हाजी वारिस अली शाह रहमतुल्लाह अलैह,इमाम ख़ुमैनी रहमतुल्लाह अलैह और अलाउद्दीन आला बुजुर्ग की स्मृति मे एक वृहद निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया।यह शिविर रसूलपुर गांव में बुधवार को आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन डॉ. रेहान काजमी की माता श्रीमती शाइस्ता काजमी ने किया।शिविर मे शिफायल हॉस्पिटल लखनऊ और लेप्रोसी मिशन बाराबंकी के सहयोग से विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने सैकड़ों मरीजों की जांच की और उन्हें निःशुल्क दवाइयां व चश्मे वितरित किए गए।विशेष रूप से मोतियाबिंद से पीड़ित 17 मरीजों के लिए लेप्रोसी मिशन अस्पताल में निःशुल्क ऑपरेशन की व्यवस्था की गई है।इस चिकित्सा शिविर का आयोजन इमाम ख़ुमैनी फाउंडेशन ट्रस्ट किंतूर और काज़मी एजुकेशनल एंड हेल्थकेयर सोसाइटी के सहयोग से किया गया। शिविर में कई वरिष्ठ चिकित्सक और विशेषज्ञ व स्थानीय सपा नेता विनोद कुमार यादव, प्रसिद्ध समाजसेवी आदिल काज़मी,डॉ संतोष सिंह,बदोसराय ग्राम प्रधान निसार मेहंदी, जुल्फी मियां,फैज़ी मियां,सलमान अंसारी, हाजी जुबेर खान,राहिल काज़मी, असद काज़मी,सोहन लाल,राम मिलन यादव,मोहम्मद आवेश (बीडीसी) अकबर अली,अकरम खान और रिंकू मौर्या प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों के प्रति आयोजकों द्वारा आभार जताया गया।

# पशुपालक की आधा दर्जन भैंस की अकाल मौत

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। तहसील के शेषपुर टूटरु गांव में यहां एक पशुपालक की 6 भैंसों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई, जबकि अन्य चार भैंस मरणासन्न है।घटना की जानकारी के अनुसार ग्राम के निवासी रामखेलावन यादव दूध का व्यवसाय करते हैं।मंगलवार रात को उनकी 10 भैंस अचानक बीमार हुईं। आज बुधवार सुबह तक 6 भैंसों की मौत हो गई। सूचना मिलते ही पशु विभाग के उप चिकित्साधिकारी व डॉक्टर गया प्रसाद मौके पर पहुंचे। उन्होंने मृत भैंसों का पोस्टमार्टम कराया और बीमार भैंसों का इलाज शुरू किया। डॉक्टर गया प्रसाद ने बताया कि मौत का कारण जानने के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला से जांच कराई जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सटीक कारणों का पता चल सकेगा।

यह घटना क्षेत्र के पशुपालकों के लिए चिंता का विषय बन गई है। पशु विभाग की टीम लगातार स्थित पर नज़र बनाए हुए है और बीमार पशुओं के इलाज में जुटी है।

# बिजली बिल व छुट्टा जानवरों के नियंत्रण पर भाकियू ने की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामसनेहीघाट बाराबंकी। बनीकोडर ब्लॉक अंतर्गत गांव पूरे तुला मजरे सनौली में बुधवार को भारतीय किसान मजदूर यूनिट सिंघानिया की मासिक बैठक की अध्यक्षता जिलाअध्यक्ष सरदार वीरेंद्र सिंह ने की। बैठक में छुट्टा जानवरों को पकड़वा कर गौशाला भेजने,हर महीने विद्युत कर्मचारियों द्वारा हर घर मीटर रीडिंग कर बिल पहुंचाने जाने पर गहन विचार विमर्श हुआ।विद्युत विभाग में जो कर्मचारी आफिस में बैठकर रीडिंग करते हैं उन पर अंकुश लगाया जाए अन्यथा यूनियन के द्वारा विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा। पंचायत सनौली में एएनएम सेंटर पर लगभग 10 वर्षों से नियुक्ति हैं, जो कि भ्रष्टाचार में लिप्त हैं।उसको हटाये जाने की भी चर्चा की गई। इस मौके पर लल्लू सिंह जिला संगठन मंत्री नन्हेंलाल विश्वकर्मा, तहसील अध्यक्ष रामसनेहीघाट शिव मगन रावत ब्लॉक अध्यक्ष बनी कोडर राम हजारी गौतम, अशोक वर्मा को सिद्धौर ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया, वहीं पर चेतराम रावत को जिला उपाध्यक्ष बाराबंकी के पद पर नियुक्त किया गया, रमई गौतम, देवकीनंदन यादव, रक्षा राम, नौमी लाल , रामचंद्र रावत ,सहदेव रावत, रामनरेश रावत, रामनरेश धीमान, नोखे लाल पाल आदि तमाम किसान कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अवैध कब्जे की भूमि को राजस्व विभाग ने कराया खाली

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के निर्देशानुसार ग्राम सरसौंदी, परगना देवा, तहसील नवाबगंज की भूमि पर बिना किसी आवंटन के किये गये अस्थायी अवैध कब्जे को राजस्व व पुलिस टीम द्वारा मौके पर खाली कराने की कार्यवाही की गई। यह जानकारी तहसीलदार नवाबगंज ने दी। उन्होंने बताया कि सदर तहसील की भूमि गाटा संख्या 309 क्षेत्रफल 1.411हे0 श्रेणी 6-2, हरिजन आबादी भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत के कम में जिलाधिकारी महोदय, बाराबंकी द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में गठित राजस्व व पुलिस टीम द्वारा स्थलीय जांच की गयी। जांच में पाया गया कि लगभग 01 माह पूर्व 35 व्यक्तियों द्वारा बांस-बल्ली, पन्नी-तिरपाल आदि डाल कर हरिजन आबादी की भूमि पर अवैध रूप से अस्थायी कब्जा किया गया था। राजस्व टीम द्वारा हरिजन आबादी गाटा संख्या गाटा संख्या 309 क्षेत्रफल 1.411हे0 को पैमाइश करके चिन्हित किया गया तथा इस भूमि पर बिना किसी आवंटन के किये गये अस्थायी अवैध कब्जे को राजस्व व पुलिस टीम द्वारा मौके पर खाली करा दिया गया।

## प्रयोगात्मक परीक्षाएं नौ फरवरी से

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। स्थानीय राजकीय इंटर कॉलेज में आगामी नौ फरवरी से 16 फरवरी के मध्संस्थागत व व्यक्तिगत प्रयोगात्मक परीक्षाएं होंगी । प्रधानाचार्य भानु प्रताप सिंह ने बताया कि जिन छात्र-छात्राओं ने व्यक्तिगत फॉर्म भरा है विषय अध्यापक से मिलकर परीक्षाएं सुनिश्चित करें।

## चौपाल में बीडीओ ने सुनी जन समस्याएं

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बुधवार को ब्लॉक प्रांगण में ब्लॉक दिवस का आयोजन बीडीओ आलोक कुमार वर्मा की अध्यक्षता में किया गया। सुबह 10 से दोपहर दो बजे तक ग्रामीणों की समस्या सुनने के लिए एडीओ और सचिव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।बीडीओ श्री वर्मा ने बताया कि ब्लॉक दिवस में मात्र दो प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए दोनों परिवार रजिस्टर नकल से संबंधित थे जिनको लेकर संबंधित सचिव को निर्देशित किया गया है।साथ ही गौ आश्रय केंद्र संचालन समिति की बैठक हुई जिसमें क्षेत्र में संचालित गौशालाओं पर चर्चा हुई और जिस गौशाला में कोई कमी थी उसके निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया है। इस मौके पर एडीओ पंचायत अनिल कुमार सिंह,समस्त सचिव उपस्थित रहे।

## प्रधान, पंचायत सदस्य उप चुनाव तिथि घोषित

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास खंड क्षेत्र में ग्राम प्रधान के एक पद व ग्राम पंचायत सदस्य के सात पदों पर उपचुनाव होगा। ग्राम पंचायत पलिया में प्रधान पद के लिए तथा ग्राम पंचायत अखईपुर, कसगांव, कोडरी गोपालपुर, डिंगरी, दरावां, बसारा , मोहसंड में सदस्य पद के लिए उपचुनाव होगा।राज्य निर्वाचन अधिकारी के आदेश पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। चुनाव के लिए नामांकन पत्र आठ फरवरी सुबह 10 से शाम चार बजे तक जमा किया जा सकेगा। नामांकन पत्रों की जांच 10 फरवरी को की जाएगी। 11 फरवरी को नामांकन पत्र वापस लिए जा सकेंगे। 11 फरवरी को चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे। 19 फरवरी को सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान किया जाएगा। 21 फरवरी को मतगणना की जाएगी।

## जमलापुर कुटी पर मनाया गया बड़े बाबा का जन्मोत्सव

सिद्धौर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकासखंड के ग्राम जमलापुर स्थित सतनामी संप्रदाय के संत बाबा श्री केशरी दास जी की पावन स्थली पर सतनाम सम्प्रदाय के आदि परिवर्तक समर्थ स्वामी जगजीवन साहेब का जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास पूर्वक धूमधाम से मनाया गया।इस अवसर पर आयोजित भंडारा में भारी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया तथा साहेब के दरबार में माथा टेका और अरदास की।इस दौरान बड़े बाबा श्री जगजीवन साहेब श्रीकोटवाधाम, श्री केशरी दास साहेब, बजरंग बली , छोटी बड़ी बुवा,गजोधरदास साहेब आदि देवी देवताओं के जय जय कार से वातावरण गुंजायमान हुआ।

# जहांगीराबाद इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी जहांगीराबाद फोर्ट में जॉब फ़ेयर का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बाराबंकी । जहांगीराबाद इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी बाराबंकी में जॉब फ़ेयर का आयोजन किया गया जिसमे देश की प्रतिष्ठित कम्पनीज जयभारत मारुती, डीलक्स बेयरिंग, अजेस फ़ेडरल लाइफ साइंसेज, पे टी एम सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, आरपीइसजे नइस इंस्ट्रूमेंट लिमिटेड, मिण्डा कोसी अलुमुनियम लिमिटेड, आसाइन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, श्री राम लाइफ इन्शुरन्स, वीजी ऑटो कंपोनेंट्स आदि ने छात्र छात्रों का चयन किया। इस आयोजन में बीए बीकॉम इंजीनियरिंग आई टी आई डिप्लोमा इंजीनियरिंग के लगभग 200 छात्र छात्राओं ने लिखित और इंटरव्यू में भाग लिया जिसमे फाइनल राउंड के पश्चात 100 छात्र छात्राओं का 2.50 से 3.00 लाख वार्षिक पैकेज पर चयन हुआ। रजिस्ट्रार डॉ मसर्रत अली खान ने चयनित छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा कंपनी के एचआर श्री मो हनीफ अल्वी, हिबा रहमान, मॉइश्री पांडेय, मंतशा खान, असीम ज़ैदी आदि का आभार व्यक्त किया। अकादमिक हेड डॉ ऐ के मिश्रा ने ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अफसर श्री नियाज़ अहमद अंसारी के अथक प्रयास की सराहना की और प्रशासनिक अधिकारी अब्दुल नावेद समेत सभी उपस्थित शिक्षिकों के सहयोग के लिए धन्यवाद् प्रकट किया।

# जरूरतमंद की मदद ही सर्वोपरि धर्म प्रत्येक क्षण तत्पर हूं: आशीष सिंह सिसोदिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामसनेही घाट बाराबंकी। समाज के हर उस व्यक्ति का मै भाई व बेटा हूं जो दिव्यांग है मजबूर है गरीब है बीमार है आर्थिक समस्याओं के चलते जिस बाप की बेटी की डोली उठने में समस्याएं हैं मै उस प्रत्येक बेटी का भाई हूं हर समय तत्क्षण हाजिर हूं, उक्त बाते समाजसेवी आशीष सिंह सिसोदिया ने मंझगवा गांव में लोगो से बातचीत के दौरान की,आशीष सिंह सिसोदिया ने मंझगवा गांव में अंकित सिंह पुत्र अमरपाल सिंह के घर पर आयोजित एक निजी कार्यक्रम में शामिल होते हुए उक्त बातें कही श्री सिसोदिया ने बताया कि दरिया बाद हमारा गृह विधानसभा है यहा के प्रत्येक महिला पुरुष से मा बहन बेटे भाई का रिश्ता है हर व्यक्ति अपने दुःख व जरूरतों को हमसे स्वतः कह सकता है, हर सामाजिक कार्यों में मेरी सहभागिता निभवाने की जिम्मेदारी आप सब की हैं इस मौके पर श्री सिसोदिया ने एक ग्रामीण जो कि पैरालाइज हो गये उनके लिए ट्राई साइकिल खरीदने के लिए आर्थिक सहायता भी प्रदान की। इस मौके पर सैनिक ढाबा संचालक आकाश सिंह, रामतेज यादव, शीतला महाराज, शिवम गोस्वामी, राजू रावत, दिवाकर सिंह गुड्डू सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# प्राथमिक विद्यालय भुनई रुद्र में शारदा संगोष्ठी व अभ्युदय वार्षिकोत्सव का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिद्धौर। प्राथमिक विद्यालय भुनई रुद्र में शारदा संगोष्ठी एवं अभ्युदय वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रधान मो0 हकीम, गंगा देवी बहादुर डिग्री कॉलेज के प्रबंधक श्री मिथलेश कुमार, विद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष श्री इंदल के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया गया।। प्रधानाध्यापक अभिषेक नाग ने अतिथियों का माल्यार्पण कर एवं सहायक अध्यापक आलोक कुमार शुक्ल ने सभी को बैच लगाकर स्वागत किया।

विद्यालय के अध्यापकों एवं एसएमसी अध्यक्ष ने सभी अभिभावकों का स्वागत किया। कार्यक्रम में बच्चों ने सरस्वती वंदना,गणेश वंदना,स्वागत गीत,व देशभक्ति गीतों से शमा बांध दिया। कक्षा 5 की छात्रा सोनम ने महाकुंभ की थीम पर महाकुंभ है महाकुंभ है पर बेहतरीन नृत्य प्रस्तुत किया तत्पश्चात कक्षा एक की छात्रा क्षमा एवं आकांक्षा ने राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी, रिया खुशबू एवं सोनम ने धरती सुनहरी अंबर नीला, फिर भी दिल है हिंदुस्तानी पर रिया,रूबी,साक्षी,मीनाक्षी, छोटी सी किशोरी अंगना में डोली रजनी,खुशबू,सिद्धि, मैंने पायल है छनकाई पर प्रियल,हिमांशी,वर्षा,आकांक्षा ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में प्रतिदिन विद्यालय आएं इस थींम पर आधारित नाटक व देश भक्ति गीत बच्चों द्वारा प्रस्तुत किये गए। प्रतिदिन विद्यालय भेजने के लिए अभिभावकों को जागरूक किया गया।

सरकार के आदेशानुसार सर्वाधिक उपस्थिति वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। शारदा संगोष्ठी में मुख्य चर्चा- परिचर्चा के बिंदुओं जैसे- बच्चों के नामांकन उपस्थिति एवं ठहराव के संबंध में,आउट ऑफ स्कूल बच्चों हेतु शारदा कार्यक्रम, डीबीटी के संबंध में, निपुण भारत पर चर्चा ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत मूलभूत अवस्थापना सुविधाओं की जानकारी एवं चर्चा,दिव्यांग बच्चों हेतु समर्थ कार्यक्रम, विद्यालय प्रबंध समिति आदि पर चर्चा विद्यालय के प्रधानाध्यापक अभिषेक नाग ने विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला।प्रधानाध्यापक ने अपने वक्तव्य में कहा कि अभिभावकों के सहयोग से ही निपुण भारत की संकल्पना साकार होगी।

सहायक अध्यापक आलोक कुमार शुक्ल ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए नई शिक्षा नीति 2020 पर चर्चा करते हुए कहा कि आज आपके बच्चों को आनंददाई शिक्षा प्रदान की जा रही है, गतिविधि आधारित शिक्षा पर शिक्षण कार्य किया जा रहा है। बच्चों का सर्वांगीण विकास करने के लिए हम लोग कटिबद्ध हैं अतः आप सभी लोग अपने-अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजें।।इसी विद्यालय के पुरातन छात्रा क्षमा ने भी अपना वक्तव्य दिया।। ग्राम प्रधान मो0 हकीम ने कहा कि ऐसे जागरूकता एवं संगोष्ठी कार्यक्रम विद्यालय में नियमित रूप से होने चाहिए। गंगा देवी बहादुर डिग्री कॉलेज के प्रबंधक ने अपने वक्तव्य में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। निपुण भारत के अंतर्गत कक्षा 1 एवं कक्षा 2 के छात्र छात्राओं ने निपुण लक्ष्य एप के माध्यम से भाषा एवं गणित के प्रश्नों का उत्तर दिया, जिस पर सभी अभिभावकों ने सराहा। अनुभव, अर्पित कुमार, अंकित कुमार ने सभी के समक्ष विशेष प्रदर्शन किया जिस पर अभिभावकों ने खूब तालियां बजाई।। सामान्य ज्ञान क्विज प्रतियोगिता में नैतिक राज ने प्रथम स्थान हासिल किया। सुलेख एवं श्रुतलेख प्रतियोगिता में कक्षा 5 के छात्र पुष्पेंद्र कुमार ने प्रथम स्थान हासिल किया। वार्षिकोत्सव के अगले क्रम में खेलकूद प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई,जिसमें 50 मीटर की दौड़ में बालक वर्ग में अर्पित ने प्रथम स्थान एवं बालिका में क्षमा ने प्रथम स्थान हासिल किया।। 100 मीटर की दौड़ में बालक वर्ग में अखिलेश ने प्रथम स्थान एवं बालिका वर्ग में सोनम ने प्रथम स्थान हासिल किया।।

छात्र-छात्राओं के रचनात्मक कौशल वृद्धि के लिए गतिविधियां आधारित प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई जिसमें सभी छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। आई लव माय स्कूल थीम पर सेल्फ़ी स्टैंड में सभी अभिभावकों, छात्रों,अध्यापकों, रसोइयों, ग्रामीण जनों एवं प्रधान ने तस्वीरें खिंचवाई।

सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को विद्यालय के प्रधानाध्यापक सहित समस्त स्टाफ एवं ग्राम प्रधान के द्वारा पुरस्कृत किया गया।।सभी अतिथियों,अभिभावकों, छात्र-छात्राओं को कार्यक्रम के अंत में सूक्ष्म जलपान कराया गया।

कार्यक्रम के अंत में प्रधानाध्यापक अभिषेक नाग ने सभी अभिभावकों एवं अतिथियों को धन्यवाद देते हुए आभार प्रकट किया।।कार्यक्रम में पूर्व प्रधान छेदालाल,समाजसेवी अजय कुमार वर्मा, संदीप सिंह,निर्मल तिवारी, इंदल,अरुण कुमार,शुभम कुमार, सुशीला देवी संबारा देवी,श्रीमती देवी, राजकुमारी,सुनीता,सरोज कुमारी सहित सभी अभिभावकगण,ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए मैच अधिकारियों की घोषणा

एजेंसी



दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने 19 फरवरी से 9 मार्च तक पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में होने वाले आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए मैच अधिकारियों की घोषणा कर दी है। पाकिस्तान में कराची, लाहौर और रावलपिंडी तथा संयुक्त अरब अमीरात में दुबई में खेले जाने वाले 8 टीमों के इस टूर्नामेंट के लिए 12 अंपायर एवं तीन मैच रैफरी के नाम की लिस्ट जारी की गई है।

आईसीसी के अनुसार रिचर्ड केटलबोरो, जो 108 पुरुष एकदिवसीय मैचों के अनुभवी हैं और 2017 में खेले गए चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में अंपायर थे, उन छह अंपायरों में शामिल हैं जो एक बार फिर चैंपियंस ट्रॉफी के लिए वापसी कर रहे हैं। केटलबोरो के अलावा क्रिस गैफनी, कुमार धर्मसेना, रिचर्ड इलिंगवर्थ, पॉल रीफ़ेल और रॉड टकर, वे अन्य हैं जो 2017 में भी शामिल थे।

केटलबोरो और इलिंगवर्थ ने अहमदाबाद में खेले गए आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के फाइनल में भी अंपायरिंग की थी। इनके साथ माइकल गफ, एड्रियन होल्डस्टॉक, अहसान रजा, शरफुद्दौला इब्ने शाहिद, एलेक्स व्हार्फ और जोएल विल्सन भी हैं, जिन्होंने भारत में विश्व कप में अंपायरिंग की थी। डेविड बून, रंजन मदुगले और एंड्रयू पाइक्रॉफ्ट रेफरी की तीन सदस्यीय टीम में शामिल हैं। बून 2017 के फाइनल में रेफरी थे जबकि पाइक्रॉफ्ट ने भी टूर्नामेंट में रेफरी की भूमिका निभाई थी।

सीन ईजी (आईसीसी वरिष्ठ प्रबंधकऽअंपायर्स एंड रेफरीज) ने कहा कि हमें आगामी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी के लिए मैच अधिकारियों के अपने पैनल की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। यह एक प्रतिष्ठित टीम है, जिसकी विशेषज्ञता इस हाई-प्रोफाइल टूर्नामेंट में मूल्यवान होगी। हम हमेशा किसी भी आयोजन के लिए सबसे उपयुक्त और योग्य अधिकारियों के नाम की कोशिश करते हैं और हमें विश्वास है कि यह समूह पाकिस्तान और यूएई में होने वाले मैचों में अच्छा काम करेगा। मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं और आशा करता हूं कि उनका टूर्नामेंट यादगार रहेगा।

अंपायर : कुमार धर्मसेना, क्रिस गफ्फनी, माइकल गफ, एड्रियन होल्डस्टॉक, रिचर्ड इलिंगवर्थ, रिचर्ड केटलबोरो, अहसान रजा, पॉल रीफ़ेल, शरफुद्दौला इब्ने शाहिद, रॉडनी टकर, एलेक्स व्हार्फ, जोएल विल्सन।

# राष्ट्रीय खेल: कायक क्रॉस और कैनो स्लालम में गायत्री, विशाल केवट ने जीते स्वर्ण

एजेंसी



पौड़ी। 38वें राष्ट्रीय खेलों के कायक क्रॉस और कैनो स्लालम प्रतियोगिता के दूसरे दिन प्रतिभागियों के बीच जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। यह रोमांचक मुकाबले पौड़ी के फूल चट्टी गोल्फ कोर्स रैपिड्स में आयोजित किए जा रहे हैं, जहां देशभर के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी अपनी चुनौती पेश कर रहे हैं।

गायत्री ने महिला के-1 स्लालम में मारी बाजी

महिला के-1 स्लालम प्रतियोगिता में आंध्र प्रदेश की नगिदी गायत्री ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। उन्होंने 267.578 सेकंड में रेस पूरी कर पहला स्थान हासिल किया। मध्य प्रदेश की शिखा चौहान ने 304.235 सेकंड के समय के साथ रजत पदक जीता, जबकि महाराष्ट्र की जान्हवी राईकवार ने 471.648 सेकंड में रेस पूरी कर कांस्य पदक अपने नाम किया।

पुरुष सी-1 स्लालम में मध्य प्रदेश के विशाल केवट ने जीता गोल्ड

पुरुष सी-1 स्लालम प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के विशाल केवट ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 226.109 सेकंड में रेस पूरी कर स्वर्ण पदक जीता। मेघालय के इंद्र शर्मा ने 390.163 सेकंड में रेस पूरी कर रजत पदक पर कब्जा किया, जबकि कर्नाटक के दादा पीर ने 448.252 सेकंड के समय के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया।

इन शानदार प्रदर्शनों ने खिलाड़ियों की मेहनत और खेल की रोमांचकता को साबित किया। प्रतियोगिता का रोमांच अगले दिन भी जारी रहेगा, जिसमें और भी रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे।

# संक्षिप्त समाचार

## अभिषेक और वरुण ने आईसीसी टी20 रैंकिंग में लगाई लंबी छलांग, टॉप थ्री में पहुंचे

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को पुरुषों की टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग जारी की है। इसमें इंग्लैंड के खिलाफ हाल ही में खेले गई टी20 सीरीज में भारतीय टीम की 4-1 से जीत में अहम किरदार निभाने वाले युवा सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने बड़ी छलांग लगाई है। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में सीरीज के अंतिम मैच में अभिषेक की 54 गेंदों पर खेली गई 135 रनों की शानदार पारी ने उन्हें 38 स्थानों की छलांग लगाकर दूसरे स्थान पर पहुंचने में मदद की है, जिससे वह हमवतन तिलक वर्मा से आगे निकल गए हैं और केवल ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड से पीछे हैं। तिलक वर्मा एक स्थान नीचे खिसकर तीसने स्थान पर पहुंच गए हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में वरुण चक्रवर्ती भी तीन पायदान ऊपर चढ़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने सीरीज के आखिरी दो मैचों में दो-दो विकेट लिए हैं। सीरीज में उनके कुल 14 विकेटों ने उन्हें इंग्लैंड के लेग स्पिनर आदिल राशिद के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर पहुंचा दिया है जो पिछले सप्ताह शीर्ष स्थान पर पहुंचने के बाद अकील होसैन से पीछे हो गए हैं। वरुण के अलावा गेंदबाजी रैंकिंग में भारतीय टीम के लेग स्पिनर रवि बिश्नोई आखिरी दो मैचों में चार विकेट लेने के बाद छठे स्थान पर पहुंच गए हैं।

## राष्ट्रीय खेल: सुरुचि ने जीता स्वर्ण, 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन्स के फाइनलिस्ट तय

देहरादून। त्रिशूल शूटिंग रेंज में चल रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों के शूटिंग मुकाबलों में देशभर के निशानेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। मंगलवार को हुए मुकाबलों में 10 मीटर एयर पिस्टल महिला फ़ाइनल और 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन्स पुरुष वर्ग के क्वालिफिकेशन राउंड प्रमुख आकर्षण रहे। 10 मीटर एयर पिस्टल महिला फ़ाइनल: हरियाणा की सुरुचि बनीं चैंपियन इस स्पर्धा में हरियाणा की सुरुचि ने 245.7 अंकों के शानदार स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। उनके राज्य की ही पलक ने 243.6 अंकों के साथ रजत पदक हासिल किया, जबकि पंजाब की सिमरनप्रीत कौर ब्रार ने 218.8 अंकों के साथ कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन्स पुरुष वर्ग: फाइनल में पहुंचे ये निशानेबाज इस प्रतियोगिता में 33 निशानेबाजों ने हिस्सा लिया, जिनमें से शीर्ष आठ खिलाड़ियों ने फाइनल में जगह बनाई। मध्य प्रदेश के ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने 598 अंकों के साथ क्वालिफिकेशन राउंड में पहला स्थान हासिल किया। उनके अलावा सर्विसेज के चैन सिंह (594), नीरज कुमार (591), निशान बुढ़ा (589), महाराष्ट्र के स्वप्निल सुरेश कुसाले (588), उत्तर प्रदेश के अखिल श्योराण (587), मध्य प्रदेश के गोल्डी गुर्जर (587) और सर्विसेज के गंगा सिंह (587) भी फाइनल में पहुंचने में सफल रहे।
50 मीटर राइफल 3 पोजीशन्स पुरुष वर्ग का फाइनल मुकाबला बुधवार को खेला जाएगा, जहां शीर्ष आठ निशानेबाज पदकों के लिए जोरदार मुकाबला करेंगे। 38वें राष्ट्रीय खेलों में निशानेबाजों का यह प्रदर्शन उनकी कड़ी मेहनत और प्रतिभा का

## छत्तीसगढ़ में छह फरवरी से शुरु होगा लीजेंड्स 90 क्रिकेट लीग

रायपुर । छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में बलिदानी वीरनारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की मेजबानी में लीजेंड 90 लीग टूर्नामेंट का आगाज 6 फरवरी को होने जा रहा है। यह टूर्नामेंट 18 फरवरी तक चलेगा। वहीं आज बुधवार को 6 टीमों के 60 से अधिक खिलाड़ी रायपुर पहुंचेंगे। आईपीएल की तर्ज पर दर्शकों को ओपनिंग सेरेमनी देखने को मिलेगी, जिसमें तमन्ना भाटिया, आयुष्मान खुराना और हार्डी संधू धमाकेदार परफॉर्मेंस करेंगे। लीजेंड्स 90 क्रिकेट लीग में देश-विदेश के दिग्गज क्रिकेटर हिस्सा लेंगे। आज बुधवार 6 फरवरी से पहले इन टीमों के दिग्गज खिलाड़ी रायपुर पहुंचेंगे। इन खिलाड़ियों की मौजूदगी क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक बड़ा आकर्षण होगा। इस लीग में शामिल टीमों के नाम, उनके कप्तान और स्टार खिलाड़ी पहले ही चर्चा में आ चुके हैं, और सभी की नजरें इस रोमांचक टूर्नामेंट पर टिकी हुई हैं। वहींलीजेंड 90 लीग के लिए पिच को तैयार किया गया है। मैदान के चारों और लाइट सिस्टम लगाया जा रहा है। लीग टूर्नामेंट से पहले व्यवस्था को बेहतर कर लिया गया है। दर्शकों के बैठने के लिए कई हजार नई सीटें लगाई गई है। लीजेंड्स 90 क्रिकेट लीग की ओपनिंग सेरेमनी भी बेहद खास होगी। इस आयोजन में फिल्म और संगीत जगत के मशहूर सितारे अपनी धमाकेदार परफॉर्मेंस देंगे। बॉलीवुड के स्टार अभिनेता आयुष्मान खुराना, खूबसूरत अभिनेत्री तमन्ना भाटिया और पंजाबी सिंगर हार्डी संधू इस भव्य आयोजन में परफॉर्म करेंगे। इन स्टार्स के लाइव परफॉर्मेंस से शाहर-शारिका का माहौल बन जाएगा, जो सभी को आकर्षित करेगा।
लीजेंड 90 लीग में दर्शकों के लिए ऑनलाइन टिकट बुकिंग शुरू हो चुकी है। पहले दिन के लिए टिकट खरीदी जा रही है। स्टेडियम में ऑफलाइन भी टिकट मिलेगी. आयोजक द्वारा व्यवस्था बनाई जा रही है। ऑनलाइन टिकट खरीदने वाले दर्शक टिकट को स्कैन करवाकर सीधे स्टेडियम में प्रवेश करेंगे।मैच के दौरान इस बार दर्शकों के लिए खाने की सुविधा नहीं रहेगी. पानी लेकर साथ में लेकर आना होगा।

## टी20 क्रिकेट में दुनिया के अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज बने राशिद खान

नई दिल्ली। अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान टी20 क्रिकेट में दुनिया के अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने यह उपलब्धि मंगलवार रात एसए 20 में एमआई केप टाउन की ओर से खेलते हुए पर्ल रॉयल्स के खिलाफ हासिल की। उन्होंने डुनिथ वेललेज को क्लीन बोल्ड किया और इतिहास में अपना नाम दर्ज करवा लिया। राशिद ने ड्वेन ब्रावो को पीछे छोड़ दिया, जिनके सितंबर 2024 में सेवानिवृत्त होने पर इस प्रारूप में 631 विकेट थे। अब राशिद के नाम टी 20 क्रिकेट में 632 विकेट दर्ज हैं। इस सूची में तीसरे नंबर पर सुनील नरेन (574), चौथे पर इमरान ताहिर (531), पांचवें पर शाकिब अल हसन (492) और छठे पर आंद्रे रसल (466) हैं। राशिद ने मैच के बाद एक टेलीविजन साक्षात्कार में कहा, ''यह एक बड़ी उपलब्धि है। अगर आपने मुझसे 10 साल पहले पूछा होता तो मैंने कभी नहीं सोचा होता कि मैं ऐसा कर सकता हूं। जब आप अफगानिस्तान से हों तो तालिका में शीर्ष स्थान हासिल करना गर्व की बात है। शायद ऐसा इसलिए है क्योंकि राशिद ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और द हंड्रेड सहित ब्रावो की तुलना (ब्रावो ने 30, राशिद ने 18) दो-तिहाई से भी कम टीमों के लिए खेला। मंगलवार को एसए 20 क्वालीफायर में मुंबई इंडियंस की केपटाउन टीम के लिए खेलते हुए और कप्तानी करते हुए राशिद की टीम ने पार्ल रॉयल्स को 39 रनों से हरा दिया।

# हरियाणा स्टीलर्स ने कबड्डी खिलाड़ियों के लिए की ओपन ट्रायल की घोषणा, 8 फरवरी को होगा आयोजन

एजेंसी




हिसार,। प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 11 की चैंपियन हरियाणा स्टीलर्स ने युवा और महत्वाकांक्षी कबड्डी खिलाड़ियों के लिए ओपन ट्रायल की घोषणा की है। यह ट्रायल 8 फरवरी 2025 को हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के मल्टीपर्पज हॉल में सुबह 8:30 बजे से आयोजित किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य राज्य में कबड्डी प्रतिभाओं को पहचानना और उन्हें पेशेवर स्तर तक पहुंचने का अवसर प्रदान करना है।

हरियाणा स्टीलर्स की टीम आगामी सीजन के लिए मजबूत और प्रतिस्पर्धी खिलाड़ियों की तलाश में है। इसी उद्देश्य से यह ओपन ट्रायल आयोजित किया जा रहा है, ताकि युवा और होनहार खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल सके।

जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के सीओओ दिव्यांशु सिंह ने इस पहल पर कहा, ''यह ट्रायल हर उस खिलाड़ी के लिए अवसर है जो हमारे अकादमी और युवा खिलाड़ी कार्यक्रम का हिस्सा बनना चाहता है। हम चाहते हैं कि चयन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष हो, जिससे हर योग्य खिलाड़ी को प्रतिभा के आधार पर मौका मिले। हमारा लक्ष्य कबड्डी को बढ़ावा देना और राज्य में एक मजबूत खेल संस्कृति विकसित करना है।''

कोच मनप्रीत सिंह ने भी इस अवसर को लेकर उत्साह व्यक्त किया। उन्होंने कहा, ''हम देश के युवा और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों से मिलने और उन्हें प्रशिक्षण देने के लिए उत्सुक हैं। हमारा उद्देश्य ऐसी टीम बनाना है जो भविष्य में कबड्डी में नए कीर्तिमान स्थापित करे।''

हरियाणा स्टीलर्स द्वारा आयोजित यह ओपन ट्रायल उन खिलाड़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण मौका है, जो प्रोफ़ेशनल कबड्डी में अपना करियर बनाना चाहते हैं। यह पहल राज्य में कबड्डी के विकास और युवा खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

## महिला प्रीमियर लीग 2025: गुजरात जायंट्स की कप्तान नियुक्त हुईं एशले गार्डनर

अहमदाबाद, । गुजरात जायंट्स ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के आगामी सीज़न के लिए ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर एशले गार्डनर को टीम का कप्तान नियुक्त किया है। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट की एक प्रमुख शख्सियत गार्डनर ने 2017 में पदार्पण किया था।

गार्डनर दो बार बेलिंडा क्लार्क पुरस्कार विजेता हैं और उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की 2022 राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वह 2023 में दक्षिण अफ्रीका में टी20 विश्व कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट थीं। लीग की शुरुआत से ही गार्डनर गुजरात जायंट्स का अभिन्न हिस्सा रही हैं। डब्ल्यूपीएल के पिछले दो सीज़न में, उन्होंने 324 रन बनाए हैं और 17 विकेट हासिल किए हैं। गुजरात जाइंट्स का कप्तान बनाया जाना मेरे लिए बेहद सम्मान की बात है। मुझे इस टीम का हिस्सा बनना बहुत पसंद है और मैं आगामी सीज़न में इस शानदार समूह का नेतृत्व करने के लिए उत्साहित हूं।

# नारी शक्ति खेलों के माध्यम से भी भारत की अलग पहचान बना रही है : प्रिया अग्रवाल

एजेंसी



मुरादाबाद । उत्तर प्रदेश फुटबॉल संघ व ज़िला फुटबॉल एसोसिएशन मुरादाबाद के तत्वाधान में आयोजित अंडर-15 खेलो इंडिया विमेंस फुटबॉल लीग 2024-25 का आयोजन बुधवार को हुआ। प्रतियोगिता का शुभारम्भ भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष प्रिया अग्रवाल ने किया। प्रिया अग्रवाल ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेलों के माध्यम से नारी शक्ति दुनिया में भारत की अलग पहचान बना रही है। इस अवसर पर अति विशिष्ट अतिथि डीपीजीएस के निदेशक विंग कमाण्डर मंसूर सिद्दीक़ी, विशिष्ट अतिथि मेक गैस्ट्रो सर्जरी के डॉ. मुहम्मद रियाज़, ज़िला फुटबॉल एसोसिएशन संभल के सचिव सैयद मुहम्मद शारिक़ ज़िला फुटबॉल एसोसिएशन अमरोहा के उपाध्यक्ष महताब आलम साहब, बहमन पब्लिक स्कूल सिरसी की निदेशक ताहिरा उज़्ज़मा, प्रधानाचार्य शोभित रस्तोगी, लिटिल एंजेल्स कान्वेंट स्कूल के निदेशक मुसररत हफ़ीज़, सरसय्यद अकेडमी की अध्यक्ष आबिदा बेगम मौजूद रहीं। प्रतियोगिता का संचालन करते हुए एसोसिएशन के महासचिव मुहम्मद नासिर कमाल ने बताया कि इस प्रतियोगिता मे 6 टीमें प्रीतिभाग कर रहीं हैं। डीपीजीएस, एपीएस, जेडएफए, सरसैयद वेलफ़ेयर सोसाइटी, मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज, बहमन पब्लिक स्कूल की टीमें शामिल रहीं। पहला मैच डीपीजीएस व एपीएस के मध्य खेला गया। इसमें पहला गोल जेडएफए ने व दूसरा गोल आयेशा ने कर अपनी टीम को 2-0 से जिताया। दूसरा जेडएफए व मेथोडीस्ट के मध्य खेला गया जिसमे पहला गोल जेडएफए की ओर से अलीना दूसरा गोल निक्की ने किया। तीसरा गोल फलक ने किया, मेथोडिस्ट की और से एक मात्र गोल एश्वर्या ने किया। जेडएफए ने ये मैच 3-1 से जीता, आजका तीसरा और आख़री मैच सरसैयद अकादमी व बहमन पब्लिक स्कूल के मध्य खेला गया जिसमे बहमन ने सरसैयद पर आसान जीत दर्ज कर मैच 4-0 से जीता।

# महिला प्रीमियर लीग 2025: गुजरात जायंट्स की कप्तान नियुक्त हुईं एशले गार्डनर

एजेंसी

अहमदाबाद, । गुजरात जायंट्स ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के आगामी सीज़न के लिए ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर एशले गार्डनर को टीम का कप्तान नियुक्त किया है। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट की एक प्रमुख शख्सियत गार्डनर ने 2017 में पदार्पण किया था। गार्डनर दो बार बेलिंडा क्लार्क पुरस्कार विजेता हैं और उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की 2022 राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वह 2023 में दक्षिण अफ्रीका में टी20 विश्व कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट थीं। लीग की शुरुआत से ही गार्डनर गुजरात जायंट्स का अभिन्न हिस्सा रही हैं। डब्ल्यूपीएल के पिछले दो सीज़न में, उन्होंने 324 रन बनाए हैं और 17 विकेट हासिल किए हैं। गुजरात जाइंट्स का कप्तान बनाया जाना मेरे लिए बेहद सम्मान की बात है। मुझे इस टीम का हिस्सा बनना बहुत पसंद है और मैं आगामी सीज़न में इस शानदार समूह का नेतृत्व करने के लिए उत्साहित हूं। हमारी टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों और भरपूर भारतीय प्रतिभाओं का बेहतरीन मिश्रण है। मैं टीम के साथ काम करने और अपने प्रशंसकों को गौरवान्वित करने के लिए उत्सुक हूं। टीम के मुख्य कोच माइकल क्लिंगर ने गार्डनर के नेतृत्व पर भरोसा जताया। उन्होंने कहा, ल्लवह एक शानदार प्रतिस्पर्धी हैं। उनकी खेल जागरूकता, सामरिक कौशल और खिलाड़ियों को प्रेरित करने की क्षमता उन्हें गुजरात जाइंट्स की कप्तानी के लिए आदर्श विकल्प बनाती है।

हमें विश्वास है कि वह आगे बढ़कर नेतृत्व करेंगी और टीम को एक सफल अभियान की दिशा में मार्गदर्शन करेंगी।

पिछले सीज़न में टीम का नेतृत्व बेथ मूनी ने किया था। पूर्व कप्तान के बारे में बोलते हुए, क्लिंगर ने कहा, ल्लमैं मूनी को उनके अत्यधिक मूल्यवान नेतृत्व के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं।

# प. बंगाल में 2030 तक 50 हजार करोड़ रुपये का निवेश करेगी रिलायंस: मुकेश अंबानी

एजेंसी

कोलकाता/नई दिल्ली। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के चेयरमैन और एमडी मुकेश अंबानी ने बुधवार को इस दशक के अंत तक पश्चिम बंगाल में 50 हजार करोड़ रुपये के नए निवेश की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस निवेश से राज्य में एक लाख नौकरियों का सृजन होगा।

मुकेश अंबानी ने यहां 8वें बंगाल वैश्विक व्यापार शिखर सम्मेलन (बीजीबीएस) 2025 को संबोधित करते हुए कहा कि रिलायंस पश्चिम बंगाल में 2030 तक 50 हजार करोड़ रुपये के नए निवेश करेगी। बंगाल में हमारा निवेश केवल वित्तीय नहीं है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि यह भावनात्मक निवेश है। बंगाल में निजी क्षेत्र के अग्रणी नियोक्ताओं में से एक के रूप में आज मेरे पास संभावित निवेशकों के लिए एक सिफारिश और एक अपील है, जो आज यहां मौजूद हैं और जो नहीं हैं।

मुकेश अंबानी ने कहा कि सबसे पहले मैं बंगाल की अधिष्ठात्री देवी मां काली की पूजा करता हूं। बंगाल की पवित्र भूमि के सभी महान बेटों और बेटियों को श्रद्धांजलि देना भी मेरा परम कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद से लेकर गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर तक बंकिम चंद्र चटर्जी से लेकर नेताजी सुभाष चंद्र बोस तक, सत्यजीत रे से लेकर हेमंत मुखर्जी तक, बंगाल ने अध्यात्म, साहित्य, कला, संस्कृति और निश्चित रूप से देशभक्ति के क्षेत्र में महान नेताओं को जन्म दिया है। बंगाल हमेशा से ही पुनर्जागरण की भूमि रहा है। अब बंगाल अर्थव्यवस्था और व्यापार में भी पुनर्ज़ागरण का गवाह बन रहा है। मुकेश अंबानी ने कहा कि आमतौर पर माना जाता है कि पश्चिमी राज्य अर्थव्यवस्था और व्यापार में अग्रणी हैं लेकिन यह स्थिति तेजी से बदल रही है।

# उतार-चढ़ाव के बीच लाल निशान में बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स और निफ्टी लुढ़के

एजेंसी



नई दिल्ली । मंगलवार की जोरदार तेजी के बाद आज घरेलू शेयर बाजार में दबाव के साथ कारोबार होता नजर आया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा चीन के साथ शुरू किए गए टैरिफ वॉर और आरबीआई की मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की बैठक के पहले घरेलू शेयर बाजार में आज निवेशक सतर्क मुद्रा में रहे। आज के कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई थी, लेकिन दिन के कारोबार के दौरान बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में पहुंच गए। हालांकि खरीदारों ने बीच-बीच में कई बार लिवाली का जोर बना कर बाजार को सहारा देने की कोशिश की, लेकिन बिकवाली का दबाव इतना अधिक था कि शेयर बाजार रिकवरी करने में सफल नहीं हो सका। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.40 प्रतिशत और निफ्टी 0.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। आज दिनभर के कारोबार के दौरान कंज्यूमर ड्यूरेबल, एफएमसीजी, और ऑटोमोबाइल सेक्टर के शेयरों में लगातार बिकवाली होती रही। दूसरी ओर हेल्थ केयर, मेटल और ऑयल ऐंड गैस सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही। इसी तरह पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, टेक, कैपिटल गुड्स, आईटी और बैंकिंग इंडेक्स भी बढ़त के साथ हरे निशान में बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.69 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.42 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया।


आज शेयर बाजार में आई कमजोरी के बावजूद मिडकैप और स्मॉल कैप शेयरों में हुई खरीदारी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में डेढ़ लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 427.12 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 425.50 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 1.62 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

# संविधान को खत्म करना चाहते हैं भाजपा और आरएसएस के लोग : राहुल गांधी

एजेंसी

पटना। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर संविधान को खत्म करने की मंशा रखने का आरोप लगाते हुए बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संविधान को माथा टेक कर और आरएसएस के लोग आंबेडकर के प्रति सम्मान का दिखावा कर लोगों की आंखों में धूल झोंकने का काम कर रहे हैं।

स्वतंत्रता सेनानी एवं दलित नेता जगलाल चौधरी की जयंती के अवसर पर पटना में आयोजित एक समारोह में राहुल गांधी ने अपने संबोधन में कहा, ''आपने मुझे बुलाया, आप कह रहे थे कि दिल्ली का चुनाव है। हां, दिल्ली का चुनाव है। वह अपनी जगह पर है मगर यह भी समारोह बहुत जरूरी है, तो मैं वोट डालकर सीधा यहां आ गया। उन्होंने कहा, '' उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आप (दलितों) लोगों के इतिहास का कोई उल्लेख नहीं है। क्या देश में दलित प्रोफ़ेसर परीक्षा के प्रश्नपत्र तैयार कर रहे हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा, '' देश की 200 बड़ी कंपनियों के मालिकों में एक ओबीसी, आदिवासी और दलित नहीं है। पूरा का पूरा पैसा आपकी जेब से स्थानांतरित हो रहा है और फिर भी आप गरीब हो। राहुल ने कहा, ''मोदी जी ओबीसी की बात करते रहते हैं। देश का बजट 90 अधिकारी बनाते हैं और उनमें केवल तीन ही दलित हैं। आपकी आबादी 15-16 प्रतिशत है और 90 अधिकारियों में से केवल तीन अधिकारी आपके समुदाय से हैं और उन तीन अधिकारियों को छोटे-छोटे विभाग दे रखे हैं। कांग्रेस नेता ने कहा, ''अब इसका उपाय क्या है। सबसे पहले यह पता लगाना है कि किसकी कितनी आबादी है और किसको कितनी भागीदारी मिल रही है। इसका पता लगाने का एक ही उपाय है जातीय जनगणना और यह बिहार वाला जातीय जनगणना जो है, मैं इसकी बात नहीं कर रहा हूं, जातीय जनगणना देखना है तो तेलंगाना वाला देख लीजिए। उन्होंने कहा, ''जाति जनगणना केवल सर्वेक्षण नहीं है। जाति जनगणना हमें यह बता देगा की दलित, आदिवासी, पिछड़ा और अल्पसंख्यक वर्ग, सामान्य वर्ग तथा सामान्य वर्गों में गरीब कौन है। उसके बाद हम हिंदुस्तान की सारी संस्थाओं की सूची निकालेंगे, चाहे वह न्यायपालिका, नौकरशाही, मीडिया, उद्योग जगत हो, इनमें दलित, पिछड़ों और आदिवासियों की कितनी भागीदारी है इसका पता लग जाएगा। राहुल ने कहा, ''मैं ऐसा दिन देखना चाहता हूं कि




हिंदुस्तान की हर संस्था और तंत्र में नेतृत्व के स्तर पर दलित, आदिवासी और पिछड़े लोग दिखें। मैं वह दिन देखना चाहता हूं कि जब हिंदुस्तान की शीर्ष दस कंपनियों के मालिक दलित, पिछड़े और आदिवासी वर्ग से हों और मैं उसके लिए लड़ रहा हूं तथा आगे भी लड़ता रहूंगा। उन्होंने कहा, ''उद्योग जगत की बात करें तो नरेन्द्र मोदी जी ने देश के 25 सबसे अमीर लोगों का 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ कर दिया३ यह दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों का धन है। देश में 100 रुपये में दलित, आदिवासी, पिछड़ा वर्ग सभी को मिलाकर हिस्सेदारी 6.10 रुपये है और इसे भी वो छीनने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ''लड़ाई हिंदुस्तान में विचारधारा की है। एक तरफ आरएसएस भाजपा और दूसरी तरफ आंबेडकर जी, महात्मा गांधी, जगलाल चौधरी जी। तो यह विचारधारा की लड़ाई चल रही है। हाथ में संविधान की प्रति लिए उसे दिखाते हुए राहुल गांधी ने कहा, ''आंबेडकर जी ने इसे दिया जिसे वह खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं। मेरा कहना है कि प्रतिनिधित्व जितना ही जरूरी है उतनी ही भागीदारी भी। उन्होंने कहा, ''कल संसद में भी मैंने भागीदारी और जातीय जनगणना की बात की है और उसके बाद प्रधानमंत्री ने जवाब दिया पर उनके जवाब में जाति जनगणना को लेकर एक शब्द भी क्या आपने सुना क्योंकि नरेन्द्र मोदी, आरएसएस और भाजपा जातीय जनगणना नहीं करना चाहती। ऐसा इसलिए कि वे देश की सच्चाई आपको बताना नहीं चाहते हैं। पर मैंने निर्णय ले लिया है कि चाहे जो कुछ भी हो जाए देश के दलित, पिछड़ा और आदिवासियों को उनकी सच्ची भागीदारी दिखाना चाहता हूं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, ''देश में दलित, आदिवासियों और पिछड़ों को कहीं भी भागीदारी नहीं मिल रही है और जैसे ही आपके आंकड़े सचमुच में देखेंगे, हिंदुस्तान की असलियत हर एक नागरिक और इन समुदाय के लोग सभी समझ जाएंगे और फिर एक नयी तरह की राजनीति और नए तरीके का विकास शुरू होगा। उन्होंने कहा, ''मैं बिहार के दलित और पूरे देश के दलितों को कहना चाहता हूं कि यह जो संविधान है, यह आंबेडकर और गांधी जी की देन है। संविधान में आपके हजारों साल का दर्द छुपा है। जो आपके साथ अपमान किया गया, जो आपको दबाया गया वह सब इसके भीतर है और यही आपको एक नया भविष्य दे सकता है और बचा सकता है तथा यही आपको देश में सच्ची भागीदारी दे सकता है, इसीलिए भाजपा और आरएसएस के लोग इसको खत्म करना चाहते हैं क्योंकि वह जानते हैं कि जब तक यह संविधान है उस दिन तक देश के दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों को नहीं दबाया जा सकता है। कांग्रेस नेता ने भाजपा और आरएसएस पर निशाना साधते हुए कहा, ''यह इस पर सामने से प्रहार नहीं करते हैं। लोगों के सामने मोदी जी इसे माथा टेकते हैं। आंबेडकर जी के सामने आरएसएस के सभी नेता आजकल हाथ जोड़ते हैं पर हाथ जोड़ते वक्त जिस चीज के लिए आंबेडकर जी लड़े, जिसके लिए उन्होंने अपना जीवन दे दिया उसे रद्द करते हैं, उस पर आक्रमण करते हैं और उसको खत्म करने की कोशिश करते हैं।

# धरती को बचाने की यात्रा है 'वाटरशेड यात्रा' : शिवराज

एजेंसी

भोपाल। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कहा कि 'वाटरशेड यात्रा' सिर्फ एक यात्रा नहीं बल्कि धरती को बचाने की यात्रा है और पानी को बचाने के लिए सरकारों के साथ समाज का सहयोग भी आवश्यक है।

श्री चौहान ने आज यहां 'वाटरशेड यात्रा' का उद्घाटन किया। भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के भूमि संसाधन विभाग ने परियोजना क्षेत्रों में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई 2.0) के वाटरशेड विकास घटक के तहत किए गए वाटरशेड विकास गतिविधियों के बारे में लोगों की भागीदारी बढ़ाने और जागरुकता पैदा करने के लिए एक व्यापक अभियान 'वाटरशेड यात्रा' प्रारंभ किया है। इस दौरान श्री चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि जल हमारे जीवन का आधार है, तो वहीं मिट्टी हमारा अस्तित्व है। जल और मिट्टी दोनों ठीक दशा में न रहें, तो जिंदगी की दशा क्या होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दूरदर्शी हैं, वो आने वाले 100 साल की सोचते हैं। आने वाले कल में हमारी पीढ़ियाँ कैसे जीवित रहेंगी, इस बारे में सोचना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पानी आज विश्व का सबसे बड़ा मुद्दा है। घाटों का क्षरण हो रहा है, कई जगह जमीन बंजर हो रही है।प्रधानमंत्री श्री मोदी की दूरदर्शी सोच के कारण भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय का भूमि संसाधन विभाग मिट्टी और जल संरक्षण के लिए पीएम कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत वॉटरशेड विकास घटक की योजना को क्रियान्वित कर रहा है।इस वॉटरशेड के अंतर्गत चेक डेम, बोरी बंधान, मेढ़ बंधान, खेत तालाब जैसी कई संरचनाएं बनाई जाएंगी। ये पानी भी बचाएगा और माटी के क्षरण को रोकेगा। भरा हुआ सतही जल आस पास के बड़े इलाके में भूजल स्तर बढ़ा देगा। इस योजना के साथ सभी जुड़ें। ये काम अकेले सरकार नहीं कर सकती, सरकार के साथ समाज का सहयोग जरूरी है। उन्होंने जनता का आह्वान करते हुए कहा कि हर गाँव, किसानों को, पंचायतों, जनप्रतिनिधिओं, गैरसरकारी संगठनों और स्वसहायता समूहों को इससे जोड़ना है। इसके लिए हमने वॉटरशेड यात्रा निकालने का संकल्प लिया है। ये महज यात्रा नहीं, धरती को बचाने की यात्रा है। श्री चौहान ने कहा कि इस यात्रा के दौरान पानी और माटी बचाने के लिए जनजागरण अभियान चलेगा और वॉटरशेड के अंतर्गत पूर्ण किये गए कामों का लोकार्पण होगा, नए कामों का भूमिपूजन होगा। वॉटरशेड महोत्सव मनाया जाएगा। ये वॉटरशेड यात्रा देशभर में जलसंचयन और भूमि संरक्षण को बढ़ावा देगी।

# अमेरिका में भारतीय नागरिकों को प्रताड़ित करने का विरोध करे सरकार : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि अमेरिका में भारतीय नागरिकों को हथकड़ी पहनाकर प्रताड़ित और निर्वासित करने की घटना अत्यंत दुखद है और भारत सरकार को इस घटना पर कड़ा ऐतराज व्यक्त करना चाहिए।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने बुधवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि पहले भी भारतीय नागरिकों को प्रताड़ित करने की घटना हुई थी, जिसका कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार ने कड़ा जवाब अमेरिका को दिया था और उसके राजदूतों को मिलने वाली सुविधाएं तक बंद कर दी थी। इस बार भी भारत सरकार को उसी तरह का सख्त रूख अपना कर अमेरिका को जवाब देना चाहिए।

उन्होंने कहा, अमेरिका से भारतीयों को हथकड़ी लगाकर और अपमानित करके निर्वासित किए जाने की तस्वीरें देखकर, एक भारतीय होने के नाते मुझे दुख होता है। मुझे दिसंबर 2013 की वह घटना याद है जब भारतीय राजनयिक देवयानी खोबरागड़े को अमेरिका में हथकड़ी लगाई गई थी और स्ट्रिप सर्च किया गया था। विदेश सचिव सुजाता सिंह ने अमेरिका की राजदूत नैन्सी पॉवेल के सामने कड़ा विरोध दर्ज कराया था। श्री खेड़ा ने कहा, संप्रग सरकार ने तीखी प्रतिक्रिया दी थी। मीरा कुमार, सुशील कुमार शिंदे और राहुल गांधी जैसे नेताओं ने भारत दौरे पर आए अमेरिकी कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल (जॉर्ज होल्डिंग, पीट ओल्सन, डेविड श्वाइकर्ट, रॉब वुडऑल और मैडेलिन बोर्डालो) से मिलने से इनकार कर दिया था। डॉ. मनमोहन सिंह ने अमेरिका की इस कार्रवाई को 'निंदनीय' बताया।

# सर्वोच्च न्यायालय ने सीबीआई को मणिपुर अतिरिक्त न्यायिक हत्याओं की जांच में एसआईटी प्रमुख को बदलने की अनुमति दी

एजेंसी

नयी दिल्ली। एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में, सर्वोच्च न्यायालय ने मंगलवार को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को संयुक्त निदेशक और एचओजेड, पूर्वोत्तर जोन, दतला श्रीनिवास वर्मा को विशेष जांच दल (एसआईटी) के प्रमुख की भूमिका से मुक्त करने की अनुमति प्रदान की, जो मणिपुर में कथित अतिरिक्त न्यायिक हत्याओं की जांच कर रहा है। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने मणिपुर में सशस्त्र बलों के खिलाफ लगे आरोपों से जुड़े लंबे समय से चले आ रहे मुद्दे पर सुनवाई के दौरान सीबीआई के आवेदन को मंजूरी प्रदान की। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने सीबीआई की ओर से बात रखी, जबकि वरिष्ठ अधिवक्ता मेनका गुरुस्वामी न्याय मित्र के रूप में उपस्थित हुईं। जांच का एक लंबा कानूनी इतिहास रहा है जो 2017 में शुरू हुआ जब न्यायमूर्ति मदन बी लोकुर और न्यायमूर्ति दीपक गुप्ता के नेतृत्व में सर्वोच्च न्यायालय ने कथित अवैध हत्याओं की जांच के लिए सीबीआई को एसआईटी बनाने का निर्देश दिया औ 201र8 में जांच में देरी पर चिंता व्यक्त करते हुए अदालत ने सीबीआई डायरेक्टर को तलब किया था। उल्लेखनीय है कि 2016 के एक महत्वपूर्ण फैसले में, न्यायमूर्ति लोकुर और यूयू ललित की पीठ ने इस बात पर बल दिया था कि संघर्ष क्षेत्रों में भी, कानून का शासन बरकरार रखा जाना चाहिए। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि मणिपुर पुलिस या सशस्त्र बलों द्वारा अत्यधिक बल प्रयोग के कारण हुई मौतों के आरोपों की गहन जांच की जानी चाहिए और अपराधियों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। जांच एक्स्ट्रा ज्यूडिशियल एक्ज़ीक्यूशन विक्टिम फैमिलीज़ एसोसिएशन और ह्यूमन राइट्स अलर्ट द्वारा दायर एक रिट याचिका से शुरू हुई।

## मोदी ने आगा खान के निधन पर शोक जताया

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस्माइली मुस्लिम समुदाय के धर्म-गुरु आगा खान चतुर्थ के निधन पर बुधवार को गहरा शोक व्यक्त किया और उनके अनुयायियों तथा प्रशंसकों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

श्री मोदी ने अपने शोक संदेश में कहा है, महामहिम राजकुमार करीम आगा खान चतुर्थ के निधन से बहुत दुखी हूं। वे एक दूरदर्शी व्यक्ति थे, जिन्होंने अपना जीवन सेवा और आध्यात्मिकता के लिए समर्पित कर दिया। स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण विकास और महिला सशक्तीकरण जैसे क्षेत्रों में उनके योगदान से कई लोगों को प्रेरणा मिलती रहेगी। प्रधानमंत्री ने कहा है, मैं उनके साथ अपनी बातचीत को हमेशा संजो कर रखूंगा। उनके परिवार और दुनिया भर में उनके लाखों अनुयायियों और प्रशंसकों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएँ। प्रधानमंत्री ने श्री खान के साथ अपनी मुलाकात के कुछ फोटो भी सोशल मीडिया पर सार्वजनिक किए हैं। धर्म गुरु का मंगलवार को लिस्बन (पुर्तगाल) में निधन हो गया। वह 88 वर्ष के थे।

# भ्रष्टाचार के बिना पूरी पारदर्शिता से नौकरियां दे रही है त्रिपुरा सरकार : अमित शाह

एजेंसी

नयी दिल्ली। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि त्रिपुरा में पहले की सरकार के दौरान नौकरी उन्हीं लोगों को मिलती थी जो किसी विशेष राजनीतिक पार्टी के सदस्य हों। उन्होंने कहा कि त्रिपुरा के वर्तमान मुख्यमंत्री ने किसी भेदभाव, सिफारिश और भ्रष्टाचार के बिना और पारदर्शिता के साथ राज्य के 2807 युवाओं को आज सरकारी नौकरी देकर उनके जीवन में एक नई शुरूआत कर उन्हें राज्य के विकास के साथ जोड़ने का अवसर प्रदान किया है।

श्री शाह आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से त्रिपुरा सरकार में नौकरी के लिए 2800 से अधिक नियुक्ति पत्रों के वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि आज 2437 मल्टी टास्किंग स्टाफ़ और स्वास्थ्य विभाग के 370 पदों पर नियुक्ति के साथ ही इन लोगों के जीवन में एक नई शुरूआत हुई है। उन्होंने कहा कि नियुक्ति पत्र प्राप्त करते ही ये 2807 लोग आज से ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के विकसित त्रिपुरा और विकसित भारत अभियान का हिस्सा बन गए हैं। श्री अमित शाह ने कहा किप्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में आज पूरा नॉर्थईस्ट विकास के रास्ते पर चल रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में केन्द्रीय मंत्रियों ने नॉर्थईस्ट का 700 से अधिक बार दौरा किया है और इस क्षेत्र के विकास के लिए कई सकारात्मक पहलें की गई हैं। श्री शाह ने कहा कि नॉर्थईस्ट को पहले उग्रवाद, घुसपैठ, ब्लॉकेड्स, ड्रग्स, हथियारों की तस्करी, भ्रष्टाचार औरजातीय तनाव के लिए जाना जाता था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आज नॉर्थईस्ट को विकास, कनेक्टिविटी, इन्फ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा, निवेश और कृषि संबंधित गतिविधियों के विकास के लिए जाना जाता है। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने पिछले 10 साल में त्रिपुरा में 3 समझौते कर राज्य में स्थायी शांति लाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि त्रिपुरा में ब्रू-रियांग जाति के भाइयों-बहनों को स्थायी निवास और शिक्षा, स्वास्थ्य और नौकरियां देकर उनके जीवन में नया बदलाव लाने के प्रयास किए गए हैं। उन्होंने कहा कि त्रिपुरा के सभी विद्रोही समूह सरेंडर कर मेनस्ट्रीम में आ चुके हैं।

# पांच महिला नक्सली सहित कुल 6 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

एजेंसी

दंतेवाड़ा। दंतेवाड़ा एसपी कार्यालय में बुधवार को 6 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है, जिसमें पांच महिला के साथ एक पुरुष नक्सली शामिल हैं। दंतेवाड़ा पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से चलाई जा रही आत्मसमर्पण पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पित नक्सलियों को 25 हजार की सहायता राशि दी जा रही है। साथ ही बाकी अन्य सुविधाओं के अलावा हर महीने 10 हजार रुपये की आर्थिक मदद आत्मसमर्पित नक्सलियों को मिल रही है। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पित नक्सलियों को तीन वर्ष तक मुफ्त आवास और भोजन की सुविधा के साथ स्किल डवलपेंट के साथ कृषि योग्य भूमि भी दी जा रही है।




पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आत्मसमर्पित नक्सलियों में बुरगुम पंचायत मिलिशिया डिप्टी कमाण्डर हुंगा उर्फ हरेन्द्र कुमार माड़वी निवासी बुरगुम गायतापारा थाना अरनपुर जिला दन्तेवाड़ा, बुरगुम पंचायत मिलिशिया सदस्य आयते मुचाकी निवासी बुरगुम बोज्जापारा थाना अरनपुर जिला दन्तेवाड़ा, बुरगुम पंचायत सीएनएम सदस्य शांति उर्फ जिम्मे कोर्राम निवासी बुरगुम पुजारीपाल थाना अरनपुर जिला दन्तेवाड़ा, बुरगुम डीएकेएमएस सदस्य हुंगी सोड़ी निवासी बुरगुम गायतापारा थाना अरनपुर जिला दन्तेवाड़ा, बुरगुम पंचायत डीएकेएमएस उपाध्यक्ष हिड़मे मरकाम निवासी बुरगुम गायतापारा थाना अरनपुर जिला दंतेवाड़ा, बुरगुम पंचायत केएएमएस सदस्य जोगी सोड़ी निवासी बुरगुम गायतापारा थाना अरनपुर जिला दंतेवाड़ा शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियन लोन वर्राटू तथा छग शासन की पुनर्वास नीतिव्यापक प्रभाव पड़ा है। जिला पुलिस बल और सीआरपीएफ के द्वारा भटके हुए नक्सलियों को समाज की मुख्यधारा में जोड़ने के लिए लगातार संपर्क किया जा रहा है। शासन द्वारा चलाये जा रहे ह्वनियद नेल्ला नार योजना एवं अति संवेदनशील अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार खोले जा रहे सुरक्षा कैंप से बढ़ते दबाव के फलस्वरूपनक्सली बस्तर संभाग में लगातार आत्मसमर्पण कर रहे हैं।

# पेज एक का शेष

## आस्था की डुबकी...

परियोजनाएं सम्मिलित थीं। इसके अतिरिक्त, स्थायी घाटों, रिवर फ्रंट, सीवरेज, पेयजल सुविधाओं के साथ विद्युत आपूर्ति से जुड़ी परियोजनाओं का भी शुभारंभ किया था। यही नहीं, पीएम मोदी ने अक्षयवट कॉरिडोर, सरस्वती कूप कॉरिडोर, बड़े हनुमान मंदिर कॉरिडोर, भारद्वाज ऋषि आश्रम कॉरिडोर, श्रृंगवेरपुर धाम कॉरिडोर का भी शुभारंभ किया था। इन परियोजनाओं और कॉरिडोर के शुभारंभ का उद्देश्य न सिर्फ श्रद्धालुओं के लिए महाकुम्भ के अनुभव को यादगार बनाना था, बल्कि तीर्थराज प्रयागराज को प्रगति की नई दिशा दिखाना भी था।

## दिल्ली में भाजपा...

है। पी-मार्क पोलिंग एजेंसी के आंकड़ों की मानें तो भाजपा आसानी से बहुमत के आंकड़े को पार कर सकती है। पार्टी यहां 39-49 सीटें पा सकती है। दूसरी तरफ आप को 21 से 31 सीटें मिलती दिख रही हैं। कांग्रेस को इसमें 0-1 सीट मिल सकती है। वी-प्रीसाइड पहला एग्जिट पोल है, जिसमें आम आदमी पार्टी की सरकार बचती दिख रही है। वी प्रीसाइड ने आप को 46-52 सीटें दी हैं। वहीं, भाजपा को 18-23 सीट जीतते दिखाया है। इस एग्जिट पोल में भी कांग्रेस को 0-1 सीट मिलने की संभावना जताई गई। इसके अलावा माइंड ब्रिक ने आप को 44-49 सीट के अनुमान के साथ सरकार बचाते दिखाया है। भाजपा को 21-25 सीट और कांग्रेस को 0-1 सीट का अनुमान लगाया गया है। डीवी रिसर्च ने भाजपा के 36-44 सीट जीतकर सरकार में आने की संभावना जताई है। इस एग्जिट पोल में आप को 26-34 सीटें मिलती दिखाई गई हैं। वहीं कांग्रेस का खाता नहीं खुलने का अनुमान है। दिल्ली में विधानसभा की 70 सीटें हैं। इनके लिए 699 उम्मीदवार मैदान में हैं। यहां 5 फरवरी 2025 को सभी सीटों पर एक ही चरण में मतदान कराया गया। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल नई दिल्ली सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं, कांग्रेस के संदीप दीक्षित और भाजपा के प्रवेश वर्मा भी इसी सीट से उम्मीदवार हैं। दूसरी तरफ मौजूदा मुख्यमंत्री आतिशी मर्लेना पिछली बार की तरह ही इस बार भी कालकाजी सीट से चुनाव लड़ रही हैं। इसी सीट पर भाजपा से उन्हें रमेश बिधूड़ी टक्कर दे रहे हैं।

## दिल्ली में औसतन...

अरोड़ा ने भी अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग किया। मतदान के दौरान कालकाजी विधानसभा क्षेत्र के मादीपुर में एक मतदान केन्द्र पर वीवीपैट में गड़बड़ी के कारण करीब 15 मिनट तक मतदान प्रकिया रुकी रही। कालकाजी विधानसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार अलका लांबा ने इसी मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सीलमपुर में मुस्लिम महिलाओं पर बुर्के पहनकर फर्जी वोट डालने का आरोप लगाया है। इसको लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया। इसके अलावा कहीं से किसी तरह की अप्रिय घटना की रिपोर्ट सामने नहीं आयी है। दिल्ली पुलिस ने ओखला विधानसभा से आम आदमी पार्टी विधायक एवं उम्मीदवार अमानतुल्लाह खान के खिलाफ जामिया नगर थाने में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज किया है। चुनाव आयोग की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार मतदान की समाप्ति शाम 18.00 बजे तक उत्तर-पूर्वी दिल्ली में जिलावार सबसे अधिक 63.83 प्रतिशत मतदान हुआ जबकि दक्षिणी दिल्ली में 53.77 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट किया। मुस्तफाबाद सीट पर सबसे अधिक 66.68 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि करोलबाग सीट पर सबसे कम 47.40 प्रतिशत मतदान हुआ है। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा, आप और कांग्रेस के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है। निष्पक्ष और सुचारू मतदान प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली भर में 30,000 से अधिक पुलिस कर्मियों और अर्धसैनिक बलों की 220 कंपनियों को तैनात किया गया है। दिल्ली विधानसभा चुनाव के साथ-साथ देश के दो राज्यों की दो विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए आज ही मतदान हुए। तमिलनाडु के इरोड (पूर्व) विधान सभा सीट के लिए शाम 17.00 बजे तक 64.02 प्रतिशत और उत्तर प्रदेश के मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर 65.35 प्रतिशत मतदान हुआ।

## अमेरिका ने 104...

और पांच साल की उम्र के दो बच्चे शामिल हैं। कुल 104 यात्रियों में से 12 प्रवासी 16 साल से कम के है, जिनमें चार और पांच साल के दो बच्चे भी शामिल हैं। एक चार साल का बच्चा गुजरात के मेहसाणा का रहने वाला है। विमान में सबसे उम्रदराज यात्री मुंबई के 44 वर्षीय गुरविंदर सिंह हैं। पंजाब के 30 मूल निवासियों में से सबसे ज्यादा छह लोग राज्य के दोआबा के एनआरआई बेल्ट में कपूरथला जिले के हैं। पांच निर्वासित अमृतसर के निवासी हैं, चार-चार जालंधर और पटियाला से, दो-दो होशियारपुर तथा लुधियाना और शहीद भगत सिंह नगर से और एक-एक फतेहगढ़ साहिब, मोहाली, संगरूर, गुरदासपुर और तरनतारन से हैं।

## भगदड़ से नहीं, हार्ट ...

खराब होने पर इन्हें इलाज हेतु अस्पताल लाया गया था, जहां चिकित्सकों द्वारा इन्हें मृत घोषित कर दिया गया। श्री राय की पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार इनकी मृत्यु हार्ट अटैक के कारण होना पाया गया। इसलिये भगदड़ में घायल होने के कारण इनकी मृत्यु होने सम्बन्धी कथन पूर्णतया असत्य है। उप निरीक्षक श्री अंजनी कुमार राय के दुःखद निधन से समस्त उप्र पुलिस परिवार मर्माहत है। दिवंगत उनि को सद्गति व उनके परिजनों/प्रियजनों के संबल हेतु हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं। गौरतलब है कि मौनी अमावस्या स्नान पर्व पर संगम नोज के पास मची भगदड़ में 30 श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गयी थी जबकि 60 अन्य घायल हो गये थे।

## अयोध्या के...

पुलिस मिल्कीपुर में मतदाताओं के आईडी कार्ड चेक कर रही है, जिसमें पुलिस के बड़े अधिकारी भी शामिल हैं। ये अप्रत्यक्ष रूप से मतदाताओं में भय उत्पन्न करके मतदान को प्रभावित करने का लोकतांत्रिक अपराध है। उन्होने चुनाव आयोग से अपील की कि ऐसे लोगों को तुंरत हटाया जाए और दंडात्मक कार्रवाई की जाए। उधर, पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार नं बताया कि सभी मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान हुआ और कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। संवेदनशील मतदान केंद्रों पर अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया था। तीन लाख 70 हजार 829 मतदाताओं वाली मिल्कीपुर विधानसभा में उपचुनाव के लिए मतदान शुरू होने के कुछ ही समय बाद बूथों पर मतदाताओं की लंबी कतार देखी गयी। बड़ी संख्या में उत्साहित वोटर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए पहुंचे। सपा के अवधेश प्रसाद के लोकसभा के लिये निर्वाचित होने के बाद रिक्त हुयी विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव में वैसे तो दस प्रत्याशी चुनाव मैदान में है मगर मुख्य मुकाबला भाजपा के चंद्रभानु पासवान व सपा सांसद अवधेश प्रसाद के पुत्र एवं पार्टी प्रत्याशी अजीत प्रसाद के बीच है अयोध्या से समाजवादी पार्टी सांसद अवधेश प्रसाद ने अपने आवास पर अयोध्या के इनायतनगर पर हनुमान चालीसा का पाठ कर अपने पुत्र अजीत प्रसाद की जीत की कामना की। विधानसभा में 255 मतदान केंद्र और 414 मतदेय स्थल बनाये गये थे जिसके लिये 71 मतदान केंद्र पर माइक्रो ऑब्जर्वर, नौ टीम उड़नदस्ता, नौ टीम स्टेटिक निगरानी टीम रही। छह टीम वीडियो निगरानी के लिये तैनात की गयी थी। मतदान के लिये दो सुपर जोनल मजिस्ट्रेट और चार जोनल मजिस्ट्रेट तैनात थे।

## सुरक्षा एजेंसी घुसपैठ...

सचिव, आसूचना ब्यूरो के निदेशक, जम्मू और कश्मीर के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक सहित गृह मंत्रालय और जम्मू कश्मीर प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

# महाकुम्भ मेला क्षेत्र में कई देशों के बौद्ध भिक्षुओं ने निकाली शोभायात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महाकुम्भ नगर । प्रयागराज महाकुम्भ में दुनिया के कई देशों से आये बौद्ध भिक्षुओं ने बुद्धं शरणं गच्छामि, धम्मं शरणं गच्छामि, संघम शरणम गच्छामि के संदेश को जन–जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से बुधवार को शोभायात्रा निकाली।

शोभायात्रा महाकुम्भ मेला क्षेत्र के सेक्टर 17 के अखिल भारतीय संत समागम स्थल से अवधेशानंद गिरि महाराज के शिविर तक निकाली गयी। शोभायात्रा के माध्यम से बौद्ध भिक्षुओं ने यह संदेश दिया कि बौद्ध व सनातनी एक थे, एक हैं और एक रहेंगे। रास्ते में भगवान बुद्ध की करुणा हो, सम्राट अशोक अमर रहें के गगनभेदी नारे लग रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन धर्म संस्कृति संगम के बैनर तले किया गया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य इन्द्रेश कुमार ने कहा कि यह कार्यक्रम बौद्ध एवं सनातन के बीच राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आपसी समन्वय, समता, समरसता, सद्भाव एवं करुणा मैत्री विकसित करने के उद्देश्य से किया गया है। हिंसा मुक्त, दंगा मुक्त, धर्मान्तरण मुक्त भारत बने। हम सब सुखी रहें। मानवता से परिपूर्ण राष्ट्र बनें। हम एक रहेंगे तो सुरक्षित रहेंगे और दुनिया को अच्छाई का मार्ग दिखा सकेंगे।

शोभा यात्रा में बौद्ध की सभी परम्पराओं को मानने वाले बौद्ध भिक्षु, भंते व लामा शामिल रहे। नेपाल, भूटान, म्यामांर, श्रीलंका, तिब्बत, जापान, कोरिया, कंबोडिया, लाओस व वियतनाम समेत कई देशों के बौद्ध भिक्षु शामिल रहे। शोभायात्रा में भंते बुद्ध प्रिय विश्व, भंते राजकुमार श्रावस्ती, भंते अवश्वजीत प्रतापगढ़, भिक्षुणी सुमेन्ता, भंते अनुरुद्ध कानपुर, भंते संघप्रिय रीवा मध्यप्रदेश, भंते बोधि रक्षित, भंते धम्म दीप औरैया, भंते बोधि रतन मैनपुरी व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्र प्रचारक अनिल जी और काशी प्रांत के प्रान्त प्रचारक रमेश और भंते रतन शामिल रहे।

# अखाड़े सनातन धर्म की परंपराओं के अनुरूप करते हैं सभी कार्य : श्रीमहंत रवींद्र पुरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुम्भ नगर । प्रयागराज, महाकुंभ में निरंजनी अखाड़े के संत महापुरुषों ने संगम पर तीन शाही स्नान के पश्चात गुरु परम्परा के अनुसार चौथे स्नान को पुलिस प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था के बीच पूर्ण किया। इस अवसर पर निरंजनी अखाडे के संत महापुरुषों और श्रद्धांलुओं के बीच धार्मिक उत्साह और आस्था का संचार ''ओम पार्वती पतय, हर हर महादेव'' के जयकारों मे नजर आया। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मां मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष श्रीमहंत रवींद्र पुरी महाराज ने कहा कि प्रयागराज महाकुम्भ मे चौथा स्नान विशेष रूप से अखाड़े के संत महापुरुषों ने श्रद्धां भाव से किया। उन्होंने कहा की अखाड़े सनातन की गुरु परंपराओं के अनुरूप अपने सभी कार्य करते हैं। क्योंकि महाकुंभ आस्था, श्रद्धा और विश्वास का संगम है। निरंजनी अखाड़े के सचिव श्रीमहंत राम रतन गिरी ने बताया कि गुरु परंपरा के अनुसार तीन शाही स्नान के पश्चात अखाड़े के तीन सचिव, 16 थानापति और महामंडलेश्वर स्वामी महेशा नन्द के साथ अखाड़े की पारंपरिक ध्वजा और बैंड बाजो के साथ संगम पर चौथे स्नान को आस्था, श्रद्धा और विश्वास के साथ पूर्ण किया। इस अवसर पर महामंडलेश्वर स्वामी प्रेमानंद पुरी (अर्जी वाले हनुमान जी, उज्जैन) श्रीमहंत शंकारा नन्द सरस्वती, महामंडलेश्वर स्वामी ललितानंद गिरी, महामंडलेश्वर स्वामी अनंतानन्द, महंत ओमकार गिरी, महंत दिनेश गिरी, महंत राधे गिरी, महंत नरेश गिरी, महंत राकेश गिरी, और स्वामी राजगीरी के संग अनेक संत महापुरुष मौजूद रहे।




**कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच निरंजनी अखाड़े के संत महापुरुषों ने किया चौथा स्नान**

## दिल्ली/बिहार/पंजाब

## संक्षिप्त समाचार

### महाकुम्भ : मेला क्षेत्र में हुई भगदड़ की घटना के बारे में जानकारी हो तो साझा करें

लखनऊ/महाकुम्भनगर। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार महाकुम्भ के दूसरे अमृत स्नान यानी मौनी अमास्या पर हुई भगदड़ की घटना के तह तक जाने के लिए तथ्य जुटाने में जुटी हुई है। उक्त घटना से संबंधित किसी भी श्रद्धालु के पास हो तो वह 10 दिन की भीतर लखनऊ स्थित न्यायिक जांच आयोग के कार्यालय में जाकर सौंप सकते हैं। जांच आयोग के सचिव ने बुधवार को एक प्रेस विज्ञप्ति के जरिए जानकारी दी है कि प्रयागराज स्थित महाकुम्भ मेला क्षेत्र में 29 जनवरी को हुई भगदड़ की घटना से जुड़ी जो भी जानकारी हो, वो 10 दिन के भीतर शासन को उपलब्ध कराएं। इसके लिए इसके लिए ई–मेल और फोन नम्बर 05222613568 पर दिया गया है। अपना कथन और अधिमानत: शपथ पत्र 10 दिन के भीतर हजरतगंज स्थित विकास भवन में प्रथम तल के कमरा नंबर 108 भेज दे। उल्लेखनीय है कि विगत 29 जनवरी को महाकुम्भ, प्रयागराज में मौनी अमावस्या के दौरान मेला क्षेत्र में हुई भगदड़ की घटना में कतिपय श्रद्धालुओं के सम्बन्ध में घटित अप्रिय घटना की आयोग द्वारा जांच की जा रही है। कुम्भ मेला क्षेत्र में हुई आकस्मिक घटित अप्रिय घटना के सम्बन्ध में न्यायमूर्ति हर्ष कुमार (पूर्व न्यायाधीश, मा. उच्च न्यायालय, इलाहाबाद) की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग का गठन किया गया हैं, जिसमे सदस्य वीके गुप्ता व दिनेश कुमार सिंह है।

### विधायक की पत्नी ने किया नव निर्मित 3 कलामंच का उद्घाटन

पूर्णिया । रुपौली विधायक शंकर सिंह के अनुशंसा पर विधायक निधि से 27 कलमंच का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। उसी कलमंच के निर्माणोपरांत सरस्वती पूजा के अवसर पर सिंघियान, हरनाहा और डुमरा सरस्वती स्थान के निकट कलामंच का उदघाटन करते हुए विधायक शंकर सिंह की पत्नी सह स्थानीय जिला परिषद सदस्य प्रतिमा सिंह ने कहा कि युवाओं की सबसे बडी उम्मीद को पूरा करने में उनके पति खड़ा उतरे हैं। उसमें भी विधायक बनने के महज छः माह के अंदर उनकी मांग को पूरा किया गया है। वह तथा उनके पति विधायक शंकर सिंह हमेशा ही युवाओं के प्रति संवेदनशील रहे हैं।

उनकी मांगों को ठुकराना जैसे लगता है कि अपने बच्चों की इच्छा की पूर्ति नहीं कर सकी। उनसे जो भी बन पडता है, वे उसे पूरा करने में लग जाते हैं। कलामंच आज युवाओं की पहली मांग तो है ही। लेकिन आज जो व्यक्ति बूढ़े हो चुके हैं उनकी भी ये पहली मांग थी उन्होंने भी सभी नेताओं से कलामंच बनाने की मांग की थी। लेकिन किसी ने पूरा नहीं किया। और जब मेरे पति शंकर सिंह जी विधायक चुने गए तो महज 6 माह में ही उनकी मांगों को पूरा कर दिया। आज विधायक जी पटना में हैं लेकिन पूर्व निर्धारित उदघाटन कार्यक्रम तय था, इसलिए विधायक जी ने ये कार्य मुझे सौंपा। समय समय पर इन गांवों में धार्मिक आयोजन होता रहता है, उसमें युवा वर्ग बढ–चढकर भाग लेते हैं तथा कलामंच के माध्यम से अपनी कला को प्रदर्शित करते रहते हैं। युवा ही देश के भविष्य हैं, इसलिए वे हमेशा उनकी इच्छा पूर्ति के लिए लगे रहते हैं। पूरे विधानसभा क्षेत्र में लगभग 27 कलामंत्र का निर्माण कराया जा रहा है।

### सलखुआ के गोसपुर गांव स्थित ठाकुड़बाड़ी से भगवान राधाकृष्ण मूर्ति की चोरी, जांच में जुटी पुलिस

सहरसा। जिले के सलखुआ थाना के गोसपुर गांव स्थित कन्हैया जी ठाकुरबाड़ी से मंगलवार की रात्रि चोरों ने बेशकीमती मूर्तियां चोरी कर ली।घटना की सूचना पर सलखुआ थानाध्यक्ष विशाल कुमार ने बुधवार को गोसपुर ठाकुड़बाड़ी पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल की। इस संबंध में ठाकुर बाड़ी मंदिर के पुजारी स्थानीय राम खेलावन दास ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाना में आवेदन देकर कारवाई की मांग की है।चोरी गई मूर्ति की कीमत लाखों में आंकी जा रही है।बुधवार की सुबह पुजारी राम खेलावन दास ठाकुरबाड़ी पहुंचे तो देखा की मंदिर के ताले टूटे हुए थे।गर्भगृह से भगवान राधा कृष्ण के अष्ट धातु की मूर्तियां गायब थी। सिंहासन खाली पड़ा था। उन्होंने शोर मचाकर आसपास के लोगों को बुलाया।इसके बाद पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि राम कुमार यादव उर्फ कुंवर यादव, पेक्स अध्यक्ष रमन कुमार बब्बू, प्रतिमा दाता सुरेश यादव , राजद युवा प्रखंड अध्यक्ष रणवीर यादव सहित अन्य ग्रामीण आदि ने बताया कि मंगलवार की आधी रात अज्ञात चोरों ने ठाकुरबाड़ी का ताला तोड़कर वेशकीमती अष्टधातु की बनी राधाकृष्ण की मूर्तियां चोरी कर ली। ग्रामीणों ने बताया कि यदि मामले का शीघ्र उद्‌भेदन नहीं होता है तो वे लोग आन्दोलन को बाध्य होंगे।थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है. शीघ्र मामले का उद्‌भेदन कर मूर्ति बरामद कर लिया जाएगा।

### अनियंत्रित बाइक पेड़ में टकराई एक की मौत दूसरा जख्मी

डेहरी आन सोन। रोहतास जिले के नटवार थाना क्षेत्र के दिनारा नटवार पथ पर मौडिहरा गांव के मोड़ के पास आज संध्या अनियंत्रित बाइक पेड़ में टकरा गई। जिससे एक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के अनुसार मृतक असिया टोला निवासी विजय चौधरी का 18 वर्षीय पुत्र सचिन कुमार तथा घायल अशोक सिंह का पुत्र विकास कुमार बताया जाता है। थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि दोनों युवक सरस्वती पूजा विसर्जन में गए थे। जहां बाइक से नटवार बाजार जाने के क्रम में मौडिहरा गांव के मोड़ के पास अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकरा गई। जिससे सचिन कुमार की मौत हो गई। टक्कर इतना जबरदस्त हुआ कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय लोगों के सूचना पर घटनास्थल पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले आवश्यक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए सासाराम भेज दिया है। जबकि गंभीर रूप से घायल विकास कुमार को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दिनारा में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सासाराम रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने घटनास्थल से बाइक को जब्त कर लिया है।इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है।

# केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने किया मतदान कहा–दिल्ली में अगली सरकार भाजपा की

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली । केंद्रीयमंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आज सुबह सपत्नीक दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए मतदान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा, ''यह कोई सामान्य चुनाव नहीं है बल्कि ये खास है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की योजनाओं को इन्होंने (आआपा) दिल्ली में लागू ही नहीं होने दिया। मुझे पूरा विश्वास है कि आठ फरवरी को जब नतीजे आएंगे तो भाजपा यहां (दिल्ली विधानसभा) का दायित्व संभालेगी। दिल्ली को एक शानदार राजधानी बनाने का काम हम फिर से शुरू करेंगे।

अभी तक मतदान करने वाले नेताओं व अन्य हस्तियों में प्रमुख हैं-राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल, नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार प्रवेश वर्मा, दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना, दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा, चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू, विदेश मंत्री एस जयशंकर और दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा। भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि लंबे वर्षों का संघर्ष आज खत्म हो जाएगा। दिल्ली में डबल इंजन की सरकार बनेगी और विकसित दिल्ली बनाने के लिए आज दिल्ली की जनता वोट करेगी। दिल्ली में अरविंद केजरीवाल अपनी हार को निश्चित मानकर गुंडागर्दी कर रहे हैं। रात हमने देखा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री अतिशी मार्लेना का सहयोगी पांच लाख रुपये के साथ पकड़ा गया। भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने एक्स पर कहा, ''दिल्ली में लोकतंत्र का महापर्व है। इसलिए मैं दिल्ली के देवतुल्य मतदाताओं से प्रार्थना करती हूं कि कृपया अपने घरों से निकलें, मतदान केंद्रों तक आएं। विकसित भारत की विकसित राजधानी के लिए आपका ये योगदान बहुत अनिवार्य और महत्वपूर्ण है। नई दिल्ली विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार प्रवेश वर्मा ने एक्स पर कहा, ''मेरी अपील है कि कृपया घरों से बाहर निकलें और ज्यादा से ज्यादा मतदान करें। दिल्ली देश की राजधानी है इसलिए हमें दिखाना है कि दिल्ली सबसे आगे है। ज्यादा से ज्यादा मतदान करें और पुराने सभी रिकॉर्ड तोड़ें। प्रधानमंत्री मोदी के विजन में एक ऐसी सरकार बनेगी जो उनकी सभी योजनाओं को यहां लेकर आएगी।



## तीन साल पहले विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान के सौंपे आवासित बच्चे के माता पिता को डीएम ने सौंपा एडॉप्शन सर्टिफिकेट

अररिया। अररिया के विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान में आवासित एक बच्ची को 23 दिसम्बर 2024 को बैंगलौर निवासी सिंगल माता को दत्तक ग्रहण अधिनयम 2022 के नियमानुसार दत्तक ग्रहण पूर्व पालन पोषण के लिए डीएम अनिल कुमार द्वारा सौंपा गया था। सही ढंग से लालन पालन के बाद आज जिलाधिकारी द्वारा समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उस सिंगल माता को फाइनल एडॉप्शन का प्रमाण पत्र सौंपा गया। इस क्रम में जिलाधिकारी द्वारा बच्चे का विशेष ख्याल रखने के साथ साथ-साथ दत्तक ग्रहण नियमों का पालन भी करने को कहा। इस अवसर पर सहायक निदेशक जिला बाल संरक्षण इकाई शंभू रजक, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग-सह- सदस्य बाल कल्याण समिति नितेश कुमार पाठक एवं अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

# हुंडी कारोबारी से हुई लूट की घटना का पुलिस ने 30 घंटे बाद किया उद्‌भेदन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूर्वी चंपारण । घोड़ासहन रेलवे स्टेशन के निकट बीते सोमवार की सुबह घोड़ासहन बाजार निवासी अजय कुमार समदर्शी उर्फ पुप्पू से हुई 1.15 लाख लूट की घटना का बुधवार को पुलिस ने उद्‌भेदन कर लिया है। एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर में सिकरहना डीएसपी अशोक कुमार के नेतृत्व में घोड़ासहन थाना पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान के बाद अलग-अलग जगहों पर छापेमारी करते हुए घटना कारित करने वाले दो अप्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तो की निशानदेही पर दो पिस्टल एवं दो जिंदा कारतूस एवं लूट के 15 हजार रुपया एवं घटना में प्रयुक्त काले रंग की अपाची बाइक को भी बरामद किया है। सिकरहना डीएसपी अशोक कुमार ने पत्रकारो को बताया कि घटना में चार अपराधी संलिप्त थे। जिसमें दो को गिरफ्तार किया गया है। बताया कि तकनीकी अनुसंधान के आधार पर पुलिस ने जितना थाना थाना क्षेत्र के झझरा गांव निवासी सन्नी कुमार को गिरफ्तार किया गया, जिसकी निशानदेही पर पुलिस ने कस्वा कदमवा गांव निवासी उज्ज्वल श्रीवास्तव को गिरफ्तार किया गया। दोनों के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त पिस्टल,गोली,बाइक को अलग-अलग जगहों से बरामद किया गया है। जबकि लूट का रुपया उन दोनो के पास से बरामद किया गया है।

डीएसपी ने बताया की पकड़े गए बदमाश घटना में अपनी संलिप्ता स्वीकार करते दो अन्य साथी के नामों का खुलासा किया है जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। वही घोड़ासहन थनाध्यक्ष अनुज कुमार पांडेय ने बताया कि पकड़े गए बदमाश उज्ज्वल पूर्व में जेल जा चुका है। छापेमारी टीम में छौड़ादानों इंस्पेक्टर रंजय कुमार, इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष अनुज कुमार पांडेय,अपर थानाध्यक्ष विकास कुमार,पुअनि मधुकर कुमार,प्रतिभा रानी पांडेय,प्रीति कुमारी एवं सशस्त्र बल शामिल रहे।

# बिहार एनडीए दल के नेताओं दिखायी एकता लक्ष्य की ओर निरंतर आगे बढ़ने का किया दावा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना । एनडीए दल के नेता 2025 में होने वाले विधान सभा चुनाव को लेकर कमर कस लिया है और समय समय पर अपने एकता का परिचय देते रहते है। इस क्रम में बुधवार को जदयू कार्यालय में एनडीए दल के प्रदेश अध्यक्षों ने एक संयुक्त प्रेस वार्ता की, जिसमें सभी ने चट्टानी एकता के साथ लक्ष्य की ओर निरंतर आगे बढ़ने का दावा करते हुए विपक्ष इस चुनाव में बड़ी पटखनी देने की बात कही। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशावाहा ने कहा कि अब तक 2 चरणों में हुए एनडीए सम्मेलन के दौरान तमाम एनडीए कार्यकर्ताओं का आत्मविश्वास, उल्लास और शानदार उपस्थिति देखकर हमें पूर्ण विश्वास है कि 2025 में विपक्षी गठबंधन एक-एक सीट के लिए तरस जाएगा। मोदी-नीतीश की बेजोड़ और बेमिसाल जोड़ी के प्रति आम-जनता में जबरदस्त उत्साह है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सत्य के उपासक थे और उनकी कर्मभूमि से एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन का आगाज इसी संकल्प के साथ हुआ है कि झूठ फैलाने वाली ताकतों का मंसूबा ध्वस्त करना है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि '2025 में 225 और फिर से नीतीश' के मिशन को आम जनता का भरपूर समर्थन प्राप्त हो रहा है।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल ने कहा कि एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन को उम्मीद से अधिक सफलता मिल रही है। कड़ाके की ठंड में कार्यक्रम शुरु हुआ था लेकिन अब धीरे-धीरे मौसम और माहौल में गर्मी बढ़ने लगा है। एनडीए के कार्यकर्तागण भगवान सूर्य से ऊर्जा प्राप्त कर चट्टानी एकता के साथ लक्ष्य की ओर निरंतर आगे बढ़े रहे हैं।

# मुख्यमंत्री ने मुंगेर जिले को दी 438 करोड़ रुपये से अधिक की सौगात

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना,। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज प्रगति यात्रा के चौथे चरण में मुंगेर जिले के सदर प्रखंड के चड़ौन गांव में 438.51 करोड़ रुपये की कुल 160 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उ?द्घाटन एवं शिलान्यास किया। इसमें 148.40 करोड़ रुपये की 73 योजनाओं का उद्घाटन और 290.12 करोड़ रुपये की 87 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। मुख्यमंत्री अपनी यात्रा के दौरान मुंगेर जिला के तारापुर प्रखंड में विभिन्न विकासात्मक कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने रणगांव में मध्य विद्यालय, आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र तथा जीविका पुस्तकालय का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली और बच्चों से बात कर उनका उत्साहवर्द्धन किया। मुख्यमंत्री ने वहां जल-जीवन-हरियाली अभियान के अंतर्गत बनाए गए तालाब का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने वहां विभिन्न विभागों की योजनाओं के लाभुकों को सांकेतिक चेक भी प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने तारापुर प्रखंड के वंशीपुर गांव में प्रस्तावित रिंग रोड (तारापुर बाईपास पथ) का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान इसके निर्माण कार्य के बारे में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। इस पथ की कुल लंबाई 07 किमी. होगी। यह प्रस्तावित पथ सुल्तानगंज-तारापुर-बेलहर (स्टेट हाईव-22) के 18 किमी. पूरब एवं नहर के समानांतर नहर पथ्थ एवं निजी भूमि होते हुए मोहनगंज तक तथा पुनः मोहनगंज से ग्रामीण कार्य विभाग के पथ होते हुए तारापुर चौक से आगे सुल्तानगंज-तारापुर पथ के 22 किमी में बिहमा बाजार के पास मिलेगी। इस बाईपास के निर्माण से तारापुर चौक के पास लगनेवाली जाम की समस्या से मुक्ति मिलेगी। इसके पश्चात मुख्यमंत्री हवेली खड़गपुर प्रखंड के ऋषिकुंड पर्यटक स्थल पहुंचे और वहां भ्रमण कर वहां के संबंध में अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को प्रस्तुतीकरण के माध्यम से ऋषिकुंड पर्यटक स्थल के विकास की रूपरेखा के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063